दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 150 | जयपुर | शनिवार, 05 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# वक्फ संशोधन बिल राज्यसभा से पास

## यह बड़ा सुधार, ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा : मोदी

## पक्ष में 128 व विरोध में 95 वोट पड़े




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल गुरुवार देर रात को 12 घंटे से ज्यादा लंबी की चर्चा के बाद राज्यसभा से भी पास हो गया। बिल के पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। इससे पहले बुधवार को लोकसभा में यह बिल 12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास जाएगा। उनकी स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ संशोधन बिल के पास होने को एक बड़ा सुधार बताया।

उन्होंने शुक्रवार सुबह एक्स पर लिखा कि यह कानून ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा और गरीब-पसमांदा मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगा। इससे पहले बिल पर चर्चा के दौरान बीजू जनता दल ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी नहीं किया था। पार्टी ने कहा था- सांसद अपनी अंतरात्मा की सुनें और वक्फ बिल पर फैसला लें। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने चर्चा के दौरान कहा- वक्फ ने एक बार ताजमहल पर भी दावा कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी। इधर, विपक्ष वक्फ संशोधन बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा- संविधान की रक्षा के लिए हर मंच पर आवाज उठाते रहेंगे। वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद आज पहला जुमा है। यूपी के कई शहरों में तनाव के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया। दिल्ली, मुंबई सहित देश के दूसरे शहरों में भी पुलिस हाई अलर्ट पर हैं।

### पीएम मोदी ने कहा-

वक्फ संपत्तियों में सालों से गड़बड़ी हो रही थी, जिससे खासतौर पर मुस्लिम महिलाओं और गरीबों को नुकसान हुआ। यह नया कानून इस समस्या को दूर करेगा।

### मेरे पास वक्फ की एक इंच जमीन नहीं : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार का इरादा ठीक नहीं है। वक्फ लैंड किसको देंगे यह सामने नहीं आया। व्यापारियों को देंगे...मुझे पता नहीं। अंबानी-अडाणी जैसे लोगों को खिलाएंगे। मैं गृहमंत्री से अपील करूंगा कि आप इसे वापस ले लें। इसे प्रेस्टीज ईश्यू न बनाएं। मुसलमानों के लिए ये अच्छा नहीं है। संविधान के खिलाफ है। अनुराग ठाकुर आरोप लगाते हैं कि मेरे परिवार के पास वक्फ की जमीन है। मैं बताना चाहता हूं कि मेरे पास वक्फ की एक इंच भी जमीन नहीं है। अनुराग या तो इस आरोप को साबित करें या इस्तीफा दें। खड़गे बोले- विपक्ष के सभी लोगों ने बिल को स्वीकार नहीं किया। इसका मतलब इसमें खामिया हैं। जिसकी लाठी उसकी भैंस ये हर वक्त ठीक नहीं। ये दान देने और दान लेने का मामला है। दान देने वाला किसी भी धर्म का हो सकता है। इन्हें ध्यान में रखने की जगह आपने माइनॉरिटीज के हकों को छीनने की कोशिश की है।

### संजय राउत ने कहा- मुस्लिमों की इतनी चिंता जिन्ना ने भी नहीं की थी



शिवसेना सांसद संजय राउत ने बिल के खिलाफ में कहा कि आपको मुस्लिमों की चिंता कब से होने लगी। आप लोग उनको चोर बोलते हो, बोलते हो की मुस्लिम आपकी जमीन छीन लेंगे, गले की चेन छीन लेंगे। 40 हजार कश्मीरी पंडितों की जमीन वापस नहीं मिली और चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा किया है। सरकार को उस जमीन की चिंता करनी चाहिए।

### कानून में ट्रांसपेरेंसी, अकाउंटेबिलिटी एक्यूरेसी केंद्रित बदलाव : रिजिजू

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। जेपीसी के बाद बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। संशोधित बिल में हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। रिजिजू बोले- वक्फ बिल के ओरिजिनल ड्राफ्ट और अब के ड्राफ्ट को देखें तो कई चेंज हमने किए हैं। यह चेंज सबके सुझाव से ही हुए हैं। जेपीसी में ज्यादातर लोगों के सुझाव स्वीकार हुए हैं। सारे सुझाव स्वीकार नहीं हो सकते। ये लोकतंत्र का नियम है, जिसका बहुमत होता है, वही सरकार बनाता है।

**लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित-**शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही 31 जनवरी से शुरू हुए बजट सत्र का समापन हो गया। स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि इस सत्र में वक्फ बिल समेत 16 विधेयक पास किए गए। सदन की प्रोडक्टिविटी 118% रही। वहीं, बिरला ने वक्फ बिल को लेकर सोनिया गांधी को नसीहत दी। इस पर विपक्षी सांसदों ने बिरला के खिलाफ नारेबाजी की। सोनिया ने बिल के पास होते वक्त संसदीय प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे।

**उम्मीद है सदन इस बिल का समर्थन करेगा : नड्डा -**राज्यसभा में वक्फ बोर्ड बिल के पक्ष में जेपी नड्डा ने कहा कि, हमें उम्मीद है सदन इस बिल का समर्थन करेगा। 2013 में उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) बिल के लिए जब जेपीसी बनी थी, तब उसमें 13 सदस्य थे। मोदी सरकार में बनी जेपीसी में 31 सदस्य थे। डेमोक्रेसी का मानक यह नहीं कि हम आपकी ही बात मानें। वाद-विवाद तर्क पर होगा।


**लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित-**शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही 31 जनवरी से शुरू हुए बजट सत्र का समापन हो गया। स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि इस सत्र में वक्फ बिल समेत 16 विधेयक पास किए गए। सदन की प्रोडक्टिविटी 118% रही। वहीं, बिरला ने वक्फ बिल को लेकर सोनिया गांधी को नसीहत दी। इस पर विपक्षी सांसदों ने बिरला के खिलाफ नारेबाजी की। सोनिया ने बिल के पास होते वक्त संसदीय प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे।


## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 8 राज्यों में प्रदर्शन

### कोलकाता-अहमदाबाद में पोस्टर जलाए; यूपी में बिल का समर्थन करने पर नमाजी को पीटा





वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। उनके बहनोई को पीटा गया।


गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं।

रांची में भी हंगामा हो रहा है। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

## अमेरिकी टैरिफ के बाद टूटे सोने-चांदी के दाम

### 4500 रु सस्ती हुई चांदी
### 92,800 पर पहुंचे सोने के दाम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ ने शेयर बाजार के साथ - साथ सोने की चढ़ती कीमतों को भी नीचे ला दिया है। भारतीय बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इसके बाद चांदी प्रति किलो की कीमत में जहां 4500 रुपए की गिरावट हुई है। वहीं, स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर 92 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारी सुशील रजावत ने बताया- ट्रंप ने भारत सहित दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाया है। 2 अप्रैल को उन्होंने इसकी घोषणा की और तुरंत इसका असर दुनियाभर के बाजारों पर देखने को मिल रहा है। इससे भारतीय शेयर बाजार के साथ ही सर्राफा बाजार भी प्रभावित हो रहा है। यही कारण है कि शुक्रवार को अचानक जहां चांदी की कीमत में 4500 रुपए की गिरावट हुई है। वहीं, शिखर पर पहुंच चुकी सोने की कीमत 1000 रुपए टूटकर 92 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में अगर दुनिया भर के बाजार में इसी तरह के हालात बरकरार रहे तो सोने की कीमत में भी बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। जबकि चांदी की कीमत टूटकर 90 हजार पर पहुंच सकती है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 92 हजार 800 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 86 हजार 500 रुपए पहुंच गई है।

## पीएम मोदी ने यूनुस से बांग्लादेश में चुनाव कराने को कहा




बढ़ता राजस्थान

**बैंकॉक (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराने की अपील की। साथ ही संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने के लिए भी कहा है।

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-यूनुस से मुलाकात को लेकर जानकारी दी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मोदी ने यूनुस से कहा कि लोकतंत्र में चुनाव बहुत जरूरी हिस्सा है। पीएम ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में जल्द ही लोकतांत्रिक और स्थायी सरकार देखेंगे। दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी ने इस मुद्दे को खुलकर सामने रखा। यूनुस ने भरोसा दिया कि बांग्लादेश सरकार अपनी जिम्मेदारियों पर खरी उतरेगी। दोनों नेताओं ने थाईलैंड में बिम्सटेक समिट की साइडलाइन में यह मुलाकात की है। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद पीएम मोदी पहली बार यूनुस से मिले हैं।

### बिम्सटेक डिनर में साथ दिखे थे दोनों नेता

इससे पहले बिम्सटेक डिनर में दोनों नेता एक साथ दिखाई दिए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दोनों के बीच मुलाकात होने का दावा किया था। पीएम मोदी ने बिम्सटेक देशों की 6वीं समिट में भी हिस्सा लिया। इस दौरान थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेइतोंगतार्न शिनवात्रा ने उनका स्वागत किया। इससे पहले उन्होंने आज म्यांमार के मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग से मुलाकात की। इस दौरान मोदी ने म्यांमार में भूकंप की वजह से मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही कहा कि भारत म्यांमार की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

### पीएम मोदी ने वात फो मंदिर के दर्शन किए

बिम्सटेक के बाद पीएम मोदी थाईलैंड के ऐतिहासिक वात फो मंदिर गए। वात फो मंदिर बैंकॉक में स्थित है और अपने विशाल लेटे बुद्ध (रिक्लाइनिंग बुद्धा) प्रतिमा के लिए फेमस है। वात फो थाईलैंड के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसमें 1,000 से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और 90 से अधिक स्तूप हैं।

### यूनुस ने कहा था- भारत का नॉर्थ-ईस्ट लैंडलॉक्ड

यूनुस के पद संभालने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत का नॉर्थ-ईस्ट लैंडलॉक्ड है और उसकी समुद्र तक पहुंच नहीं है। समुद्र तक पहुंचने के लिए बांग्लादेश इस क्षेत्र का मुख्य दरवाजा है। इस बयान को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कड़े शब्दों में जवाब दिया था। जयशंकर ने कहा, हम यह मानते हैं कि सहयोग एक व्यापक चीज है। ऐसा नहीं हो सकता है कि आप सिर्फ अपने फायदे की ही बात करें, बाकी बातों को नजरअंदाज कर दें।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# मां की कोख से जन्म के बाद तक मिले संस्कारों से आत्मा भी परमात्मा बन सकती हैं : मुनि श्री सुप्रभ सागर जी

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** मां की कोख से जन्म के बाद तक मिले संस्कारों से आत्मा भी परमात्मा बन सकती है।भगवान रूप ही तीन लोक में सभी जीवों का कल्याण के लिए होता है।यह उद्गार मुनि सुप्रभ सागर ने शहर के कूंचलवाड़ा रोड जैन कॉलोनी में चल रहे लघु पंचकल्याण एवं नवीन वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के गर्भ एवं जन्मकल्याणक महोत्सव की धर्मसभा में कहे।

उन्होंने कहा जन्म के साथ संतान को संस्कारित करना महत्वपूर्ण है।संस्कार देने में माताओं का बड़ा हाथ होता है।आज की माताएं संतान चाहती है अगर एक संतान पैदा करना है तो तीर्थंकर भगवान की तरह बने ताकि वह जगत का कल्याण करें।अगर संतान को पढा लिखाकर भी संस्कारित नही किया तो वह बेकार है। धन के कारण संताने संसार व संस्कार को भूल रहा है।जबकि संस्कार के माध्यम से ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।ऐसे में मिथ्यात्व नही पुरुषार्थ करना चाहिए।गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ने जन्मकल्याणक भगवान का मनाया जाता है जबकि जयंती महापुरुषों की मनाई जाती है।लेकिन आज जन्मदिन पर दीपक बुझाने की गलत परंपरा चल रही है।आवश्यकता है जन्मदिन पर भगवान की साधना,भक्ति से मनाए और गुरुओं का आशिर्वाद लेना चाहिए।उन्होंने कहा अनंत पापों का नाश भक्ति के माध्यम से हो जाता है।पंचकल्याण में गुरुवार रात को महाआरती, शास्त्र प्रवचन,सौधर्म सभा कुबेर द्वारा नगरी की रचना, सोलह स्वप्न,माताजी का श्रृंगार,अष्टकुमारियो के मां की सेवा आदि कार्यक्रम हुए है।शुक्रवार को जन्म कल्याणक में प्रात:जाप,आराधना, अभिषेक,शांतिधारा नित्य पूजन,गर्भ कल्याणक की पूजन ,तीर्थंकर बालक का जन्म,तीर्थंकर बालक का जन्मोत्सव व बधाईयां,सौधर्म इंद्र को शच्ची इंद्राणी द्वारा प्रथम दर्शन,मुनि श्री की दिव्य देशना,इंद्राणी को प्रथम दर्शन, जन्मकल्याणक जुलूस,पांडुशिला का जन्म अभिषेक की क्रियाएं हुई।वही दोपहर में तीर्थंकर बालक पारस कुमार का श्रृंगार किया गया। शाम को आरती,शास्त्रसभा,रात्रि को आनंदोत्सव,बालक को पालना व बाल क्रीड़ा रहेगी।



### तप व ज्ञान कल्याणक में दिव्य देशना,दीक्षा विधि 5 को

पंचकल्याणक के तीसरे दिन शनिवार को तप व ज्ञान कल्याणक मनाया जाएगा।जिसमे प्रात: जाप्यानुष्ठान,आराधना, अभिषेक व शांतिधारा के बाद जन्म कल्याणक पूजन, हवन,कमठ द्वारा उपसर्ग एवं यक्ष का दिव्य देशना,लौकांतिक देवों द्वारा स्वटन,दीक्षा विधि,अंकन्यास संस्कार रोपण,तिलकदान एवं अन्य क्रियाएं प्राण प्रतिष्ठा , दिव्य देशना,आहार चर्या (पारस कुमार) दोपहर में मंगलकारक जाप,आराधना,अधिवासना सूर्य मंत्र,केवल ज्ञान समोशरण रचना,मुनिराज की देशना,आकर्षण रहेंगे। सांय आरती व शास्त्र प्रवचन होंगे।

## पीएमश्री विद्यालय में मेंटोर - मेंटी कार्यक्रम का आयोजन

बालिकाओं को विभिन्न विषयों व चुनौतियों पर दिया मार्गदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में राजमार्ग स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में शुक्रवार को पीएम श्री योजनांतर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए मेंटोर-मेंटी कार्यक्रम पूर्व सरपंच एलन स्वामी के मुख्य आतिथ्य व प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जहाँ पूर्व सरपंच एलन स्वामी ने बालिकाओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बालिकाओं को पर्यावरण उन्नयन, लैंगिक संवेदनशीलता, तकनीकी विकास व महिला सशक्तिकरण के समक्ष चुनौतियों के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। साथ हि स्वामी ने विद्यालय विकास में सहयोग प्रदान करते हुए कबड्डी मैट सामग्री के लिए 3100 रूपयों की राशि भी प्रदान की।

वहीं विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं एलबीएस पीजी महाविद्यालय की पूर्व महासचिव दीपिका स्वामी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए जीवन में चुनौतियों व आत्मविश्वास के विकास पर चर्चा की और बालिकाओं को अनुशासन के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित कर भय मुक्त होकर आगे बढ़ने की सीख दी गई। संस्था प्रधान बाबूलाल वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जबकि मंच संचालन व्याख्याता मालाराम यादव ने किया। इस दौरान वाईस प्रिंसिपल मनीषा यादव, व्याख्याता प्रकाश गुर्जर, शारीरिक शिक्षक सुरेन्द्र जाट, धोलाराम यादव, निखिल गुप्ता, रामवतार कुमावत, मुकेश कपूरिया, जालिम सिंह, मुकेश जाट, उमाशंकर, निखिल गुप्ता, अरविन्द शर्मा, महावीर शर्मा, रामजीलाल योगी, लक्ष्मीकांत रेवाला, रामावतार स्वामी, हजारी लाल, संजीता देवी, सुनिल कुमारी, रजनी बाला योगी, धन्नी यादव, रजनी चौहान, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

## नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ का रेलमगरा दौरा, विकास कार्यों का लोकार्पण एवं जनसंवाद



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने शुक्रवार को राजसमंद जिले के रेलमगरा क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला अध्यक्ष श्री जगदीश पालीवाल एवं जिला प्रमुख श्रीमती रत्नी देवी जाट भी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान विधायक ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। ओड़ा गाँव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेलमगरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा धीली में उप-स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता को सुनिश्चित करने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। रेलमगरा के स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने नवीन प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन किया तथा विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद रेलमगरा ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ता स्नेह मिलन में भाग लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया।अपने दौरे के दौरान विधायक द्वारा जनसुनवाई का आयोजन भी किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने जल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से जुड़ी समस्याएं सामने रखीं। उन्होंने लोगों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

विधायक श्री मेवाड़ ने कहा कि हर काम को एक-एक करके, व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जाए। अधूरे और बेतरतीब कार्य न केवल विकास में बाधा डालते हैं, बल्कि जनता का विश्वास भी डगमगाता है। हमारी प्राथमिकता है—समयबद्ध, योजनाबद्ध और स्थायी समाधान।

## जियो पॉलीमर तकनीक से जल्दी भर रहे सड़कों के गड्ढे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** बारीश के बाद एवं सामान्य दिनों में सड़कों पर आये दिन होने गड्ढों से न केवल आमजन वरन् नगर निगम एवं नगर विकास प्राधिकरण भी परेशान है। इन पर प्रतिवर्ष करोड़ों रूपयें खर्च करने के बावजूद सड़कों पर पुन:गढ्ढ़े हो जाते है। नेचुरल सेमेको प्रा.लि. कम्पनी जियो पॉलीमर तकनीक के जरिये इस समस्या से निजात दिलानें के लिये प्रयासरत है।

कम्पनी के निदेशक दीपक परिहार ने शुक्रवार को यहां होटल रिजेन्टा सेन्ट्रल में आयोजित एक सेमिनार में बताया कि कम्पनी ने एक अनूठी पहल की है जिसमें सी सी रोड़ मरम्मत के काम करवाये गए इसमें सड़को पर होने वाले गड्ढों को उक्त नयी तकनीक के माध्यम से भरा गया और लगभग 2 घंटे के बाद ही ट्रैफिक को सुचारू किया गया। इस तकनीक को जियो पॉलीमर के नाम से जाना जाता हैं जो की पूरी तरह से पर्यावरण हितेषी हैं। परिहार ने बताया कि इस तकनीक के माध्यम से कम समय में ही सड़कों पर होने वाले गड्ढों को भरा जा सकता हैं। उदयपुर की नेचुरल सिमेको प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की यह तकनीक जिसे जियो पॉलिमर के नाम से जाना जाता हैं इस तकनीक में ग्रीन सीमेंट का उपयोग किया जाता हैं जो कि पूरी तरह से तराई मुक्त हैं। ये पदार्थ पूरी तरह से इको फ्रेंडली अर्थात इसका पर्यावरण पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य तकनीक से गड्ढो की मरम्मत में समय लगता हैं जिससे आम जनता को गर्मी में ट्रैफिक की समस्या





का भी सामना करना पड़ता हैं लेकिन इस तकनीक में कम समय में ही गड्ढो को भरकर ट्रैफिक को सुचारू किया जाता हैं क्योंकि इसमे तराई की ज़रूरत नहीं होती और इसमे सीमेंट जल्दी सुख जाता हैं। इस तकनीक में पानी का उपयोग भी कम होता हैं। सबसे महत्वपूर्ण की यह बहुत मजबूत होता हैं और लंबे समय तक ख़राब नहीं होता हैं। उन्होंने बताया कि हमारी कम्पनी बहुत समय से राजस्थान सरकार के साथ काम कर रही हैं तथा भीलवाड़ा में पहला पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था और आगे भी इस तरीके से राज्य व देश के अन्य शहर में काम किया जाएगा। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि इस सीमेन्ट को बनानें से एयर पॉल्यूशन नही होता है। इस सीमेन्ट को एक घंटे में 5 टन तक बना लेते है। इस तकनीक से गढ्ढे भरने के लिये 180 से 200 डिग्री तक सेल्सियस तापमान रखते है। जयपुर में भी वहां के भीड़ भरे इलाकों में इस तकनीक से चन्द घंटो में गढ्ढे भर दिये थे।

## ताज ने औरेका और आईटीसी को, आरटीसी ने रॉयल एपीएल को हराकर जीते मैच

### अखिलेन्द्र, ओम बड़लियास और अखिलेश को मैन ऑफ द मैच

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ टूरिज़्म कप 2025 के तहत चल रहे क्रिकेट टी 20 के मुकाबले में दी ताज होटल ने ऑरिका होटल को 7 विकेट से, आरटीसी ने रॉयल एपीएल को और दी ताज होटल ने आईटीसी को 50 रन से हराया।

पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी ऑरिका होटल की टीम 19.2 ओवर में 107 रन बनाकर आउट हो गई।ऑरिका होटल की ओर से नरेश सिंधाल ने 41 रनों का योगदान दिया। दी ताज होटल की ओर से अखिलेन्द्र ने 3, कृष, जोरावर सिंह झाला और सुरेश नयागुड़ा ने 2-2-2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में दी ताज होटल में यह मुकाबला 15.4 ओवर में प्राप्त कर लिया दी ताज होटल की ओर से ए के ने 40 और कृष ने 22 रनों का योगदान दिया। ताज होटल के अखिलेन्द्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

रात्रिकालीन मुकाबले में आरटीसी ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। रॉयल एपीएल ने निर्धारित 20 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। रॉयल एपीएल की ओर से मुदित मालवीय ने नाबाद 41 रन और नितिन राठी ने 32 रनों का योगदान दिया। आरटीसी की ओर से सौरभ भटनागर ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाब में आरटीसी ने निर्धारित लक्ष्य को 17.5 ओवर में हासिल कर लिया। आरटीसी की ओर से कप्तान ओम बड़लियास में 57 रन, सूरजप्रीत सोनी ने 37 रन तथा हर्षित धाबाई ने नाबाद 32 रन बनाए। हरफनमौला खेल के प्रदर्शन के आधार पर आरटीसी के कप्तान ओम बड़लियास को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

एक अन्य मुकाबले में ताज होटल ने आईटीसी होटल को 50 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दी ताज होटल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 196 रन बनाए। दी ताज होटल की ओर से कप्तान जोरावर सिंह झाला ने अर्धशतक के साथ 52 रन, अखिलेंद्र ने 46 रन और विनय राणा ने 38 रनों का योगदान दिया। आईटीसी होटल की ओर से धानी ने 3, लक्ष्यमेंद्र सिंह और करण ने 2-2 विकेट प्राप्त किया।

जवाब में आईटीसी होटल की टीम 133 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दी ताज होटल की ओर से अखिलेंद्र ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अभिषेक ने 3 विकेट और सुरेश नयागुड़ा ने 2 विकेट प्राप्त किया। आईटीसी होटल की ओर से लक्ष्यमेंद्र सिंह गहलोत ने अर्धशतक के साथ 56 रन बनाए। शानदार गेंदबाजी के लिए भी ताज होटल के अखिलेश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## राजसमंद झील में सफाई के अभाव में मर रही मछलियां

तालाब के जलघरा घाट इलाके में प्लास्टिक थैली, कचरे में फंसी एक दर्जन मृत नजर आई मछलियां

### क्षेत्र में काई और कचरे के कारण फैल रही दुर्गंध

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला मुख्यालय पर स्थित विश्व प्रसिद्ध राजसमंद झील में सफाई के अभाव के कारण जल प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिससे मछलियों की मौत हो रही है। गुरूवार सुबह जलघरा घाट इलाके में 8 से 10 मृत मछलियां पाई गईं, जो प्लास्टिक और कचरे में फंसने के कारण मर गईं। झील में बढ़ रही काई और गंदगी से आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैल रही है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। यह झील न केवल पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इसी का पानी राजसमंद शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोग किया जाता है। बावजूद इसके सिंचाई विभाग झील की सफाई पर ध्यान नहीं दे रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से झील की सफाई के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो जल प्रदूषण से मछलियों और अन्य जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा बढ़ सकता है।



### जल प्रदूषण की गंभीर स्थिति होगी उत्पन्न

राजसमंद झील में सफाई के अभाव के कारण मछलियां मर रही हैं, जिससे जल प्रदूषण की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। गौरतलब है कि झील का पानी राजसमंद शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोग किया जाता है, जिससे जन स्वास्थ्य को खतरा है। इसके अलावा मंदिर आने वाले पर्यटक इस क्षेत्र में बोटिंग का लुफ्त उठाते हैं, लेकिन गंदगी और दुर्गंध से उन्हें परेशानी हो रही है। झील प्रेमी मनीष पालीवाल ने बताया कि समय रहते राजसमंद झील की यदि शीघ्र सफाई नहीं की गई तो जल प्रदूषण और बढ़ेगा, जिससे जलीय जीवन खतरे में पड़ जाएगा। राजसमंद झील की यह स्थिति स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को दर्शाती है। झील की सफाई तत्काल आवश्यक है ताकि पर्यावरण और जन स्वास्थ्य को बचाया जा सके।

## घोड़े की दुलत्ती से लड़का घायल, उदयपुर रैफर: जबड़ा हुआ फैक्चर, गणगौर की सवारी के दौरान हादसा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में गणगौर की सवारी के दौरान एक 17 साल के लड़के को घोड़े ने दुलत्ती मार दी। दुलत्ती इतनी जोर से लगी कि लड़का वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। उसका जबड़ा फ्रेक्चर हो गया और मुंह से खून निकलने लगी। लड़के का उदयपुर में इलाज चल रहा है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। हादसा नगर परिषद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणगौर महोत्सव के दौरान बुधवार रात हुआ। घायल हुआ यश कामड़ 10वीं का छात्र है।गणगौर महोत्सव के तहत बुधवार को कांकरोली में द्वारिकाधीश मंदिर से मेला ग्राउंड के लिए गुलाबी गणगौर की सवारी निकाली जा रही थी। सवारी के दौरान घोड़े करतब दिखा रहे थे। एक घोड़ा नाचते हुए निकल रहा था। इसका वीडियो बनाता एक छात्र यश यश कामड़ (17) को घोड़े ने युवक दुलत्ती मार दी।

**जबड़ा फ्रैक्चर हो गया** -दुलत्ती मुंह पर लगने से यश वहीं बेहोश होकर गिर गया। उसके चेहरे से खून निकल आया। उसका जबड़ा फ्रैक्चर हो गया। यश को आरके हॉस्पिटल पहुंचाया गया। स्थिति गंभीर होने पर उसे उदयपुर रेफर किया गया। शहर में लगातार तीन दिनों तक निकलने वाली गणगौर की सवारी के दौरान घोड़े से घायल होने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी तीन महिलाओं को घोड़े की वजह से चोटें आई थीं। नगर परिषद प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और हादसे होते रहे। गणगौर की सवारी के दौरान सर्वाधिक संख्या घोड़ों की रही। सवारी में 100 से अधिक घोड़े थे। ये घोड़े सवारी मार्ग में बीच-बीच में घोड़े के करतब दिखाते हैं। मार्ग सकड़ा होने व भीड़ अधिक होने के कारण हमेशा हादसे होने की आशंका रहती है।

## नकबजन गिरोह का पर्दाफाश: एक आरोपी को दबोचा, योजना बनाकर सूने मकानों में करते हैं चोरी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में खमनोर पुलिस ने नकबजन गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश है। खमनोर पुलिस थाना इंचार्ज शैतान सिंह के अनुसार 6 फरवरी को मोलेला गांव में स्कूल के पीछे सुने मकान में बदमाशों ने मकान से बाइक, 15 हजार रुपए नकद व आधा तोला सोने के टॉप्स चोरी कर लिए। इस संदर्भ में मकान मालिक मांगीलाल (48) पुत्र लालू माली निवासी मोलेला ने खमनोर पुलिस थाने पर आठ मार्च को रिपोर्ट पेश की। इसमें बताया कि वारदात के दिन वो परिवार के साथ मजदूरी के लिए मुम्बई गए थे। इस दौरान रात में बदमाशों ने मकान के ताले तोड़ कर बाइक सहित नकदी व सोने के जेवर चुरा लिए।7 फरवरी को उनको चोरी की सूचना अपने रिश्तेदार प्यार चंद से मोबाइल से मिली। समय नहीं मिलने के कारण वह गांव नहीं आ पाया। 28 फरवरी को मोलेला गांव पहुंचा जहां मकान का समान बिखरा हुआ था व बाइक, नकदी व सोने के टॉप्स गायब मिले। जिसके बाद 8 मार्च को मांगी लाल ने खमनोर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस की टीम का गठन कर जांच प्रारंभ की जिस पर पुलिस ने तकनीकी सहायता व मुखबीर की सूचना के आधार पर रमेश गमेती (20) पुत्र भुवना राम गमेती निवासी खुंटा का खेत उखलियात थाना बेकरिया जिला उदयपुर को डिटेन कर पूछताछ की जिस पर आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल की। पुलिस ने आरोपी रमेश को गिरफ्तार कर लिया जबकि पुलिस को अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### वारदात के समय मोबाइल साथ नहीं रखते

पुलिस के अनुसार चोर गिरोह वारदात को अंजाम देने से पहले योजना बनाते। वारदात के समय साथ में मोबाइल फोन नहीं लेकर जाते।





वारदात से पहले दिन में रैकी करते ओर रात्रि को 12 बजे से पहले वारदात को अंजाम देकर चले जाते। वारदात से पहले नकाब पहन कर सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर डिवाइस को तोड़ देते। आरोपी सूने मकानों व मंदिरों को निशाना बनाते। थाना सर्कल में 6 स्थानों पर वारदात को अंजाम दिया जिसमें परावल, उदावतों की भागल, मोलेला, मलीदा, सेमा का गुड़ा, उसरवास में सुने मकान व दुकान शामिल है।

## 4 दिवसीय महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव कार्यक्रम 7 से

### पहली बार उप नगरीय क्षेत्रों में वृहद स्तर पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सकल जैन समाज एवं महावीर जैन जागृति परिषद हिरणमगरी उपनगरीय परिक्षेत्र (सेक्टर 3 से. 8 गायरियावास अरिहन्त नगर मादडी) की ओर से पहली बार 2624 वें भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के 4 दिवसीय विविध कार्यक्रम वृह्द स्तर पर 7 अप्रेल से प्रारम्भ होंगें। डॉ. हिम्मतलाल वया ने आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि कार्यक्रम की इस श्रृंखला का शुभारम्भ 7 अप्रेल को सेवा एवं जीव दया कार्य से आरम्भ होंगे। प्रात: 9 बजे सेक्टर 5 स्थित सेटेलाइट हास्पीटल में मरीजो को फल एवं बिस्कीट वितरण किया जायेगा। तत्पश्चात् गोशाला में गायो को गुड व चारा खिलाया जायेगा तथा दोपहर में अनाथाश्रम में बच्चो को भोजन कराया जायेगा। अरूण बया ने बताया कि 8 अप्रेल मंगलवार को दिन में सेक्टर 4 स्थित जैन स्थानक भवन में महिलाओं द्वारा मेहन्दी एवं चौबीसी का आयोजन किया जायेगा,जिसमें महिलाओ द्वारा भगवान महावीर





की गीत संगीत द्वारा भक्ति भावना की जायेगी। इस कार्यक्रम की संयोजक संगीता बोहरा, उषा मेहता एवं संरिता कावडिया है। सुशील बाठिया ने बताया कि 9 अप्रेल बुधवार को प्रात: जीतो ;श्रप्ज्व्द्ध द्वारा प्रायोजित नवकार महामंत्र जाप एक विश्व एक मंत्र का विश्व रिकार्ड निर्माण का आयोजन किया जा रहा है। विद्या निकेतन स्कूल, सेक्टर 4 में आयोजित इस कार्यक्रम में उदयपुर के सकल जैन समाज की उपस्थिति रहेगी। दिनेश नन्दावत ने बताया कि इसी दिन शाम को 7.30 बजे से परिषद की महिला प्रकोष्ठ द्वारा भव्य सांस्कृतिक संन्ध्या का आयोजन विद्या निकेतन स्कुल सेक्टर 4 किया जायेगा,जिसमें 20 से अधिक महिला मण्डलो द्वारा सुन्दर प्रस्तुतिया दी जायेगी। कार्यक्रम की संयोजक वन्दना बाबेल, उषा कुणावत एवं चंचल माण्डवत है।

आर. सी. मेहता एवं आनन्दीलाल बम्बोरिया ने बताया कि 10 अप्रेल का पूरा दिन ही भगवान महावीर को समर्पित रहेगा। प्रात: 6.30 से 7.30 से जैन स्थानक भवन से. 4 में सामायिक का कार्यक्रम, प्रात: 8 बजे विशाल शोभायात्रा एवं वाहन रेली विद्या निकेतन स्कुल सेक्टर 4 से प्रारम्भ होगी।

# प्रदेश के 12.5 लाख कार्मिक/पेंशनर्स को एक क्लिक पर मिलेगी जीपीएफ और राज्य बीमा खातों की जानकारी

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया एसआईपीएफ विभाग द्वारा विकसित चैटबॉट का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश के लगभग 12.5 लाख कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को जीपीएफ और राज्य बीमा खातों की जानकारी अब एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगी । राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा विकसित चैटबॉट के माध्यम से उन्हें यह जानकारी प्राप्त होगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय से इस चैटबॉट का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा किया गया यह नवाचार राज्य के लाखों कार्मिकों और पेंशनर्स के लिए ऋण आदि की सुविधा में साहूलियत देने वाला महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार द्वारा सूचना तकनीक एवं अन्य नवाचारों के द्वारा जन-सुविधाओं को सुलभ करने की दिशा में कदम उठाये जा रहे है। उसी कडी में यह महत्वपूर्ण पहल है।

### ऋण की पात्रता, खाते की राशि आदि जानकारी एक क्लिक पर-

शासन सचिव वित्त (व्यय) नवीन जैन ने बताया कि विकसित किये गए एआई आधारित चैटबॉट के माध्यम से एसआईपीएफ मोबाईल एप, वेबसाईट एवं पोर्टल पर हिंदी एवं अग्रेजी भाषा में राज्य कार्मिक उनके राज्य बीमा एवं जीपीएफ योजना के तहत ऋण एवं आहरण की पात्रता, खाते जमा राशि, मनोनीत व्यक्ति की जानकारी आसानी से तथा किसी भी समय प्राप्त कर सकते है।

उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा पूछे जाने वाले सभी सवाल चैटबॉट पर उपलब्ध होगे, कार्मिक जिस सवाल पर क्लिक करेंगा उसको उसका जवाब तत्काल प्राप्त हो जायेगा। निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग हेमपुष्पा शर्मा ने इस दौरान सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विभाग सभी कार्मिकों का आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा तैयार किए गए ब्राउजर का भी विमोचन किया।इस दौरान संयुक्त शासन सचिव, वित्त (बीमा) धन लाल शेरावत सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



# अब ज़िला कलेक्टर के स्तर से भी खाद्य सुरक्षा सूची में जुड़ और हट सकेंगे नाम

### सभी हकदारों को खाद्य सुरक्षा सूची से जोड़ना हमारा लक्ष्य- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** अब ज़िला कलेक्टर के स्तर से भी खाद्य सुरक्षा सूची में नाम शामिल करने और हटवाने का कार्य सम्पन्न किया जा सकेगा। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर नियमों में प्रावधान किए गए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के मार्गदर्शन में सभी पात्र लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने की दिशा में कार्य कर कर रही हैं। इसी क्रम में ज़िला कलेक्टर को भी एनएफएसए में नए लाभार्थियों को जोड़ने और अपात्रों को हटाने के लिए अधिकृत किया गया है। गोदारा ने कहा कि कई बार रात्रि चौपाल में और जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर के समक्ष ऐसे वंचित आवेदक आते हैं जिन्हें प्रथमदृष्टया खाद्य सुरक्षा के पात्र प्रतीत होने के बावजूद जिला कलेक्टर अपने स्तर से एनएफएसए से जोड़कर लाभान्वित नहीं कर पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर को भी अपने स्तर पर खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने के लिए अधिकृत करने का निर्णय लिया गया है। इससे जिला कलक्टर भी स्वप्रेरणा से या आवेदन प्राप्त होने पर समावेशन और निष्कासन मानदण्डों के आधार पर खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए समुचित आदेश पारित कर सकेंगे।

**नए प्रावधान से पात्रों को मिलेगा लाभ**- गोदारा ने कहा कि ज़िला कलेक्टर को भी एनएफएसए में नाम जोड़ने और हटाने के लिए अधिकृत करने से पूरी प्रक्रिया और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पात्रों के खाद्य सुरक्षा से वंचित होने की संभावना नगण्य हो जाएगी।

# सांगानेर बार एसोसिएशन ने पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश चावला की पत्नी को दी सहायता राशि



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर बार के अध्यक्ष तीरथ नारायण शर्मा और महासचिव ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि सांगानेर कोर्ट के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश चावला जी की आकस्मिक मृत्यु पर उनकी धर्मपत्नी सावित्री को उनके घर जाकर सांगानेर बार के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र ढाका, शिवरतन विजयवर्गीय, वेद प्रकाश शर्मा, विनोद डोवटया, महेश चौधरी, कृष्ण शर्मा की उपस्थिति में अधिवक्ता कल्याण कोष से तीन लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 848वें दिन भी जारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के विरोध में जोधपुरा संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 848वें दिन भी जारी रहा। आगामी 6 अप्रैल को धरणार्थी चौकी गोवर्धनपुरा पुलिया से पैदल यात्रा कर महामृत्युंजय यज्ञ स्थल बालनाथ आश्रम बावड़ी तक पहुंचेंगे।इस दौरान वे गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपेंगे।धरने पर बैठे समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, प्रभुदयाल वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि तीन वर्ष से जारी इस आंदोलन के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। इस मौके पर अनेक ग्रामीण व समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सांगानेर बार द्वारा संभागीय आयुक्त जयपुर को ज्ञापन सौंपा गया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर बार के अध्यक्ष तीर्थ नारायण शर्मा और महासचिव ओम प्रकाश चौधरी ने जानकारी दी कि जनता को सुलभ और न्याय प्रदान करने के लिए सांगानेर उपखंड अधिकारी जयपुर दक्षिण और न्यायालय सहायक कलेक्टर द्वितीय को दो कार्य दिवसों के लिए सांगानेर उपखंड मुख्यालय पर सुनवाई आयोजित करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन देने के लिए सांगानेर के वरिष्ठ अधिवक्ता हुकम चंद पारीक, सुरेंद्र ढाका, वेदप्रकाश शर्मा, शिवरतन विजयवर्गीय, महावीर सुरेंद्र जैन, अमित जैन, विनोद डोयटया, देवेंद्र शर्मा, रामेश्वर शर्मा, महेश चौधरी, कृष्णा शर्मा, रामनरेश शर्मा, शिव सिंह गहलोत और आनंद सिंह यादव उपस्थित रहे।

## विद्युत कंपनियों में निजीकरण की आशंका निराधार

# प्रदेश के विद्युत तंत्र को मजबूत करने के सरकार के प्रयासों में विद्युत कार्मिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण -ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने प्रदेश के विद्युत कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से शुक्रवार को विद्युत भवन में संवाद किया। इस दौरान नागर ने कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों की अपेक्षाओं एवं आशंकाओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत क्षेत्र के निजीकरण की राज्य सरकार की कोई मंशा नहीं है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी ट्रिपिंग के किफायती बिजली मिले और ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बिजली तंत्र को मजबूत करने के सरकार के प्रयासों में विद्युत निगमों के कार्मिक महत्वपूर्ण भागीदार हैं। कार्मिकों के सहयोग से ही राज्य सरकार ऊर्जा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है। उत्पादन के क्षेत्र में जो संयुक्त उद्यम एमओयू किए गए हैं, वे एनटीपीसी, पावर ग्रिड, कोल इंडिया सहित अन्य प्रतिष्ठित केन्द्रीय उपक्रमों के साथ किए गए हैं। इनसे प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा की मांग को बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ पूरा किया जा सकेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वितरण के क्षेत्र में हाईब्रिड एन्युटी मॉडल बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ किसानों को दिन में बिजली की मांग को पूरा करने के दृष्टिगत कारगर कदम है। यह मॉडल विकेन्द्रित सोलर संयंत्रों की स्थापना में बड़ा बदलाव लाएगा। इससे डिस्कॉम्स को ट्रांसमिशन छीजत में कमी के साथ स्थानीय स्तर पर ही उत्पादित सौर ऊर्जा के रूप में सस्ती बिजली मिल सकेगी। इससे वितरण कंपनियों के घाटे को कम करने में मदद मिलेगी। इसी प्रकार प्रदेश के प्रसारण तंत्र को भी योजनाबद्ध रूप से मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऊर्जा क्षेत्र के तीनों आयामों-उत्पादन, वितरण एवं प्रसारण में कर्मचारियों के हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया जाएगा।

विद्युत कार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनकी चिंताओं पर सकारात्मक रुख के लिए ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान चेयरमैन डिस्कॉम्स सुश्री आरती डोगरा, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी सहित विद्युत निगमों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक मामलात विभाग ने ली समीक्षा बैठक

# मिशन मोड पर हो कार्यालयों के आधुनिकीकरण का कार्य- अश्विनी भगत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक मामलात विभाग श्री अश्विनी भगत ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग की बजट संबंधी समीक्षा बैठक ली। श्री भगत ने अधिकारियों को वर्षभर का एक्शन प्लान तैयार कर उसके अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्यालयों के आधुनिकीकरण, कंप्यूटराइजेशन का कार्य मिशन मोड पर होना चाहिए जिससे कर्मचारियों की कार्य कुशलता, उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि हो। अश्विनी भगत ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी वर्ष में होने वाले कार्यों की सख्त मॉनिटरिंग होनी चाहिए तथा फंड भी तभी जारी होंगे जब दस्तावेजी साक्ष्य का कार्य अच्छे से पूरा हो। उन्होंने कहा कि दस्तावेजी साक्ष्य में सर्टिफिकेशन एवं फोटोग्राफ्स संबंधित एजेंसी को उपलब्ध करवाने होंगे।बैठक में अल्पसंख्यक मामलात विभाग के निदेशक श्री मातादीन मीना, प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक मामलात विभाग, वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड श्रीमती रजनी सी सिंह, संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक मामलात विभाग श्रीमती नीतू बारूपाल, अतिरिक निदेशक श्री अबू सूफियान, सचिव, मदरसा बोर्ड श्री चेतन चौहान सहित विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वित्तीय वर्ष 2025–26 में परिवहन विभाग के राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समन्वय से कार्य करें : उपमुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** परिवहन विभाग में गत वित्तीय वर्ष के राजस्व लक्ष्य एवं प्राप्त उपलब्धियों की समीक्षा तथा वित्तीय वर्ष 2025—26 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए रणनीति बनाने के लिए शुक्रवार को सचिवालय में उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन प्रेमचंद बैरवा ने सम्बंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में एटीएस, एडीटीटी तथा डीटीसी की स्थापना एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श किया, जिसमें अब तक हुई सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण करते हुए उनकी रोकथाम हेतु उचित एवं प्रभावी दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जन-जागरूकता अभियानों को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया।

# अनुजा निगम ने आर्थिक कमजोर वर्ग के लिए जारी की ब्याज सहायता योजना की गाइडलाइन

**जयपुर,( का.स. )।** राजस्थान सरकार की 2024-25 की बजट घोषणा की क्रियान्विति में आर्थिक कमजोर वर्ग के परिवारों के आर्थिक उन्नयन हेतु स्वरोजगार, व्यावसायिक गतिविधियों एवं शिक्षा हेतु रियायती ब्याज दर से बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिए अनुजा निगम द्वारा आर्थिक कमजोर वर्ग ब्याज सहायता योजना की गाइडलाइन और संचालन प्रक्रिया जारी कर दी गई है। राजस्थान के मूल निवासी आर्थिक कमजोर वर्ग के 18 से 60 वर्ष तक के व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक न हो, योजना हेतु पात्र हैं। इच्छुक आवेदक विस्तृत जानकारी विस्तृत जानकारी हेतु स्थानीय पंचायत समिति, नगर पालिका,नगर निगम कार्यालय में संपर्क कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# श्री दुर्गा माता मंदिर में विशाल जागरण का आयोजन, भक्तों ने भक्ति में झूमकर लगाया हाजिरी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** कोटपूतली के पूतली रोड स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में सप्तमी के शुभ अवसर पर भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन की व्यवस्था प्रमोद अग्रवाल, पूर्व सीबीईओ सुभाष शर्मा एवं रणधीर राठौड़ के नेतृत्व में की गई।

जागरण में श्री श्याम शक्ति मंडल ट्रस्ट के कलाकारों ने ध्रचलो बुलावा आया है माता ने बुलाया हैध्र सहित कई भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे भक्तगण मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। भजन संध्या में रमेश जिंदल, महेश बंसल, जगदीश तिलकदारी, बब्बल शर्मा, जितेंद्र जोशी, विश्वनाथ सोनी, सियाराम शर्मा और बाबूलाल सैनी समेत अनेक भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुति दी।इस अवसर पर भव्य सजीव झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिनमें माँ दुर्गा, भगवान शिव, श्रीराम, श्रीकृष्ण सहित अन्य देवी-देवताओं की झलकियां देखने को मिलीं। मंदिर महंत पं. योगेश शर्मा ने जागरण में आए सभी श्रद्धालुओं का दुपट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया।मंदिर परिसर को माता रानी के भक्तों ने विशेष रूप से सजाया, और जागरण का शुभारंभ माँ की ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पं. योगेश शर्मा ने घोषणा की कि रामनवमी के दिन कन्या पूजन और हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण होगा।इस कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, डॉ. महेंद्र पलसानियां, ओमप्रकाश बंसल, आशीष शर्मा समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### एसजीएसटी की एन्फोर्समेंट शाखा-प्रथम की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी एवं बिना बिलों के माध्यम से करोड़ों रूपये की टैक्स चोरी के मामले में 1 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** मार्बल एवं ग्रेनाईट उद्योग से संबन्धित आकड़ों को विभागीय बीफा पोर्टल पर विश्लेषण करने पर वाणिज्यिक कर विभाग ने सर्वाधिक फर्जी फर्मों के जीएसटी पंजीयन का निरस्तीकरण मार्बल सिटी किशनगढ़ में होना पाया । राज्य कर, प्रवर्तन शाखा-प्रथम के अतिरिक्त आयुक्त श्री शालीन उपाध्याय ने बताया कि गहन विश्लेषण पर कुछ करदाता फर्मों के द्वारा असामान्य रूप से ई-वे बिलों का सृजन करना एवं उस सप्लाई एवं उसके कर को रिटर्न में घोषित तथा जमा नहीं करना पाया गया है। इन मामलों की गहनता से जॉंच कर प्रवर्तन शाखा-प्रथम ने फर्म मैसर्स श्री श्याम स्टोनेक्स, के प्रोपराईटर दीपक कुमार सेन के व्यवसाय स्थल, निवास एवं फर्म मैसर्स गुप्ता मार्बल एण्ड ग्रेनाईट के व्यवसाय स्थल पर 3 अप्रैल को निरीक्षण किया । इन फर्मों के माध्यम से बिना बिलों के माल को खरीद कर श्री विकास सेन ने फर्जी बिल एवं ई-वे बिल के माध्यम से अथवा बिना बिलों के लगभग 41 करोड़ रूपये के मार्बल एवं ग्रेनाईट को विक्रय किया तथा इस विक्रय पर लगभग 7.45 करोड़ रूपये की टैक्स चोरी जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध किये जाने पर प्रवर्तन शाखा-प्रथम राजस्थान, जयपुर को मुख्य आयुक्त प्रकाश राजपुरोहित ने विकास सेन की गिरफ्तारी आदेश जारी किये।

जयदेव सीएस, विशेष आयुक्त के मार्गदर्शन एवं श्री शालीन उपाध्याय, अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), राज्य कर, प्रवर्तन शाखा-प्रथम, जयपुर के पर्यवेक्षण में भवानी शंकर जोशी, उपायुक्त, वृत-ए, प्रवर्तन शाखा-प्रथम, जयपुर के नेतृत्व में हितेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त ने विकास सेन को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।इस कार्यवाही के सफल क्रियान्वयन में देशराज मीणा सहायक आयुक्त, रेणु जैन सहायक आयुक्त, विवेक कुमार आदित्य, अभिनव शर्मा, अन्नू कंवर, राज्य कर अधिकारी एवं रवि महेन्द्रा कर सहायक टीम में शामिल रहे। प्रकरण में विस्तृत जांच अभी विचाराधीन है।

# प्रेस क्लब नव निर्वाचित कार्यकारिणी की मुख्यमंत्री से मुलाकात

## पत्रकारों की समस्याओं के निदान का दिया आश्वासन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से शुक्रवार को पिंकसिटीप्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा के नेतृत्व में नवनिर्वाचित प्रबन्ध कार्यकारिणी ने शिष्टाचारभेंट कर आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान प्रेस से मिलिए कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री कोप्रेस क्लब में आमंत्रित किया। पत्रकारों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की और ज्ञापनदिया। मुख्यमंत्री ने प्रबन्ध कार्यकारिणी को पत्रकारों की समस्याओं एवं प्रेस क्लबजीर्णोद्वार का आश्वासन दिया।

क्लब महासचिवमुकेश चौधरी ने बताया कि प्रबन्ध कार्यकारिणी के प्रतिनिधि मण्डल ने पत्रकारों केलिए लागू आरजेएचएस के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। चौधरी ने बताया कि अध्यक्षमुकेश मीणा के नेतृत्व में प्रबन्ध कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री को पिंकसिटी प्रेस क्लबजीर्णोद्वार, सोलर प्लांट एवं पत्रकार आवास योजना, अधिस्वीकरण सरलीकरण, पत्रकारसुरक्षा कानून, लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों का संरक्षण एवं नई विज्ञापन नीति लागूकरने का ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सकारात्मकता के साथ पत्रकारों की सभीसमास्याओं के निराकरण का आवश्वासन दिया साथ ही पिंकसिटी प्रेस क्लब जीर्णोद्वारएवं क्लब में सोलर प्लांट स्थापित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रबन्ध क्लबउपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष विकास शर्माएवं प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य मणिमाला शर्मा, ओमवीर भार्गव, दिनेश सैनी, दीपकसैनी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, अनिता शर्मा, निखलेश शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, उमंग माथुर,विकास आर्य उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# टैरिफ की आपदा को अवसर बनाए भारत, द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति से बढ़ना होगा आगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने और व्यापार असंतुलन को दूर करने के नाम पर मित्र और विरोधी, दोनों तरह के देशों पर नई पारस्परिक टैरिफ दरों का एलान किया है। इससे पूरी दुनिया में जबरदस्त हलचल है। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप के इस एलान से दुनिया भर के बाजारों में हाहाकार मचा है। यद्यपि भारत सरकार ने ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत द्वारा टैरिफ संरक्षण के बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर ध्यान दिया जाना कहीं बेहतर होगा। यदि निर्यातों की बात करें तो कुल निर्यातों में से 20 प्रतिशत यानी करीब 80 अरब डालर के निर्यात अमेरिका को होते हैं। ट्रंप की टैरिफ नीति से टेक्सटाइल, आटोमोबाइल पार्ट्स, रत्न और आभूषण और इलेक्ट्रानिक्स एवं कृषि उत्पादों के प्रभावित होने की आशंका है। हालांकि टैरिफ नीति के प्रभाव से अन्य देशों की तुलना में भारत कम प्रभावित होगा। एसबीआई रिसर्च के अनुसार भारत के कुल निर्यात पर प्रभाव 3-3.5 प्रतिशत तक सीमित रह सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि ट्रंप की ओर से छेड़ी गई टैरिफ जंग में भारत के लिए घरेलू मांग, नए व्यापार समझौते और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन एवं रिकार्ड खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात कारगर हथियार दिखाई दे रहे हैं। टैरिफ चुनौतियों के बीच घरेलू मांग भारत की आर्थिक शक्ति है। देश के कुल निर्यात में सेवा निर्यात की करीब 55 प्रतिशत की ऊंची हिस्सेदारी भारत की विशेष ताकत है। भारत के पास बाहरी जोखिम का मुकाबला करने के लिए मजबूत आर्थिक घटक मौजूद हैं। चालू खाते का घाटा नियंत्रित है। विदेशी मुद्रा भंडार 659 अरब डालर के स्तर पर है। महंगाई दर 3.6 प्रतिशत तक आ गई है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है। अर्थव्यवस्था में राजकोषीय अनुशासन है। निजी निवेश बढ़कर 61.49 प्रतिशत हो गया है, जो आर्थिक वृद्धि को गति देगा। बेरोजगारी दर भी घटी है और कंपनियां नई भर्तियों की योजना बना रही हैं। इन सबके साथ-साथ सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर भी वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत के स्तर पर दिखाई दे रही है। हाल में प्रकाशित द राइज आफ मिडिल क्लास इंडिया नामक डाक्यूमेंट के अनुसार भारत में मध्यवर्ग का दायरा तेजी से बढ़कर वर्ष 2021 में लगभग 43 करोड़ हो गया है, जो 2047 तक बढ़कर 102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है। निश्चित रूप से भारत के मध्यवर्ग की बढ़ती क्रय शक्ति और नई पीढ़ी की आंखों में उपभोग और खुशहाली के सपनों के कारण जहां कई देश भारत से आर्थिक-व्यापारिक संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नामी-गिरामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। भारत ट्रंप की टैरिफ नीति के असर से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है।

नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने 26 से 29 मार्च के बीच द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 500 अरब डालर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता की है। सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों यानी एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति पर आगे बढ़ रही है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 5 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


- जेकब रोजरविन ने 1722 में पूर्वी आयरलैंड की खोज की।
- ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने 1843 में हॉगकॉग को ब्रिटिश कॉलनी में शामिल किए जाने की घोषणा की।
- महात्मा गांधी अपने अनुयायियों के साथ 1930 में नमक कानून तोडने के लिए दांडी पहुंचे।
- भारत स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना 1949 को हुई।
- विस्टन चर्चिल ने 1955 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- देश में 1957 में पहली बार और दुनिया में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से केरल में संपन्न चुनाव के बाद कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई और ईएमएस नम्बूदरीपाद ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।
- भारत सरकार की ओर से प्रायोजित पहली 'इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड कंपनी' की स्थापना 1961 में हुई।
- नौसेना ने 1964 में पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया।
- सउदी अरब के राजा फैजल की 1975 में हत्या हुई।
- देश का पहला नौसेना संग्रहालय 1979 में मुम्बई में खुला।
- अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 (अटलांटिस 8) का प्रक्षेपण 1991 में किया गया।
- मलेशिया में हेंड्रा नामक वायरस से बचाव के लिए 1999 से 8 लाख 30 हजार सुअरों की सामूहिक हत्या करने की शुरुआत की गई।
- भारत, म्यांमार व थाइलैंड के बीच 2002 में मोरे-कलावा-मांडले सड़क परियोजना पूरी करने हेतु सहमति।
- अमेरिकी संसद में पाक की आर्थिक मदद में कटौती का प्रस्ताव 2003 में पेश किया।
- सिंगापुर में 45 भारतीयों को आव्रजन अपराधों में 2006 को गिरफ्तार किया गया।
- ईरान ने 2007 में 15 ब्रिटिश नौ सैनिकों को रिहा किया गया।
- पार्वती ओमनाकुट्टन 2008 में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड बनी।
- इराक में हुए 2008 में हुए आत्मघाती हमले में तक़रीबन 10 लोग मारे गए।
- अमेरिकी राज्य वेस्ट वर्जीनिया के कोयला खदान में 2010 को हुए विस्फोट से 22 लोगों की मौत हुयी।
- लोकसभा में फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान विधेयक 2017 में पारित हो गया।

### 5 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- सिक्खों के तीसरे गुरु गुरु अमरदास का जन्म 1479 में हुआ।
- भारत के प्रथम दलित उप प्रधानमंत्री एवं राजनेता बाबू जग जीवन राम का जन्म 1908 में हुआ।
- राजनेता रफ़ीक़ ज़करिया का जन्म 1920 में हुआ।
- ब्रिटिश फुटबॉल खिलाड़ी टॉम फ़िनी का जन्म 1922 में हुआ।
- ब्रिटिश अभिनेता (मिस्टर बेलवेडर) क्रिस्टोफर ह्युएट्ट का जन्म 1922 में हुआ।
- अमेरिकी गायिका और अभिनेत्री गैल स्टोर्म का जन्म 1922 में हुआ।

## विशेष आलेख

# वक्फ विधेयक पर संसद ने अपनी मुहर लगा दी है पर अभी भी कुछ सवाल बाकी है



अशोक भाटिया

**'वाही में जो बातें निकल कर सामने आई उनके अनुसार वक्फ बोर्ड के पास देश के विभिन्न राज्यों में लाखों एकड़ भूमि और संपत्ति है, जिसकी कीमत कई लाख करोड़ रुपये है। संपत्ति का आदान-प्रदान कैसे किया गया था? उसे कौन फायदा पहुंचाता है, इससे आम लोगों को कैसे फायदा होता है, वक्फ जमीन कौन खरीदता है और उसका कारोबार कैसे होता है, यह वर्षों से एक रहस्य बना हुआ था। अब, वक्फ संशोधन विधेयक के साथ, सरकार द्वारा इसकी निगरानी की जाएगी। मुट्ठी भर लोग मनमाने ढंग से करोड़ों रुपये की संपत्ति का लेन-देन नहीं कर सकते।**

वक्फ विधेयक पर ससद न अपनी मुहर लगा दी है। लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी गुरुवार को 12 घंटे से अधिक चली मैराथन बहस के बाद इसे पारित कर दिया गया। विधेयक के समर्थन में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। राज्यसभा में विधेयक को लेकर वैसे तो भारी हंगामा और विपक्ष के कड़े विरोध की उम्मीद थी, लेकिन लोकसभा में विधेयक पारित होने और सरकार की ओर से विधेयक को मुस्लिमों के हित में होने को लेकर जिस तरह के तर्क दिए गए, उससे शायद विपक्ष के हौसले थोड़े पस्त थे। यही वजह थी कि सदन में विधेयक पेश होने के दौरान विपक्ष ने किसी तरह की टोकाटाकी या शोरशराबे से भी परहेज किया।

लोकसभा व राज्यसभा की काय अब तक, वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर किसी का नियंत्रण नहीं था। वक्फ बोर्ड ने भी अपनी जमीन पर दावा किया। वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई भूमि और वक्फ बोर्ड के कब्जे के सैकड़ों मामले आज अदालत में लंबित हैं। कांग्रेस जब सत्ता में थी तो उसने हमेशा वक्फ बोर्ड के पक्ष में ऐसे फैसले लिए थे ताकि मुस्लिम वोट बैंक नाराज न हो। वक्फ बोर्ड के कामकाज को अनुशासित करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और इसके कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए, केंद्र ने वक्फ संशोधन विधेयक लाया और इसे चर्चा के लिए संसद के समक्ष रखा। संशोधन विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की संपत्ति की रक्षा और उचित निपटान करना है। एक बार संशोधन विधेयक कानून बन जाने के बाद, वक्फ बोर्ड सरकारी मशीनरी के माध्यम से अपनी संपत्ति के रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने के लिए बाध्य होगा। रखा जाएगा। वक्फ बोर्ड को अपनी वित्तीय और प्रशासनिक रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करनी होगी। जब संशोधन विधेयक में ये सभी अच्छी बातें हैं तो विपक्षी दल विशेषकर कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सपा सांप की तरह जमीन क्यों खोद रहे हैं? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बार-बार कहा है कि सरकार किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की कोशिश नहीं कर रही है। वहां गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। फिर भी भाजपा विरोधी कह रहे थे कि वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के खिलाफ है। सरकार ने बार-बार कहा है कि धार्मिक संबंधों को उनसे नहीं जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन असदुद्दीन ओवैसी से लेकर अखिलेश यादव तक विपक्षी दलों के नेता मुस्लिम वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए ताहो तोड़ते देखे गए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि मुसलमानों का गुस्सा सड़कों पर प्रकट होगा। वास्तव में, कुछ भी नहीं हुआ। मुसलमान बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य देखभाल चाहते हैं। विपक्ष इसके बारे में एक शब्द नहीं बोलता है। यहां तक कि जब केंद्र सरकार ने सीएए लागू किया, तब भी विपक्षी दलों को डर था कि मुसलमान अपनी नागरिकता खो देंगे। लोकसभा में ही जब अमित शाह ने यह सवाल पूछा तो हर कोई विपक्ष की बेंच पर चुपचाप बैठा दिखाई दिया। यहां तक कि जब तीन तलाक प्रथा को खत्म कर दिया गया था, तब भी विपक्षी दलों ने मोदी सरकार और भाजपा पर मुस्लिम विरोधी होने और मुसलमानों के धार्मिक मुद्दों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था। वक्फ संशोधन विधेयक इस बात का एक और उदाहरण है कि वे कैसे एकजुट होते हैं। सरकारी संपत्ति पर अब वक्फ का स्वामित्व नहीं रहेगा। यदि संपत्ति का विवाद है, तो जिला मजिस्ट्रेट के पास अब इसे हल करने की शक्ति होगी। केंद्र सरकार वक्फ के पंजीकरण, लेखांकन और लेखा परीक्षा के लिए नियम बनाएगी। सरकार को सरकारी संपत्ति सरकार को वापस करनी होगी। हम वक्फ अधिनियम के संशोधन को स्वीकार नहीं करेंगे। विपक्ष के कुछ नेताओं ने इस तरह के बेतुके बयान दिए हैं। लेकिन अमित शाह ने साफ कर दिया है कि कानून संसद ने बनाया है और यह देश में सभी के लिए बाध्यकारी होगा। चंद्रबाबू नायडू के तेलुगू देशम और नीतीश कुमार के जनता दल (यूनाइटेड) ने सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्वव्यापी प्रभाव न रखे, कि सरकार को मस्जिदों, दरगाहों और मुस्लिम धार्मिक स्थलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और राज्यों को विश्वास में लिया जाना चाहिए क्योंकि भूमि राज्य का विषय है।असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में बहस के दौरान बिल की कॉपी फाड़ते हुए कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम विरोधी है, मुस्लिमों को गौण नागरिकता देने से बीजेपी देश को बांटना चाहती है।यह देश के लिए खतरनाक है। सरकार को ऐसी प्रवृत्तियों से समयबद्ध तरीके से निपटना चाहिए। इसका एक दूसरा पहलू भी है । वक्फ का अर्थ है कि इस्लाम के विश्वासी अपनी संपत्ति का एक हिस्सा अल्लाह के नाम पर दान करते हैं। यह नकद या अचल संपत्ति के रूप में भी किया जा सकता है। एक बार जब यह दान अल्लाह के नाम पर दिया जाता है, तो किसी और को दान, विरासत आदि के रूप में इसका अधिकार नहीं है। यह परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है। इससे अंदाजा होगा कि यह उन मुसलमानों के बीच कितना होगा जो सुधार की हवा में नहीं हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि वक्फ मंडल, हालांकि, उत्तरोत्तर अमीर हो गए, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो, एक बार जब वे जमा हो गए, धन पैदा हो गया, अनियमितताएं हुईं। यही बात वक्फ बोर्ड में भी हुई। आज, कितने लोग जो इस बिल को लाने के लिए सरकार को कोस रहे थे, उन्होंने वक्फ को रोक दिया जब इसे अंबानी की 27 मंजिला संपत्ति के लिए उपलब्ध कराया गया था?

# एक बेमिशाल देश भक्त अदाकार भला कैसे बिसरेगा



मनोज कुमार

**24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया।**

ऋतुपर्ण दवे

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। जिसकी हरेक फिल्म में कूट-कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रम्हाण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं।

बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। जिससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ। दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था। वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मायानगरी मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे।

वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसतते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्माता लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला की लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है। अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के सुपर स्टार हैं राजस्थान पुलिस सेवा के वरिष्ठ श्रेणी के शानदार और जानदार अधिकारी श्री सुरेश कुमार खींची सर। 20 अप्रेल सन 1969 को जयपुर में जन्में सुरेश जी खींची बहुत ही शानदार अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। 2001 बैच के आरपीएस अधिकारी हैं सुरेश जी इनकी शिक्षा जयपुर व धौलपुर से पूर्ण हुई। मुझे आज भी याद है वो क्षण जब ये अलवर में सन 2008-09 में अलवर ग्रामीण सीओ के पद पर पोस्टेड़ थे तब एक घटना हुई और वो घटना बड़ा रूप ले सकती थी लेकिन इनके शानदार प्रयास और आपसी मेल मिलाप व पुलिस के खौफ को सामने रखकर मामले को बेहद खूबसूरती के साथ निपटा दिया था। पुलिस बेडे में आरपीएस अधिकारी के रूप में शामिल हुए और डिप्टी एसपी केकड़ी, शाहबाद, भुसावर, सुजानगढ़, चिड़ावा, कैलादेवी,खानपुर अलवर ग्रामीण पदों पर व्रताधिकारी रहे। इसके बाद प्रमोट हुए और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बने और अलवर, भरतपुर, रायसिंहनगर, गंगापुरसिटी,जयपुर,एटीएस एएसपी बने। हर व्यक्ति की भावना को समझना व पिडित के मर्म को समझना हर किसी अधिकारी के बस का नहीं ये भाव ईश्वर उसी शख्स को देता है जिसे भाव समझ आता है। आज पूरे राजस्थान में इनकी कार्यशैली को लोग बखूबी मानते हैं। दैनिक बढता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



सुरेश कुमार खींची
(एडिशनल एस. पी)

रूपक शर्मा

## 2025_090

बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 8 | 3 | | | 6 | 9 |
| 3 | | | 6 | | 1 | | | 4 |
| 8 | | | | 7 | 4 | | | |
| 2 | 8 | | | 6 | | | 9 | |
| | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | | | |
| 4 | 3 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| | | 7 | | 8 | 9 | 1 | | |
| | | 8 | | 4 | 3 | 6 | | 7 |
| 5 | 2 | | 7 | | 6 | 9 | 4 | |

Ans_2025_089

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 3 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 4 | 7 | 3 | 2 | 5 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 9 | 8 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### वृष
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### मिथुन
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

### कर्क
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

### सिंह
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### तुला
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

### वृश्चिक
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

### धनु
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### मकर
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### कुंभ
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

### मीन
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

### अधिकारियों पर बरसें जलदाय मंत्री

# जिसे काम नहीं करना, वह घर जाने की कर लें तैयारी : कन्हैया लाल चौधरी

## ग्रीष्मकाल में पेयजल प्रबन्धन के प्रति गंभीर रहने के निर्देश, सहायक अभियंता शिशु शर्मा को एपीओ करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व भूजल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी एवं कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सवाई माधोपुर एवं करौली जिलों के सभी विधानसभा क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जलदाय मंत्री ने ईसरदा बांध परियोजना में सवाई माधोपुर, चौथ का बरवाड़ा उपखण्ड के निकटवर्ती गांवो को सम्मिलित कर पेयजल आपूर्ति हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश अतिरिक्त मुख्य अभियंता परियोजना क्षेत्र भरतपुर सुरेन्द्र शर्मा को प्रदान किए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए खण्डार नगर पालिका एवं बहरावण्ड़ा खुर्द में नवीन पेयजल परियोजना हेतु प्रस्ताव बनवाकर भिजवाने के निर्देश भी दिए। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अमृत 2.0 परियोजना के तहत क्षेत्रों का चिन्हिकरण कर सड़क निर्माण कार्यो से पूर्व ही पाईपलाइन बिछवाने के निर्देश प्रदान किए !विधानसभा क्षेत्र के गांवों को ललोई सागर बांध एवं बनास नदी पर पीपलेट देह तथा शहर सवाई माधोपुर को बनास नदी स्थित चाणक्य देह से एवं चौथ का बरवाड़ा के गांवों को पीपलवाड़ा से पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु सर्वे कर आवश्यक कार्ययोजना/प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए।

**कर्मचारियों की उदासीनता बर्दाश्त नहीं :** जलदाय मंत्री ने स्पष्ट किया कि पेयजल व्यवस्था में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और ठेकेदारों द्वारा कार्य में देरी करने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला मुख्यालय पर विभागीय कार्यो में लापरवाही बरतने एवं परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सवाई माधोपुर के सहायक अभियंता विशु शर्मा को तुरन्त प्रभाव से मौके पर ही एपीओं करने के निर्देश दिए।

**जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर बनाएं भविष्य की जल योजना :** उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के समन्वय से 30 वर्षों की जल आवश्यकता को ध्यान में रखकर कार्ययोजनाएं बनाई जाएं। उन्होंने क्षतिग्रस्त पाईपलाइनों को दुरूस्त करवाने, अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर दण्डात्मक कार्यवाही करने, अंतिम छौर तक नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि जिला सवाई माधोपुर एवं करौली में अमृत 2.0 के अन्तर्गत कुल 08 कस्बों के लिए (गंगापुर सिटी-40.33 करोड़, बामनवास-6.55 करोड़, टोडाभीम-8 करोड़, सवाई माधोपुर-39.58 करोड़, बौंली-4.24 करोड़, करौली-19.94 करोड़, सपोटरा-6 करोड़ एवं हिण्डौन सिटी-40 करोड़) पेयजल योजनाएं स्वीकृत है।



# सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी का 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़े को लेकर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में शुक्रवार को सर्किट हाउस में संपन्न हुई, बैठक में जिलाध्यक्ष ने आगामी पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर उपस्थित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जानकारी दी, बैठक में प्रदेश मंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने सात दिवसीय सेवा पखवाड़े की जानकारी दी, गोठवाल ने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस के दिन प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाएंगे। अप्रैल और 8 अप्रैल को दो दिवसीय गांव चलो अभियान चलाया जाएगा जिसमें मंदिर, गुरुद्वारे, श्मशान घाट एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई कर सेवा कार्य भी किया जाएगा, 9 अप्रैल को वरिष्ठजनों से संपर्क किया जाएगा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें भाजपा के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को महावीर जयंती का कार्यक्रम होगा, 12 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई जाएगी, 13 अप्रैल को अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा एवं 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बड़े स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने उक्त सेवा पखवाड़े के सफल क्रियान्वयन हेतु पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल को जिला संयोजक एवं बलवीर सिंह राजावत एवं प्रधान कृष्ण पोसवाल को जिला सहसंयोजक नियुक्त किया है, इसके अलावा प्रत्येक मंडल से एक संयोजक और दो सहसंयोजक भी नियुक्त किए है । इस दौरान बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश जैन, खंडार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, विजय सिंह गुर्जर, जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, मुकेश शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनवारी जाट, बजरिया मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन, शहर मंडल अध्यक्ष श्रीचरण महावर, बोली मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित, बरनाला मंडल अध्यक्ष शंकर नरूका, बामनवास मंडल अध्यक्ष रामराज मीणा, कुस्तला मंडल अध्यक्ष मनराज गुर्जर, खंडार मंडल अध्यक्ष महावीर गड़ासिया, मलारना डूंगर मंडल अध्यक्ष सीताराम गुर्जरआदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना की अधिसूचना जारी

## अधिस्वीकृत पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए चिकित्सा व्यय (आईपीडी) की सीमा 10 लाख रुपए प्रति वर्ष

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार पत्रकार कल्याण के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में पत्रकारों के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (आरजेएचएस) की अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गई। उल्लेखनीय है कि इस योजना का शुभारंभ भीलवाड़ा में (28 मार्च) को राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया गया था।

राज्य सरकार से अधिस्वीकृत समस्त पत्रकार आरजेएचएस के लिए पात्र होंगे। इस योजना की अधिसूचना जारी होने के बाद अधिस्वीकृत पत्रकारों को आरजीएचएस की तर्ज पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। योजना के अनुसार, पात्र पत्रकारों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए 10 लाख रुपए प्रतिवर्ष की चिकित्सा व्यय (आईपीडी) की सुविधा मिलेगी। साथ ही, ओपीडी की सुविधा मेडिकल डायरी के अनुसार देय होगी। अधिस्वीकृत पत्रकारों को योजना के तहत मिलने वाली सुविधा के लिए आईडी कार्ड भी जारी किए जाएंगे। योजना में बीमित व्यक्ति को आरजीएचएस में परिभाषित अनुमोदित अस्पतालों में किए गए सभी इनडोर उपचारों तथा शल्य चिकित्साओं के लिए कैशलेस सुविधा प्रदान की जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने से तीन दिन पहले तथा पंद्रह दिन बाद तक की अवधि के दौरान किए गए प्रासंगिक चिकित्सा व्यय को दावे के हिस्से के रूप में माना जाएगा। चिकित्सा, अन्त: रोगी उपचार (आईपीडी) और अन्य चिकित्सा सुविधाएं कैशलेस उपलब्ध होंगी।

# फसल खराबे के अनुदान के लिए पंजीयन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** तहसील कार्यालय मालपुरा की ओर जारी एक अपील में क्षेत्र के उन काश्तकारो से जिनकी फसले खराब हो चुकी थी और खराबे के अनुदान के लिए पंजीयन नहीं करवा सके थे ऐसे किसान अविलम्ब पंजीयन करवा सकते हैं। तहसीलदार पवन मातवा ने बताया कि तहसील कार्यालय मे फसल खराबे के लिए अब तक 43 हजार 330 काश्तकारो का डेटा अपलोड किया जा चुका है। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार तहसील कार्यालय मालपुरा में खरीफ फसल वर्ष 2024 (संवत 2081) में बाढ़ से फसल खराब से पात्र किसानो को आदान अनुदान वितरण कार्रवाई प्रारम्भ की गई है। इन निर्देशो की पालना में पिछले एक माह से काश्तकारो के डेटा ढीआईएमएस पार्टल पर अपलोड किया जा रहा है। तहसीलदार मातवा ने बताया कि इसके उपरान्त भी यदि कोई पात्र काश्तकार के डेटा अपलोड होने से शेष रह गए हैं तो ऐसे पात्र किसान अपना आधार कार्ड सम्बन्धित पटवारी/भू अभिलेख निरीक्षक/ तहसील कार्यालय में अविलम्बा जमा करवा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# नियन्त्रण कक्ष स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** जलदाय विभाग मालपुरा द्वारा गर्मी के दिनो से पेयजल उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान करने के लिए कार्यालय में नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की है। सहायक अभियन्ता ज्योति कुमारी चौधरी ने बताया कि नियन्त्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 01437-225950 है। नियन्त्रण कक्ष में कनिष्ठ सहायक रामराज बुनकर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार बैरवा व कनिष्ठ सहायक जयसिंह भाटी को तैनात किया गया है। ये सभी कार्मिक उपभोक्ताओं से प्राप्त होने वाली पेयजल संबंधी समस्याओं का संधारण कर समस्या का त्वरित समाधान करवाने व समस्याओं से अपने अधिकारियो को अवगत करवाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा की बैठक आयोजित

## गर्मी के मौसम को देखते हुए अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें-डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने हीटवेव, अधिक तापमान में मौसमी बीमारियों के उपचार, मेडिकल विभाग की तैयारियों, गर्मी के मौसम में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति, नियमित एवं पर्याप्त जलापूर्ति को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को कोई परेशानी नहीं आएं। उन्होंने नवीन हैंडपंप लगाने, खराब हैंडपंपों की मरम्मत, ट्यूबवेल लगाने के कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर इस माह के अंत तक सभी कार्यों को पूरा करने के लिए जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल को निर्देशित किया। उन्होंने अवैध जल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया।

जिले में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से आमजन को मिले इसे लेकर जिला कलेक्टर ने डिस्कॉम के अधिकारियों को बिजली लाइनों में सुधार, ट्रांसफार्मर स्थापित एवं बदलने संबंधी कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि विद्युत आपूर्ति में बाधा आने पर एफआरटी कार्मिक सेफ्टी संसाधनों को पहन कर ही कार्य करें। इसकी शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित हो। पीएचईडी को दिए जाने वाले विद्युत कनेक्शनों को प्राथमिकता से पूरा करें। साथ ही, लोड शेडिंग के कारण पेयजल विभाग के पंप हाउस को पानी स्टोरेज की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इसे लेकर दोनों विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि लंबित घरेलू एवं कृषि कनेक्शनों की पेंडेंसी को खत्म करें।

जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कहा कि भीषण गर्मी एवं हीटवेव को ध्यान में रखते हुए पुख्ता तैयारियां सुनिश्चित रखे। किसी भी चिकित्सा संस्थान में जांच, दवा एवं उपचार से संबंधित व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे। साथ ही, पंखे, कूलर, एसी एवं वॉटर कूलर क्रियाशील रहे। समय रहते आवश्यक संसाधनों की खरीद एवं मेंटीनेंस सुनिश्चत किया जाएं। इसके लिए आरएमआरएस में उपलब्ध राशि का नियमानुसार उपयोग किया जाएं। सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाएं, जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। इसके साथ ही, जिला कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा को गौशालाओं में चारे-पानी की व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। एसीईओ ललित कुमार को मनरेगा श्रमिकों के लिए छाया-पानी की व्यवस्था एवं आवश्यक दवाईयों को नरेगा स्थल पर पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम रामरतन सौंकरिया, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया एवं जिला कलेक्टर के निजी सहायक अरविंद पाटीदार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को किया प्रेरित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णाचन्द्र विजय )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा में सिकोईडिकोन संस्था द्वारा कक्षा 10 व 12 के डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संस्था की ओर से संचालित योजना के माध्यम से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समन्वयक मोहन मीणा ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रहलाद जाट, कम्प्यूटर शिक्षक ममता यादव ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देकर मौजुद विद्यार्थियों से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# ऑन लाइन भूखण्ड निलामी से पालिका को करोड़ो की आय होने की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा शहर के शास्त्री नगर व आसपास की आवासीय कालोनियो में रिक्त पड़े आवासीय भूखण्डो की जा रही ऑन लाइन ई निलामी से पालिका को करोड़ो रूपये की आय होने की संभावना है। नगरपालिका मालपुरा द्वारा 17 मार्च को एक ई निलामी सार्वजनिक सूचना जारी की। इसमें शास्त्री नगर विस्तार योजना के रिक्त कुल 23 आवासीय भूखण्डो को शामिल किया गया। इस निलामी में बोली लगाने का अन्तिम समय शुक्रवार को रात्रि 11.59 तक है। अब तक ई निलामी के माध्यम से भूखण्ड खरीदने के लिए कई बोलीदाता सामने आ चुके हैं। एक अनुमान के अनुसार ई निलामी से पालिका को अनुमानित रूप से एक भूखण्ड से 50 से 60 लाख रूपये की आय होने की संभावना बनी हुई है। जिस प्रकार ई निलामी में भूखण्डो की दरे लगातार बढ़ रही है उसे देखते हुए माना यही जा रहा है कि 25 गुणा 50, 30 गुणा 64 व 20 गुणा 50 साईज के भूखण्डो की निलामी में लोग काफी रूचि ले रहे हैं। ई निलामी में दरे लगातार बढ़ रही है। अनुमानित रूप से एक भूखण्ड की दर 15 से 26 हजार रूपये प्रति वर्ग गज तक लग चुकी है।

### इनका कहना है :-



इस संबंध में पालिका के ईओ व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि इससे पहले भूखण्ड निलामी में होने वाले फजीवाड़े को रोकने के लिए इस बार ई निलामी के माध्यम से भूखण्ड निलाम किए जा रहे हैं। ई निलामी से भूखण्ड निलाम होने से पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ कार्रवाई हो रही है। ई निलामी में हर कोई भाग लेकर निलामी की शर्तो को पूरी करते हुए निलामी में भाग ले सकते हैं।

# शिक्षा विभाग में रोचक घटना: राजस्थान के कई जिलों के शिक्षकों ने प्रमोशन किया फोरगो

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर / बीकानेर ( राकेश शर्मा )।** कमाल है। शिक्षा विभाग में एक रोचक घटना देखने को मिल रही है। जयपुर, अलवर, सीकर समेत कई जिलों के शिक्षकों ने प्रमोशन फोरगो किया। यानि की इन्हें प्रमोशन की चाह नहीं है। वजह जानकार हैरान रह जाएंगे। नौकरी चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, हर अधिकारी और कर्मचारी की ख्वाहिश होती है कि वह ऊंचे से ऊंचे ओहदे तक पहुंचे। लेकिन शिक्षा विभाग इससे इतर है। यहां बड़ी तादाद में ऐसे शिक्षक भी है जो घर छूटने के डर से पदोन्नति नहीं चाहते। हाल ही में प्रदेश के 159 प्रधानाचार्य और उप आचार्य पद पर कार्यरत शिक्षकों ने पदोन्नति लेने से परित्याग (फोरगो) किया है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर ने ऐसे शिक्षकों की सूची जारी की है। शिक्षा विभाग में हाल ही में विभागीय पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हुई है, जिसमें प्राचार्य और इसके समकक्ष पदों पर पदोन्नत किया जा रहा है।

### समृद्ध जिलों के शिक्षक नहीं चाहते 'तरक्की'

रोचक तथ्य यह है कि पदोन्नति का परित्याग करने वालों में समृद्ध जिलों के शिक्षक सर्वाधिक हैं। प्रदेश की राजधानी जयपुर और इसके आसपास के जिलों के शिक्षक सर्वाधिक है। शेखावाटी अंचल के चुरु, झुंझुनूं तथा जयपुर के आस-पास के अलवर, भरतपुर, दौसा, करौली और नागौर के शिक्षकों ने विभागीय पदोन्नति लेने से मना किया है। शिक्षकों ने निर्धारित तिथि तक पदोन्नत पदों पर न कार्यभार ग्रहण किया और न शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट किया। कई शिक्षकों ने लिखित में परित्याग की सूचना दी। इसे शिक्षा विभाग ने स्वीकृत मान लिया।

### यूं समझें बानगी

जयपुर 43 अलवर 18 सीकर 11 नागौर 11
झुंझुनूं 09 चूरू 08 जोधपुर 06 उदयपुर 04
(जिला और परित्याग करने वाले शिक्षकों की संख्या)

### ये वजह भी प्रमुख

1- पदोन्नति के बाद जगह बदलनी पड़ेगी।
2- लंबे समय से एक जगह नियुक्त होने के कारण स्थायी निवास छूटेगा।
3- वित्तीय लाभ भी ज्यादा नहीं होगा।
4- पारिवारिक और व्यक्तिगत जिमेदारियों के कारण दूसरे स्थान पर जाना नहीं चाहते।
5- प्रशासनिक दायित्व से मुक्ति चाहते हैं।

# जिला कलक्टर ने चौथ का बरवाड़ा में विभिन्न राजकीय कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने शुक्रवार को चौथ का बरवाड़ा उपखण्ड का दौरा कर पंचायत समिति कार्यालय चौथ का बरवाड़ा, सहायक अभियंता कार्यालय विद्युत विभाग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवाना, संस्कृत महाविद्यालय चौथ का बरवाड़ा एवं आंगनबाड़ी केन्द्र चौथ का बरवाड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवाना के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने मिशन संवाद के तहत विद्यालय में आयोजित की जा रही गतिविधियों के संबंध में उपस्थित विद्यार्थियों से की जानकारी लेते हुए संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर की जांच की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कक्षाओं में पढ़ाये गए विषयों पर सवाल-जवाब कर अध्यापकों को विशेष ध्यान देकर सुधार लाने के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान उन्होंने संस्कृत महाविद्यालय चौथ का बरवाड़ा का निरीक्षण कर प्राचार्य व अध्यापकों से परीक्षाओं के संबंध में जानकारी ली।

इस पश्चात उन्होंने पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा का निरीक्षण कर कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका की जांच की। वहीं पंचायत समिति क्षेत्र में मनरेगा श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मनरेगा श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर छाया, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान कलक्टर ने सहायक अभियंता कार्यालय विद्युत विभाग का निरीक्षण कर लंबित कृषि कनेक्शनों को शीघ्र जारी करने एवं विभाग की हैल्पलाईन प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय पर निस्तारण करवाने के निर्देश प्रदान किए।



# जिला कलक्टर ने किया 'अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम' पोर्टल को लॉन्च

## आमजन पोर्टल पर एक क्लिक से दर्ज करा सकेंगे पेयजल संबंधी शिकायतें, सरकारी कार्यालय आने से मिलेगी निजात

### जलदाय विभाग पोर्टल के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्था की होगी प्रभावी मॉनिटरिंग, 24 घण्टे में निस्तारण के होंगे प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अतुल्य अलवर अभियान के तहत अलवर शहर की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करने एवं आमजन की पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन के नवाचार 'अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम' (एडब्ल्यूएमएस) पोर्टल नवाचार को जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार से लॉन्च कर पोर्टल अलवर शहरवासियों को समर्पित किया।

जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि आमजन को सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने हेतु इस पोर्टल के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि अतुल्य अलवर वेब पोर्टल पर उपलब्ध ीजजचेरूध्ध्ंजनसलंसूंतण्पदध्ंूउेध् लिंक के माध्यम से आमजन अपनी पेयजल से संबंधित समस्याओं व शिकायतों जैसे पानी नहीं आने, पेयजल लाइन लिकेज, गंदा पानी आने इत्यादि समस्याओं को दर्ज करा सकेंगे तथा दर्ज शिकायत के आधार पर उसकी वर्तमान स्थिति को भी जान सकेंगे। पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समाधान जलदाय विभाग द्वारा समयबद्ध रूप से किया जाएगा तथा जिला प्रशासन वाररूम द्वारा इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग की जावेगी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर अलवर शहर के मुख्य पानी संग्रहण स्थल (ओएचएसआर/ट्यूबवेल) की सूचना भी आमजन की जानकारी हेतु उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर दर्ज होने वाली सभी शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि प्रयास रहे कि शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे में ही किया जावे।




उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में जिला प्रशासन ने जिले के नवाचार अतुल्य अलवर अभियान के अंतर्गत बसमंदंसूंतण्पद के द्वारा शहर की साफ-सफाई संबंधी शिकायतों का निस्तारण, ऑटो टीपर की लाईव लोकेशन तथा अलवर पर्यटन संबंधित पोर्टल व एप लिंक आमजन की सहूलियत के लिए एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिनका सीधा लाभ आमजन को प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर अलवर दिनेश वर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद शर्मा एवं उप निदेशक नीतू बसवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर का इकबाल खत्म - नेता प्रतिपक्ष जूली

## पर्ची वाली सरकार का फेलियरएप्रदेशवासियों में दहशत का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राजस्थान प्रदेश की राजधानी जयपुर में एसएमएस के बाद अब जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी ने प्रदेश में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर का इकबाल खत्म हो गया है जो कि पर्ची वाली सरकार के फेलियर को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि बेखौफ अपराधियों ने सरकार की कानून व्यवस्था की कलई खोलकर रख दी हैए प्रदेश में आतंक का माहौल इस कदर पनप गया है कि जिला कलेक्टर की सरकारी आईडी पर बम ब्लास्ट करने का ईमेल करने से भी अपराधी गुरेज नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे गृहमंत्री के जिलों में ही अपराधों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है।



उन्होंने कहा कि राजस्थान के सीएम और डिप्टी सीएम को ही अपराधी जेल के अंदर से जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बजरी माफ़ियाए अवैध खननएसाइबर क्राइमए चौथ वसूलीए नशा तस्करी और जेल से अपराधियों द्वारा गैंग संचालित करने के मामलों ने प्रदेश को शर्मसार कर दिया है।

उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान में लॉ एंड ऑर्डर का अर्थ ही बदल गया है। लॉ एंड आर्डर का मतलब होता है कानून व्यवस्था लेकिन भजनलाल सरकार ने लॉ एंड ऑर्डर का अर्थ बदलकर लो और ऑर्डर करो कर दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिल्मी स्टाइल में खलनायकों का खौफ इसी तरह बदस्तूर जारी है और अपराधों के आंकड़ों का ग्राफ इसी तरह बढ़ता रहा तो लोगों का घर से निकलना भी दुभर हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राज में अपराधी खुले में तांडव कर रहे हैं ऐसे हालात बन गए हैं कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और आमजन डरा सहमा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है और सरकार के दोनों इंजनों का धुआं निकल गया है।

# एनएच 248 ए को नारायणपुर मुख्यालय से जोड़ने की मांग जोरों पर

### पोस्टकार्ड अभियान जारी 11वें दिन नगर पालिका मंडल ने दिया समर्थन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर क्षेत्र के रामलीला मैदान में चल रहे नेशनल हाईवे 248 ए को नारायणपुर तहसील मुख्यालय से जोड़ने के लिए ग्यारहवें दिन भी अभियान जारी रहा। एक लाख से अधिक आबादी वाले तहसील मुख्यालय को नेशनल हाईवे सड़क सुविधा से जोड़ा जाए। 63 राजस्व गांवों को सड़क सुविधा का लाभ मिले, नेशनल हाईवे को थानागाजी से वाया बसई जोगियान होते हुए नारायणपुर मुख्यालय से जोड़ा जाए या घाटा, नारायणपुर, मुण्डावरा की 18.1 किलोमीटर सड़क मार्ग को नेशनल हाईवे का दर्जा देकर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। वही जागरूक युवाओं के द्वारा अलग-अलग गांवों व ग्राम पंचायत में जाकर समर्थन जुटा रहे हैं तथा लोगों को नेशनल हाईवे नारायणपुर मुख्यालय से निकलवाने के लिए प्रेरित कर रहे है। इस अवसर पर नगर पालिका मंडल नारायणपुर अध्यक्ष मन्नी देवी के नेतृत्व में वार्ड पार्षदों ने पूर्ण समर्थन कर समर्थन पत्र सौंपा। इस मौके पर मोनू शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, पार्षद आकाश अग्रवाल, तरुण कुमार, सुरेंद्रसिंह शेखावत, घनश्याम गुर्जर, बाबूलाल धोबी, राजू छीपी, जयराम सैनी, विक्रम गुर्जर, सुरेश राठी, रामकुवांर मेहरा, मदन यादव, पप्पू नायक, अशोक सोनी, सहित काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय वन मंत्री यादव आज संसदीय क्षेत्र अलवर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव 5 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र अलवर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रमानुसार केंद्रीय मंत्री यादव प्रात: 11 बजे नीमराणा में रैफल्स यूनिवर्सिटी के 6वें दीक्षांत समारोह एवं दोपहर 1:15 बजे मुंडावर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरान्त दोपहर 3 बजे अलवर में प्रतापबंध से बाला किला रोड तक सडक एवं बाला किला शस्त्र यूजियम का लोकार्पण करेंगे। इसी प्रकार सांय 4:20 बजे मोती डूंगरी स्थित पुलिस अन्वेषण भवन मैरिज होम में एक देश एक चुनाव कार्यक्रम, सायं 5:15 बजे स्थानीय कार्यक्रम व सांय 6:30 बजे रिवाज रिसोर्ट में अलवर आइकन अवार्ड कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा सांय 7:45 बजे जय कृष्ण क्लब में नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण करेंगे।

# वन राज्य मंत्री शर्मा आज विभिन्न कार्यक्रमों करेंगे शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन रा'यमंत्री संजय शर्मा 5 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कार्यक्रमानुसार मंत्री शर्मा प्रात: 9 बजे से सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे, दोपहर 2:30 बजे करणी माता जी मंदिर में दर्शन करेंगे, दोपहर 3 बजे बाला किला पर सडक का लोकार्पण कार्यक्रम एवं शस्त्र यूजियम उद्घाटन कार्यक्रम में शिकरत करेंगे। इसी प्रकार सांय 4:20 बजे मोती डूंगरी स्थित पुलिस अन्वेषण भवन मैरिज गार्डन में पत्रकार स मलेन, सांय 5:15 बजे स्थानीय कार्यक्रम, सांय 6:30 बजे रिवाज रिसोर्ट में अलवर आइकॉन अवार्ड कार्यक्रम एवं सांय 7:45 बजे जय कृष्ण क्लब में नवनिर्मित कमरों के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# राहगीरों से मोबाइल लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य आरोपित बदमाश की तलाश की जा रही है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले साजिद निवासी मकराना जिला नागौर को गिरफ्तार किया है। वहीं एक उसका साथी नवीन हरिजन फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। फरार नवीन सदर थाना हिस्ट्रीशीटर है।

# मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 05.75 अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर समीना निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 05.75 अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपित महिला तस्कर से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी की जा रही है।

### मलेरिया से बचाव के लिए विशेष अभियान:

# 14 मई तक चलेगा क्रैश कार्यक्रम, घर-घर जाकर होगी जांच

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर में स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया और अन्य मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान 14 मई तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि इस दौरान मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव और रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की जांच करेंगी।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि स्थाई जल स्रोतों में लार्वा भक्षी गम्बूशिया मछली डाली जाएगी। मरीजों की रक्त जांच की जाएगी। पॉजिटिव मरीजों का तुरंत इलाज शुरू किया जाएगा। साथ ही उनके आस पास के क्षेत्रों में मच्छर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हर शनिवार को एएनएम की टीम बनाएं। ये टीमें स्कूलों में जाकर बच्चों को इन बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी देंगी। सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में मलेरिया और डेंगू के बारे में जागरूकता के लिए विशेष कॉर्नर बनाए जाएंगे।

### ट्रेफ्रिक पुलिस की शानदार कार्यवाही

# मॉडिफाईड साईलेंसर बाईक का किया चालान व जप्ती की कार्रवाही

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पिछले कई दिनों से मॉडिफाई साइलेंसर की पटाखा बाइकर्स गैंग ने आतंक मचा रखा था । ऐसे में जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देश के बाद यातायात प्रभारी मुकेश कुमार मीणा ने अपनी टीम के साथ लगातार कार्यवाही करते हुए एक दर्जन से अधिक बाईक्स का चालान किया है । इसके साथ ही कई बाइक जप्त कर उनके साइलेंसर भी खोल कर रखे हैं। यातायात प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इधर शहर के जागरूक लोगों ने इस कार्रवाही के बाद यातायात पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाही का स्वागत किया है। बुर्जुगों व महिलाओं और बच्चों का सडक पर चलना दूभर हो रख्खा था ऐसे में यातायात पुलिस की ओर से हुई कार्रवाही से ऐसे असामाजिक तत्वों पर लगाम लगेगी। इधर अन्य जागरूक लोगों का कहना है कि गश्त करती चेतक गाड़ी व थानों के सामने से ये बाईकर्स ऐसे ही पटाखा बजाकर निकलते हैं लेकिन उसने थाना पुलिस व चेतक पुलिस कर्मी कुछ नहीं कहते। यदि पुलिस टोकना ही शुरू कर दें तो कुछ हद तक इन पर रोक लग सकती है। क्योंकि ये लोग बिगड़े नवाब होते हैं एक हजार का चालान भरकर बाईक छुडवा लेते हैं फि़र पटाखा बजाकर लोगों में दहशत फैलाते हैं।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, भिवाड़ी ब्रांच के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा




बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (मुकेश शर्मा)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू) की भिवाड़ी ब्रांच के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा चुनाव आयुक्त एवं संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह द्वारा की गई। यह चुनाव सभी पूर्व अध्यक्षों की आम सहमति से सम्पन्न हुआ।

**नवीन पदाधिकारियों में-**
**अध्यक्ष-डॉ. अजय गोयल**
**सचिव-डॉ. मुदित मित्तल**
**कोषाध्यक्ष-डॉ. मनीष चौहान**
**उपाध्यक्ष-डॉ. अनविका बंसल**
**महिला चिकित्सक कोऑर्डिनेटर- डॉ. विपुला गढ़**

सत्र 2026-27 के लिए प्रेसिडेंट इलेक्ट के पद पर डॉ. प्रसंग गर्ग को निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. राजेश चौधरी, डॉ. श्रुति चौधरी और जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. सागर अरोड़ा उपस्थित रहे।

निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. राजेश यादव ने अपनी टीम के साथी डॉ. करण सिंह और डॉ. गोपेश को धन्यवाद दिया और आगामी टीम को बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अजय गोयल ने अपने 10 सूत्री सेवा कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें सदस्य चिकित्सक परिवारों के हितों की रक्षा, सामाजिक सेवा, मेडिकल कैंप और अस्पतालों के लिए सरकार के साथ मिलकर समस्याओं के समाधान की पहल की जाएगी।डॉ. गोयल के नेतृत्व में, अगले सत्र की सबसे महत्वपूर्ण घटना राजस्थान ढ्ढरूकी राज्य सम्मेलन का भिवाड़ी में आयोजन होगा। जनरल बॉडी मीटिंग में लगभग तीन दर्जन चिकित्सकों ने भाग लिया।

# भिवाड़ी के ग्रेडिएंट इंस्टीट्यूट में लगेगा 6 अप्रैल को सेना के लिए रक्तदान शिविर

## संयोजक दिनेश बेदी का 56 वा रक्तदान शिविर

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (मुकेश शर्मा)।** भारतीय सेना के घायल सैनिकों के लिए 56 वा रक्तदान शिविर 6 अप्रैल दिन रविवार को भगत सिंह कॉलोनी डी ब्लॉक भिवाड़ी के ग्रेडिएंट इंस्टीट्यूट में लगाया जा रहा है, इस 56वें रक्तदान शिविर के संयोजक दिनेश बेदी ने बताया कि भारतीय सेना के घायल सैनिकों के लिए रक्तदान शिविर भिवाड़ी में लगाने की मुहिम 2015 से चल रही है रक्तदान शिविर के लिए भारतीय सेना की करीब 20 सैनिकों की मैडिकल टीम धौला कुआं दिल्ली से भिवाड़ी आएगी इसलिए आज ग्रेडिएंट इंस्टीट्यूट में रक्तदान शिविर लगाने के ऊपर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी देने के मौके पर बैठक की गई और 6 अप्रैल को रक्तदान शिविर लगाए जाने पर सभी सुविधाओं के ऊपर आज विशेष रूप से चर्चा भी की गई और सभी ने जनता से अपील की है कि




भारतीय सेना के घायल सैनिकों के लिए रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा रक्तदाता आ कर रक्तदान करें। भारतीय सेना के घायल सैनिकों के लिए रक्तदान शिविर में लक्ष्य युवा जीवन रक्षक समिति, सर्व सेवा संस्थान, ग्रेडिएंट इंस्टीट्यूट, दी राष्ट्रीय अजर सेवा संस्थान, आर डब्ल्यू ए कैपिटल ग्रीन सोसाइटी, भिवाड़ी स्पोर्ट्स क्लब, युवा सेवा समिति भिवाड़ी, मानव मंगल विकास समिति, श्री राम सेवा समिति एवम टैरा ग्रींस वेलफेयर सोसाइटी सहित कई अन्य संस्थाएं भी मदद कर रही है। बैठक के दौरान संयोजक दिनेश बेदी, ग्रेडिएंट इंस्टीट्यूट के निदेशक विवेक यादव, रमन सिंह, विनय यादव, देवेंद्र देशवाल, शिवम कुमार, कैपिटल ग्रीन के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनिल रावत मौजूद रहे।




# विशेष शिविर आयोजित कर घुमंतु, अर्ध-घुमंतु समुदाय को प्रदान की स्वास्थ्य सेवाएं

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** आपणो स्वस्थ राजस्थान की संकल्पना को साकार करने मे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अपनी अहम भूमिका निभा रहा हैं। इसी क्रम में जिले का स्वास्थ्य महकमा भी समाज की मुख्यधारा से दूर घुमंतू, अर्ध-घुमंतु और विमुक्त समुदाय के लिए उनके निवास स्थान पर ही विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उन्हें स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि यह शिविर स्वास्थ्य सेवाओं को वंचित वर्ग तक पहुँचाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। बाड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नकसौदा में जमुरा अड्डा,मोंगिया अड्डा में आयोजित शिविर में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में करीब 50 परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया। शिविर में गर्भवती



महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, टीबी, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य देखभाल, परिवार कल्याण सेवाएँ, सामान्य बीमारियों की जांच एवं गैर-संचारी रोगों की पहचान की गई। महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें तीन-तीन पैकेट सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए गए। अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर उन्हें, परामर्श व आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं।

# धौलपुर में रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर: महात्मा नंद की बगीची से श्रीराम मंदिर तक निकलेगी यात्रा, युवाओं से कर रहे संपर्क

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल धौलपुर के तत्वावधान में 6 अप्रैल को भव्य रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा संयोजक गिरीश गर्ग के निर्देशन में तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

यात्रा का मार्ग महात्मा नंद की बगीची से शुरू होगा। यह टाउन चौकी, पुराना शहर, जगन टॉकिज, लाल बाजार, धूलकोट, सेंटर रोड और बजरिया होते हुए श्रीराम मंदिर गड़रपुरा पर भव्य आरती के साथ संपन्न होगी। राम शर्मा ने बताया कि रामनवमी हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है, जो भगवान राम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य जाति-पात की भावना को दूर कर एक संगठित हिंदू समाज के रूप में एकजुट होना है।जिला महाविद्यालय प्रमुख धीरेंद्र कुशवाह जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, गांव, शहर और कस्बों में भगवान श्री राम का स्वरूप वितरित कर युवाओं से शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। बजरंग दल संयोजक चंद्रप्रताप धाकड़े और सह-संयोजक नरेश की देखरेख में समिति ने शहर में भगवा सजावट की है। कार्यकर्ताओं और




आमजन में यात्रा को लेकर काफी उत्साह है। सभी से अपील की जा रही है कि अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल हों।इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता दीपक, रविंद्र, शुभम, नवल, सीनू, रॉबिन, पंडित गौरव, बादल, कान्हा, लल्लू, विजेंद्र, भानू, अंकित सेन, आकाश दिवाकर और विद्यार्थी अनिल मीना के साथ सोनम शर्मा, कविता चंदेल, नीतू कुशवाह, रितिका गुप्ता, राधा शर्मा और सत्यम गुप्ता मौजूद रहे।


# सवारियों से भरी सिटी बस में लगी आग, ड्राइवर की सजगता से टल गया बहुत बड़ा हादसा

**चार दमकलों की कोशिश के बावजूद बस पूरी तरह जल गई, 20 सवारियों में से किसी को भी नहीं हुआ कोई नुकसान**

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** एमबीएस हॉस्पिटल के पास शुक्रवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे करीब सवारियों से भरी एक सिटी बस में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि इससे ठीक पहले जलने की स्मेल आने व बोनट में धुआं उठता देख ड्राइवर ने गाड़ी को साइड में रोक कर सवारियों को उतार दिया था। इसके तुरंत बाद बस आग की लपटों से घिर गई। घटना के समय बस में बीस सवारियों के अलावा ड्राइवर व उसका सहायक भी था।

ड्राइवर राकेश कुमार ने बताया कि सुबह 11.20 बजे वह स्टेशन से सवारियां भरकर रवाना हुआ था। करीब 15 मिनट बाद वह अदालत पहुंचा तो बस में से कुछ जलने की बदबू आने लगी। इस पर उसने थोड़ा आगे एमबीएस हॉस्पिटल के पास बस को खड़ा कर सवारियों को नीचे उतार दिया। तब तक बस ने आग पकड़ ली और धूं धूं कर जलने लगी। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश की, मगर बस को बचाने में नाकाम रहीं। वह पूरी तरह जल कर खत्म गई, नाम के लिए सिर्फ उसका ढांचा ही बचा है। ड्राइवर राकेश ने बताया कि वह इस बस को चार महीने से चला रहे थे। यह बस कितनी पुरानी है, यह उन्हें मालूम नहीं। नगर निगम के चीफ फायर ऑफिसर राकेश व्यास ने बताया कि सूचना पर निगम की चार दमकलें मौके पर पहुंची। बस एक साइड में खड़ी हुई थी। करीब 20 मिनट में आग पर काबू पाया जा सका। संभवतया बस में स्पार्किंग होने से यह हादसा हुआ। बस पूरी तरह जल गई है।


ड्राइवर राकेश कुमार

### फाइबर होने के कारण आग तेजी से बढ़ी

सिटी बस सुपरवाइजर सचिन पुने ने बताया कि यह बस नयागांव से सोगरिया रूट पर चलती है। बस सोगरिया से नयागांव की तरफ जा रही थी। बस फाइबर से बनी होने के कारण आग तेजी से फैली। यह करीब दस साल पुरानी, 2015 मॉडल की है।




## श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति का महा छप्पन भोग कल से, पोस्टर का विमोचन किया

- कोटा के आर्थिक विकास को गति देने के लिए करेंगे प्रार्थना
- पहले दिन रविवार को अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी होगा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति, कोटा संभाग के तत्वावधान में 6 से 8 अप्रेल तक श्री राम धाम सेवा ट्रस्ट रावतभाटा रोड पर श्री महालक्ष्मी माता एवं खाटू श्याम नरेश श्याम बाबा का महा छप्पन भोग आयोजित किया जाएगा। आयोजन के पहले दिन रविवार को अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी आयोजित होगा। इस आयोजन के पोस्टर का विमोचन राम धाम आश्रम पर किया गया।

कार्यक्रम संयोजक तथा अग्रसेन संस्कार सेवा समिति के महामंत्री अशोक अग्रवाल ने बताया कि महा छप्पन भोग के लिए उत्तर प्रदेश के 40 कारीगरों द्वारा देसी घी से विभिन्न व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं।? इन्हें छप्पन भोग में रखा जाएगा। छप्पन भोग के दौरान चिरौंजी, शुगर फ्री, अंजीर, मूंगफली, बिस्किट, मखाना, नमकीन पिस्ता, चॉकलेट, बादाम, बताशे, चिरौंजी, अखरोट, हरी इलायची, छुआरा, पीली सरसों, नारियल, काली मिर्च, पोलो गोली, हल्दी आदि के 18 महल बनाए जा रहे हैं। साथ ही, राजमा से काली माता, भुने हुए चने से विष्णु भगवान, मिक्स मेवा एवं सुपारी से दुर्गा माता, बादाम और मूंगफली से साईं बाबा, मोतियों से बजरंग बली, काबुली चने और मखाना से गणेश जी, मोतियों से कृष्ण कन्हैया, वर्क वाली इलाइची से लक्ष्मी जी की 9 प्रतिमाएं तैयार कराई जा रही हैं। इसे दर्ज करने के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम कोटा पहुंच रही है। विमोचन के अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहसंयोजक जगदीश अग्रवाल चूने वाले, संस्थापक अध्यक्ष टीसी गुप्ता, प्रवक्ता संजय गोयल, रुचि अग्रवाल, सुनील गर्ग, संदीप चांदीवाला, टीकम खांडवाले, अनीता मित्तल, डॉ. आरके राजवंशी, नवल गर्ग, परमानंद गर्ग, जगदीश अग्रवाल प्रॉपर्टी, नत्थीलाल अग्रवाल, हनुमान गुप्ता, सुनील निमोदिया, प्रदीप अग्रवाल, महावीर जैन, किन्नू अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, लोकेश गोयल, सुरेश अग्रवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कोटा के आर्थिक विकास को गति देने के लिए करेंगे प्रार्थना**–प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि महा छप्पन भोग का आयोजन कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स की कमी के चलते अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को फिर से गति देने के लिए किया जा रहा है। माता लक्ष्मी को महा छप्पन भोग लगाकर उनसे कोटा की समृद्धि, प्रगति और खुशहाली की कामना की जाएगी।

## चेक बाउंस मामले के दोषी को 4 माह के कारावास व 2.50 लाख रुपए जुर्माने की सजा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (राजीव सक्सेना)।** कोटा की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) संख्या-2 की अदालत ने चेक बाउंस के एक महत्वपूर्ण मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया है। यह मामला विवादित चेक बाउंस (धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881) से जुड़ा था। इसमें अभियुक्त देवेंद्र शर्मा को दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने चार माह के साधारण कारावास व ढाई लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। परिवादी शिवगोपाल ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी? कि देवेंद्र शर्मा ने 15.06.2019 को उन्हें 1 लाख 54 हजार 700 रुपए का चेक दिया था, जो 25.06.2019 को बाउंस हो गया। उन्होंने जब चेक की राशि वसूलने के लिए नोटिस भेजा तो निर्धारित समय में कोई भुगतान नहीं किया गया। इसके चलते मामला अदालत में पहुंचा। इस पर विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त देवेंद्र शर्मा को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के तहत दोषी ठहराया और सजा सुनाई। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि पीड़ित को क्षतिपूर्ति के रूप में उचित धनराशि दी जाए।

## मोशन एजुकेशन के दक्ष केम्पस में हवन और 1001 कन्याओं के भोज का आयोजन हुआ

### फाउंडर एवं सीईओ नितिन विजय ने कहा-बेटियों के सपनों को पंख देना ही उनका सच्चा सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि बेटियां सिर्फ एक परिवार की ही नहीं, अपितु पूरे समाज और देश की शान होती हैं। वे एक मां, बहन, पत्नी और बेटी के रूप में हर रिश्ते को प्रेम और त्याग से निभाती हैं। नितिन विजय इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र के रोड नम्बर 5 पर शुक्रवार को मोशन एजुकेशन के दक्ष केम्पस में हवन और कन्या भोज के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में बेटियों को हमेशा से देवी का स्वरूप माना गया है। फिर भी लम्बे समय तक उन्हें शिक्षा, समान अधिकार और स्वतंत्रता से वंचित रखा गया। अब समय बदल रहा है और हमें अपनी सोच को भी बदलना होगा। आज हर क्षेत्र में बेटियां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं, वह चाहे शिक्षा हो, खेल हो, विज्ञान हो या राजनीति। कल्पना चावला, किरण बेदी, मैरी कॉम और साक्षी मलिक जैसी बेटियों ने न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। समाज को भी अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें अपनी बेटियों को वह सभी अवसर देने होंगे, जो एक बेटे को मिलते हैं। बेटियों को समान अधिकार देना, उन्हें शिक्षित करना और उनके सपनों को पंख देना ही सच्चा सम्मान है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहां बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और प्यार मिले। मोशन की डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय ने बताया कि शुक्रवार को मोशन एजुकेशन दक्ष केम्पस में चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर हवन और 1001 कन्याओं का भोज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत कन्या पूजन से हुई। आयोजन में स्टाफ ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह में मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय, ज्वॉइंट डायरेक्टर अमित वर्मा और रामरतन द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव आदि सीनियर फेकल्टी मौजूद रहे।

## वैष्णो देवी ज्योति मंदिर, दादाबाड़ी पर कन्या पूजन और ज्वारा विसर्जन आज, भंडारा कल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** वैष्णो देवी ज्योति मंदिर दादाबाड़ी पर सप्तमी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। संरक्षक सनमीत सिंह बंटी ने बताया कि वैष्णो देवी ज्योति माता के दर्शनों के लिए भक्त उमड़ रहे हैं। वहीं, यहां प्रतिदिन रामायण व दुर्गा सप्तशती के पाठ, विशेष शृंगार और पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने बताया कि 5 अप्रेल को अष्टमी पर सुबह 6 बजे हवन होगा। इसके बाद 9 बजे कन्या पूजन, 1.30 बजे ज्वारा विसर्जन तथा रात्रि को 9 बजे छप्पन भोग होगा। इसके बाद नवमी, 6 अप्रेल की शाम विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## ऊर्जा मंत्री नागर की अनुशंसा पर सांगोद विधानसभा क्षेत्र में पीएचईडी के एक करोड़ 35 लाख रुपए स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (हरिमोहन मेहरा)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर सांगोद विधानसभा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 1 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से विधानसभा क्षेत्र में 10 स्थानों पर पीएचईडी के विभिन्न कार्य किए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कनवास में 11 लाख 68 हजार रुपए, मोई कलां में 7 लाख 42 हजार, कमोलर में 9 लाख 86 हजार, चतरपुरा में 3 लाख 61 हजार रुपए की राशि से पुरानी पाइप लाइन को बदलने और इलेक्ट्रिक पैनल व पम्प सेट लगाने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा किशोरपुरा में 16 लाख 92 हजार रुपए, खजूरी में 29 लाख 50 हजार रुपए व देवली में 14 लाख 55 हजार रुपए से नया ट्यूबवेल, पम्पसेट और पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। साथ ही, धूलेट में 21 लाख 53 हजार रुपए से पम्पसेट और पाइप लाइन बदली जाएगी। वहीं, बपावर में 17 लाख 91 हजार रुपए से ट्यूबवेल लगाने व पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाएगा।

## श्री मंशापूर्ण मंदिर छावनी: हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**भजन संध्या में गूंजेंगे छोटू सिंह रावणा के सुमधुर भजन**

**कोटा (विनोद गौड़)।** श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर छावनी पर तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव 11 अप्रेल से शुरू होगा। अध्यक्ष गजानंद जैन ने बताया कि श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर प्रबंध समिति छावनी की ओर से 11 अप्रेल को सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह मंगलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर निगम कॉलोनी मार्ग होते हुए मंशापूर्ण हनुमान मंदिर छावनी पर पहुंच सम्पन्न होगी। इसके बाद रात्रि 9 बजे सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। सचिव जयप्रकाश तुसिया तथा उपाध्यक्ष नितेश सिंह चौहान ने बताया कि 12 अप्रेल को सुबह 9 बजे महाअभिषेक किया जाएगा। वहीं, सायं 7 बजे महाआरती और रात्रि 9 बजे भजन संध्या आयोजित होगी। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक छोटू सिंह रावणा एंड पार्टी बाड़मेर द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुति दी जाएगी।

# भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 6 से 13 अप्रेल तक होंगे विभिन्न आयोजन

- घर-घर भाजपा के झंडे लगाए जाएंगे, गांवों-बस्तियों में जाएंगे कार्यकर्ता, योजनाओं की जानकारियां देंगे
- सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न सेवा कार्य भी किए जाएंगे



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भाजपा स्थापना दिवस आयोजन की तैयारियों के लिए शुक्रवार को कोटा संभाग संयोजक रविन्द्र श्रीमाली के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष राकेश जैन व प्रेम गोचर की अध्यक्षता में कोटा शहर व देहात की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। इन पदाधिकारियों के अलावा कोटा देहात संगठन प्रभारी इन्दर सिंह झाला, पूर्व महापौर महेश विजय व प्रदेश महामंत्री एसटी मोर्चा अशोक मीणा भी मंचस्थ रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र राही ने किया।

कोटा संभाग प्रभारी रविन्द्र श्रीमाली ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रेल को भाजपा स्थापना दिवस व 14 अप्रेल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा कोटा शहर व देहात में कार्यकर्ता उत्सव के रूप में मनाएंगे। सेवा पखवाड़ा के तहत कई सेवा कार्य भी करेंगे। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने 6 अप्रेल से 13 अप्रेल तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया। इसके अनुसार 6 अप्रेल को भाजपा कोटा शहर द्वारा टिपटा पार्क स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक व माल्यार्पण किया जाएगा। बूथ स्तर पर %मेरा परिवार-भाजपा परिवार% के साथ कार्यकर्ताओं के घरों के बाहर नेम प्लेट लगाए जाने का अभियान चलाया जाएगा। घरों पर भाजपा का झंडा लगाकर, महिला कार्यकर्ता घरों के आंगन में सजावट, रंगोली मांडकर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया व सरल एप पर अपलोड करेंगी। 7 अप्रेल को कार्यकर्ता बूथ पर एकत्र होकर दुपट्टे डालकर, मिठाई वितरण करेंगे। 8 अप्रेल को कोटा शहर भाजपा का जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा। इसमें भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह भी होगा। 9 अप्रेल से 13 अप्रेल तक मंदिरों में साफ-सफाई, हवन-पूजन, पक्षी घरों की स्थापना, बस्ती चलो अभियान, अस्पतालों में स्वच्छता अभियान, फल वितरण, लाभार्थियों से मिलना, जलाशयों, जल निकायों की साफ- सफाई करना, गायों को चारा गुड़ खिलाना, चिकित्सा शिविर लगाना आदि सेवा कार्य किए जाएंगे।

जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर ने कहा कि 6 अप्रेल से 14 अप्रेल तक ग्रामीण क्षेत्र में सेवा पखवाड़ा के तहत कई सेवा कार्य होंगे। बस्ती चलो अभियान के तहत बस्तियों, गांवों में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि जाएंगे। इस दौरान चौपालों पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएंगे। घर-घर भाजपा के झंडे लगाए जाएंगे। गांवो में कार्यकर्ता रैलियां भी निकालेंगे। 6 अप्रेल के भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए कोटा शहर की जिला टीम में पूर्व महापौर महेश विजय, महेश आहूजा, कुलदीप सिंह तलवार व महावीर नायक को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री शहर से मुकेश विजय, देहात से ललित शर्मा, शहर से जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, नेता खंडेलवाल, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, जयदेव सुखेजा, हरिहर गौतम, जिला मंत्री देहात से बादल नायक, अनुराधा मीणा, मंडल अध्यक्ष पन्नालाल बंजारा, रामचंद्र नागर, दिनेश सरसिया, अक्षय चौधरी, मनोज तलाईचा, मनोज गोस्वामी, मंडल प्रतिनिधि महेन्द्र गर्ग, सोनिया सिंह राठौड़, हरकचंद जैन, सिम्पल शर्मा, कोटा देहात से मंडल अध्यक्ष सावर लाल मेघवाल, जयवीर सिंह, चंद्रप्रकाश सोनी, हरिओम नागर, विजय शंकर सैनी, हरिओम पुरी, विरेन्द्र सुमन, प्रवीन मीणा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वूमेंस क्लब द्वारा मनाया गणगौर महोत्सव, 16 श्रृंगार कर महिलाओं ने बिखेरे जलवे



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शहर के रोटरी क्लब मे शुक्रवार को विकास नगर वूमेंस क्लब द्वारा गणगौर महोत्सव मनाया गया ।कार्यक्रम संयोजक एवं क्षेत्रीय पार्षद शांति सोनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकास नगर कॉलोनी की महिलाओं ने ईसर गणगौर की पूजा अर्चना कर गणगौर उत्सव की शुरुआत की तथा गणगौर के महत्वता को बताने वाले लोकगीतों पर विभिन्न नृत्य एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा रहे उन्होंने सभी महिलाओं को अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद दिया एवं विजेताओं को पुरस्तकृत किया निर्णायक रूप मे यशवी कुमारी सिंह एवं सरस्वती सोनी रही । इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता मे कनिष्ठ वर्ग में अंजना शर्मा प्रथम एवं रिया सिंह द्वितीय रही, वरिष्ठ वर्ग मे सीमा धाबाई प्रथम एवं शकुंतला शक्तावत द्वितीय रही युगल डांस मे अनिशा जाजू एवं चारु शर्मा प्रथम एवं पूनम माहेश्वरी एवं रिंकी असवानी द्वितीय इशिका धनवानी एवं तान्या धनवानी तृतीय स्थान पर रही । युगल डांस वरिष्ठ वर्ग मे निर्मला जाजू एवं रुक्मणी लाठी प्रथम रेखा सिंह एवं सिमरन राजानी द्वितीय रही मेहंदी प्रतियोगिता में शालिनी मित्तल प्रथम और सीमा फ्लोड तथा पायल बांगड़ द्वितीय,प्रियंका भूतरा तृतीय स्थान पर रही एकल नृत्य में कनिष्ठ वर्ग में अंजना एवं रेखा द्वितीय रही पाठक प्रथम वरिष्ठ वर्ग में सीमा दवाई प्रथम शकुंतला शक्तावत द्वितीय रही युगल नृत्य में कनिष्ठ वर्ग में अनीशा शर्मा एवं चारू शर्मा प्रथम एवं पूनम माहेश्वरी एवं रिंकी तथा इसी का एवं तानिया धनवानी पहनो प्रतियोगिता में कविता जावर प्रथम एवं रवीना सवैया द्वितीय स्थान पर रही ।नगर वूमेन एस क्लब की नेहा सोमानी निधि सोमानी प्रतिभा लड़ा मीनाक्षी निंबार्क मीनाक्षी सोमानी सुषमा मित्तल सोनू जाजू सीमा जाजू रानू खंडेलवाल आदि कॉलोनी बड़ी संख्या मे कॉलोनी की महिलाये उपस्थित रही ।



# उमरेह गांव के नर कोटे में किसान के खेत में लगी गेहूं की फसल में आग

## करीब डेढ़ बीघा खेत की फसल जलकर हुई खाक,ग्रामीणों के सहयोग से पाया काबू

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के उमरेह ग्राम पंचायत के नर कोटे में खेत में रखी गेहूं की कटी फसल में अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है।

घटना शुक्रवार को दिन में करीब दो बजे की बताई जा रही है। पीड़ित किसान ने अपने करीब डेढ़ बीघा खेत की कटी फसल को काटकर एक स्थान पर एकत्रित किया हुआ था और उसके सूखने का इंतजार किया जा रहा था। इस दौरान अज्ञात कारणों से कटी फसल में आग की भेंट चढ़ गई। घटना के बाद जैसे-तैसे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया है लेकिन पूरी फसल जलकर खाक हुई है।

उमरेह गांव निवासी ग्रामीण बच्चू सिंह ने बताया कि गांव के नर कोटे में पीड़ित माखन पुत्र लाखन सिंह मीणा के डेढ़ बीघा खेत में गेहूं की फसल हुई थी। जिसे 2 दिन पूर्व ही माखन ने कटवा कर एक स्थान पर एकत्रित किया हुआ था।सूखने के बाद उसे थ्रेसर से अलग करना था। लेकिन इससे पूर्व ही आज दिन में करीब 2 बजे अचानक से पूरी फसल से आग की लपटें निकलने लगी। ग्रामीणों ने चिल्लाते हुए लोगों को एकत्रित किया और आसपास के इंजन एवं अन्य जलीय संसाधनों से फसल की आग पर काबू पाया। इस दौरान पूरी फसल जलकर खाक हो गई।

घटना के बाद सूचना पर राजस्व विभाग की हल्का पटवारी सुनीता मीणा मौके पर पहुंची है और आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान माखन मीना की आग लगने से फसल के हुए नुकसान को लेकर प्रशासन से मदद की मांग की है।

# मातृशक्ति ने भरी हुंकार,रामजन्मोत्सव में आने को तैयार

## शिक्षण संस्थानों में पीले अक्षत का वितरण कर स्टीकर का हुआ विमोचन

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** मां मधुर सेवा संस्थान भरतपुर के तत्वावधान में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में आगामी 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली श्री रामजन्मोत्सव शोभायात्रा के लिए जनसंपर्क कर पीले अक्षत बांटकर निमंत्रण दिया गया ।

समिति के सचिव वैभव उपमन ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आमजन में प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा को लेकर खासा उत्साह है जिसमें नारी शक्ति भी नवरात्र के उपवास होने के बावजूद महती भूमिका निभा रहीं है इसी क्रम में संस्थान द्वारा भरतपुर की कई शिक्षण संस्थानों में जनसंपर्क कर शिक्षाविद पवन सिंह भगोर तथा संस्थान की पूरी टीम के साथ पीले अक्षतों का वितरण किया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को इस पावन कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आह्वान किया गया । ब्राह्मण सभा के मनीष तिवारी ने भी युवाओं को अधिक से अधिक भाग लेने की बात कही ।

इस अवसर पर महिला शक्ति द्वारा नेहा सिंह , स्वाती दीक्षित व चांदनी तिवारी के नेतृत्व में स्टीकर का विमोचन भी किया गया । इस अवसर पर जगदीश उपमन , डॉ. रवि शर्मा , पवन सिंह , सचिन मेवाड़ , ओपी शर्मा , मोरध्वज सिंह , राजेंद्र मदेरणा , ओमवीर सिंह ,देवेंद्र लवानियां , डॉ. शिवकुमार , अध्यापिका सुरभि पाराशर, नीलम सैन , अमित गौरावर, मनीष शर्मा , चंदा गुर्जर आदि उपस्थित थे ।

# रामजन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की बैठक अयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** 6 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर आयोजित राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा को लेकर ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों की बैठक परशुराम मंदिर पर आयोजित हुई जिसमें ब्राह्मण समाज की ओर से भव्य झांकी निकालने का निर्णय लिया गया । ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष व बरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में तय किया गया कि आगामी 6 अप्रैल को चांदपोल गेट के सामने स्थित परशुराम मंदिर पर सभी ब्राह्मण समाज के लोग दोपहर 2 बजे एकत्रित होंगे और एकरूपता के साथ परिधान व साफा धारण कर झांकी के साथ चलेंगे । इस मौके पर श्री राम जन्मोत्सव की शोभायात्रा के पोस्टर का भी विमोचन किया गया ! इस दौरान भगवान परशुराम जी व महायज्ञ की भव्य झांकी सजाकर शोभायात्रा में शामिल करने का निर्णय लिया गया । बैठक में ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष सुशील पाराशर, टेक्नोलॉजी पार्क के निदेशक आलोक शर्मा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री डॉ दयाचंद पचौरी, विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेश अध्यक्ष इंदुशेखर शर्मा, प्रदेश महामंत्री देवाशीष भारद्वाज, ब्राह्मण महासभा के महामंत्री जीवनलाल शर्मा, ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रवक्ता शिवकुमार वशिष्ठ गुड्डा,रविंद्र मोहन शर्मा, प्रभु दयाल कटारा,मदन गोपाल शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, अशोक शर्मा सारस, नेमीचंद मुदगल, भूपेंद्र शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा ,राजेंद्र जति, बृज किशोर शर्मा, गंगाराम पाराशर, प्रिंस शर्मा ,अनिल भारद्वाज, हेमंत उपमन, राजू पंडित , माधव भारद्वाज, बनवारी लाल शर्मा, लालचंद शर्मा, दुष्यंत शर्मा, पवन पाराशर, सुरेश शर्मा आदि विप्र समाज के लोग मौजूद रहे । संचालन सुशील पाराशर ने किया । आभार इंदुशेखर शर्मा ने व्यक्त किया ।

## गर्ग ने ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के बनवाने के उपमुख्यमंत्री को भिजवाये प्रस्ताव

### सड़कों के बनने से ग्रामीणों की होगी राह आसान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भरतपुर विधान सभा क्षेत्र के विकास को लेकर निरन्तर प्रयासरत पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी को प्रस्ताव भिजवाकर ग्रामीण क्षेत्रों की 40 किलोमीटर से अधिक लम्बी 29 सडकों का नवीनीकरण एवं मिसिंक सड़कों को स्वीकृत कराने का आग्रह किया है। इन सडकों के बनने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की राह आसान व सुगम हो सकेगी।

डॉ. गर्ग ने उपमुख्यमंत्री को सम्पर्क सडक डिपो से कंजौली, सौंख रोड से नगला हरचन्द, नौंह-नौगाया-पीपला रोड से नगला केवल, ठेई से बिरवई, सम्पर्क सडक सेवर बाईपास से सेह का नगला, बहनेरा से नगला अभयराम, जाटौली रथभान से कारौठ, गांमडी से पीपला, सम्पर्क सडक कुम्हेर रोड से गुण्डवा, चिकसाना से हसैला बॉर्डर, घुस्यारी से यूपी बॉर्डर, एनएच-11 से सुनारी रोड वाया नगला भगत, नौह-नौगाया सडक-गांमडी सडक से पीरनगर, गांमरी-नगला परशुराम सडक से नगला नन्दराम सडक, एवं सम्पर्क सडक मथुरा रोड से मौरोली कलां तक की करीब 22 किलोमीटर तक की 15 सडकों के नवीनीकरण के प्रस्ताव भिजवायें हैं।

इसी प्रकार विधायक डॉ. गर्ग ने भाण्डौर कलां से भाण्डौर घना की ओर, भाण्डौर खुर्द से शमशान की ओर, चक दौलतपुर से गोबरा की ओर, मुरवारा स्कूल से बाया बंध नगला माली तक, प्रहलाद किरोडी के घर से हथैनी चौराहे तक, मौरोली से रारह तक, कुम्हेर रोड से अड्डी तक, कन्या विद्यालय पीपला से जाटौली-नौगाया सडक, रमेश पटवारी के घर से महरामन की ओर (सूती), सैंथरा शमशान तक हथैनी रोड तक, मथुरा रोड से धौरमुई रेल्वे स्टेशन तक, एनएच-11 से बछामदी तक, बिलौठी से अठेरा चौराहे की ओर तथा खैमरा से बिरावई तक की करीब 20 किलोमीटर लम्बी 14 मिसिंक लिंक सडकों के प्रस्तावों को स्वीकृत कराने के लिए प्रस्ताव भेजे हैं।


विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने बताया कि शहरी क्षेत्रों की करीब 35 करोड रुपये की लागत से बनाये जाने वाली सडकों के भी प्रस्ताव भिजवाये जा रहे हैं। ग्रामीण व शहरी सडकों के बन जाने से लोगों की राह आसान होगी और यातायात सुगम हो सकेगा साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का शहर से जुडाव आसान हो सकेगा।

## राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा भरतपुर का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 7 अप्रैल को

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा भरतपुर की कार्यकारिणी संस्था के जिलाध्यक्ष डोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्व सम्मति से जिले का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 7 अप्रैल 2025 सोमवार को भरतपुर विकास प्राधिकरण के ओडोटोरियम में कराने का निर्णय लिया गया। संस्था के जिलाध्यक्ष बोरी लाल शर्मा ने अवगत कराया है कि कार्यक्रम राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर की अध्यक्षता एवं राजस्थान सरकार में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा जिसमें भरतपुर संभाग के सभी 6 जिला अध्यक्षों के साथ कोटा जिलाध्यक्ष बारा अजमेर व्यावर अलवर, श्री गंगानगर के जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं महामंत्री भी भाग लेंगे।

## भुसावर और तरकमा में होगे कार्यक्रम पूर्व सांसद पंडित रामकिशन लेगे भाग

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** समाजवादी शताब्दी पुरुष पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन रविवार 6 अप्रैल को कस्वा भुसावर और ग्राम तरकमा में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेगे । किसान नेता इन्दल सिंह ने बताया कि पानी के मुद्दे को लेकर ग्राम तरकमा में किसानों की बैठक होगी । मिट्रिंग की तैयारिया पूर्व उप सरपंच मोहन सिंह तरकमा कर रहे है , बैठक में आसपास के ग्रॉवों के गणमान्य नागरिक भी हिस्सा लेगे ।किसान नेता इन्दल सिंह जाट के अनुसार पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन कस्वा भुसावर में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर आयोजित शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि होगे जो झन्डी दिखाकर यात्रा का शुभारम्भ करेंगे और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेगे । पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का यह वर्ष जीवन का सौवाँ जन्म साल है जो उनके शुभचिन्तकों और सहयोगियों द्वारा पूरे वर्ष भर सम्मान समारोह जगह जगह आयोजित होगे । इन दोनों अलग-अलग कार्यक्रमों में पंड़ित रामकिशन का सम्मान भी किया जायेगा । कार्यक्रमों में किसान नेता इन्दल सिंह जाट भी हिस्सा लेगे ।

## भाजपा स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष शिवानी दयामा ने किया बयाना का दौरा, कहा-पार्टी कार्यकर्ता 6 अप्रैल को अपने घरों पर भाजपा ध्वजा लहराए

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** भरतपुर भाजपा की जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने शुक्रवार को बयाना का दौरा किया। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। कार्यकर्ताओं ने साफा-शॉल और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया।

दायमा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का 45वां स्थापना दिवस है। उन्होंने कहा कि 1980 में सुदृढ़, सशक्त और स्वावलंबी भारत के लिए भाजपा की स्थापना हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पार्टी अपने उद्देश्यों की दिशा में आगे बढ़ रही है।

जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से स्थापना दिवस पर अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर पार्टी का ध्वज फहराने का आह्वान किया। उन्होंने समाज सेवा के कार्यक्रम आयोजित करने का भी आग्रह किया।

कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रमन धाकड़, कल्याण फाउंडेशन अध्यक्ष विनय अग्रवाल, बंध बारैठा मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुर्जर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कृष्णमुरारी धाकड़, किशन चंद गुप्ता, नरेश कुंभज, पूर्व पार्षद सुनील कटारा, भगवान स्वरूप शर्मा, प्रदीप आर्य, सौरभ गर्ग, राजेंद्र धाकड़, डॉ पदम सिंह धाकड़, विष्णु भगवान शास्त्री, डॉ कुमर सिंह कोली, दीवान सिंह, गंगाराम धाकड़, हरीकिशन धाकड़, सुमरन सिंह धाकड़, धाकड़ समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला धाकड़, सखी धाकड़, सुनीता धाकड़, गौरव, सागर समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धौलपुर में सूने मकान में चोरी- 60 हजार रुपए और 800 ग्राम चांदी के गहने ले गए चोर, मालिक गया था गांव

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। उम्मेदी नगर मोहल्ले में गुरुवार रात को चोर ताला तोड़कर घर में घुसे। मकान मालिक कृष्णकांत शर्मा दो दिन से गांव गए हुए थे। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे पड़ोसी ने फोन कर टूटे ताले की सूचना दी। कृष्णकांत तुरंत गांव से लौटे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोर 60 हजार रुपए नकद और 800 ग्राम चांदी के आभूषण ले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मकान मालिक के अनुसार पूरे घर की जांच के बाद ही चोरी का सही आकलन हो सकेगा। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की है।

## जगन सिनेमा के सामने ट्रांसफॉर्मर में लगी आग: लोगों में मची अफरा-तफरी, फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने पाया काबू

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के मुख्य चौराहे पर स्थित जगन सिनेमा के सामने एक विद्युत ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। रात करीब 1 बजे अचानक ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से आस पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

कोतवाली पुलिस को सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह चौराहा शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक है। रात का समय होने के कारण चौराहे पर लोगों की आवाजाही कम थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।कुछ दिन पहले ही शहर में सार्वजनिक स्थानों पर लगे खुले ट्रांसफॉर्मरों को लेकर विद्युत निगम के अधिकारियों को चेतावनी दी गई थी, लेकिन निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यह घटना दिन में हुई होती तो चौराहे पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी के कारण बड़ा नुकसान हो सकता था।

## नवदुर्गा महोत्सव में गुरुवार की रात हुआ कव्वालियों का मुकाबला

## कानपुर से आये कव्वालों ने बिखेरा समा,दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** चैत्रीय नवरात्र में शहर की आस्था के केंद्र मां राज राजेश्वरी के मेले में नगर पालिका द्वारा नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार की रात कव्वालियों का महा मुकाबला देखने को मिला। कानपुर से आई महिला कव्वाल सनम वारसी और पुरुष कव्वाल शरीफ परिवाज की टीमों के बीच जमकर मुकाबला हुआ। दोनों कव्वालों ने एक दूसरे पर जमकर तंज कसे। ऐसे में दर्शक भी मंत्रमुग्ध हो गए। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा।

नवदुर्गा महोत्सव में मेला मंच का संचालन कर रहे बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि नगर पालिका मेला अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और उनकी टीम द्वारा कानपुर से महिला कव्वाल सनम वारसी और पुरुष कव्वाल शरीफ परवाज की टीम को बुलाया गया था।

इनका कव्वालियों का मुकाबला शाम 9 बजे से शुरू हुआ जो रात 2 बजे तक जारी रहा। इस दौरान कव्वालियों के कार्यक्रम से पूर्व मेले में पहुंचे अतिथियों का मेला कमेटी और नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिसमें कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान,समाजसेवी डॉ नीरज चौहान, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इरफान अहमद,मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सेफ सईद उर्फ बाबुल भाई,कांग्रेस सेवादल की जिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित,सेवादल के जिला प्रभारी सुलेमान फारूकी के साथ राजकुमार कंसाना का मंच से मिला कमेटी के अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और टीम द्वारा सम्मान किया गया।

# महिला ने ससुराल वालों को चाय में दिया जहर

## दूसरे दिन खुद भी पीया, विवाहिता सहित 4 लोग अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के कोतवाली थाना इलाके के समोना गांव में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों को चाय के साथ जहर पिला दिया। दूसरे दिन महिला ने खुद भी जहर पी लिया। महिला सहित ससुराल पक्ष के लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवाहिता ललितेश ने गुरुवार को चाय में विषाक्त पदार्थ मिलाकर अपने ससुर पप्पू, सास और जेठानी राजकुमारी को पिला दिया। तीनों की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन शुक्रवार को ललितेश ने खुद भी जहर पी लिया। उसे गंभीर हालत में





अस्पताल में भर्ती किया गया है। पति बृजेश के अनुसार, उसकी शादी ललितेश से छह महीने पहले मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में हुई थी। शादी के बाद से ही ललितेश मानसिक रूप से परेशान रहती थी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## चैत्रीय नवरात्र में सप्तमी को लगा रानपुर रोड बिजासन माता का मेला

### परिवार सहित श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच कुलदेवी को लगाई ढोक



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** चैत्रीय नवरात्र में माता रानी की भक्ति और श्रद्धा जगह-जगह देखने को मिल रही है। शहर के रानपुर रोड स्थित बीजासेन माता के मंदिर पर जहां शुक्रवार को मेला भरा है, वही धौलपुर रोड स्थित काली माई मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। सप्तमी को मां कालरात्रि की पूजा की गई और भक्त माता के मंदिरों में पहुंच माता रानी का आशीर्वाद लिया गया।

रानपुर रोड स्थित बीजासेन माता मंदिर के पुजारी महतो भगत ने बताया कि हर नवरात्र में यहां माता रानी का सप्तमी को मेला भरता है। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। जिनके यहां शादियां होती हैं वह अपनी कुल बहू को जोड़े के साथ लेकर आती हैं। वहीं जहां संतान उत्पन्न होती है उसको लेकर भी माता रानी पर विशेष पूजा की जाती है। माता रानी की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है।यहां बिजासन माता की पूजा अर्चना के साथ हवन यज्ञ भी किया जाता है। परिवार सहित लोग पूरी,हलवा और खीर के साथ अन्य प्रसादी लेकर मंदिर पहुंचे और देर शाम तक मेला जारी रहा।

### काली माई मंदिर पर विशेष पूजा,दिन में निकलेगी सवारी

शहर के धौलपुर रोड स्थित काली माई मंदिर पर भी आज सप्तमी को विशेष पूजा अर्चना की गई। शाम को देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या में चरी नृत्य एवं कालबेलिया एवं घूमर ने दर्शकों का जोरदार मनोरंजन किया



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** मेला श्री राड़ी के बालाजी मंदिर परिसर में चल रहे ''चैत्र नवरात्रा महोत्सव-2025'' के पांचवें दिन गुरूवार रात्रि को आयोजित भव्य ''राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या'' में अन्तर्राष्ट्रीय लोक कलाकारों दी गई चरी नृत्य, घूमर नृत्य एवं कालबेलिया नृत्य की एक से बढ़कर एक जोरदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों ने देर रात तक कार्यक्रम से जोड़े रखा।

इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झालावाड़ के वरिष्ठ अधिवक्ता राम माहेश्वरी, महावीर सेवादल के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मित्तल, महावीर सेवादल के अध्यक्ष संजय जैन ताऊ, मुकेश खण्डेलवाल, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राजकुमार सोनी सहित महावीर सेवादल के कार्यकर्त्ताओं ने मंच पर विराजमान श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर एवं पूजा अर्चना कर भव्य ''राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या'' का शुभारम्भ करवाया। भव्य ''राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या'' में प्रस्तुति देने आये वीरू नागौरी, रामू मारवाड़ी, लोकेश चौधरी, नन्दू मारवाड़ी, तन्नुसिंह राजस्थानी लोक कलाकारों रामू मरवाड़ी का महावीर सेवादल की ओर से अध्यक्ष संजय जैन ताऊ सहित कार्यकर्त्ताओं ने पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का धमाकेदार मंच संचालन अनिल कसेरा एवं लोकेश व्यास ने किया।

भव्य ''राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या'' में सर्वप्रथम कलाकार रामू मारवाड़ी ने चरी सिर पर रखकर राजस्थानी गीत ''रिमझिम बेवड़ लो..! घुमाई तत्पश्चात राम मेरे घर आना...! गीत पर चरी नृत्य करते हुए दर्शकों के बीच जाकर उनका मनोरंजन किया। इसी प्रकार चित्रकूट के घाट-घाट पर भीलनी जोवे बाट.. राम मेरे घर आना गीत पर चरी नृत्य किया।, वहीं तन्नुसिंह ने ''मोरनी बागा में बोले आधी रात मां..!''गीत पर जोरदार बालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी। ''राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या'' के दौरान कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा, चंद्रमोहन धाभाई, लेखराज लोधा, बण्टी खण्डेलवाल, वीरेंद्र वीरू, राहुल पटवा, उपेश वाजपेई, ओम प्रकाश यादव, दीपांकर नागर, जीतु टेलर, मनीष बैरागी टीकम सहित कार्यकर्ता ने सहयोग किया।

# मुला मातारानी के चैत्र नवरात्रि मेले के पांचवे दिवस भव्य बगड़ावत मंचन रात्रि दो बजे तक चला

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के राजमार्ग स्थित प्राचीन शक्तिपीठ स्थल मूला माता मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति आयोजित नो दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले के पांचवे दिवस गुरुवार को मेले के रंगमंच पर भव्य बगड़ावत मंचन कार्यक्रम आयोजन किया गया।जिसमें बालूराम गाडरी सिंदेसरकलां,सहगायक माधुलाल गुर्जर के तत्वावधान में भव्य बगड़ावत मंचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।यहां बगड़ावत मंचन कार्यक्रम का करीब रात्रि दो बजे तक मेलार्थियो द्वारा लुत्फ उठाया गया।साथ ही मेले में प्रस्तुत विभिन्न आकर्षक झांकियां आगंतुक भक्तों एवं श्रद्धालुओं सहित मेलार्थियों में आकर्षण का बनी रही।

मूला माता मंदिर कपासन ट्रस्ट अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि मुला मातारानी के दरबार में आयोजित नो दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले के पांचवे दिवस देवीलाल हलेड, नंदकिशोर,प्रेमशंकर,सुरेशचंद्र,सोहनलाल,अरुणकुमार खेमली,विनोद सरदारगढ़,सुरेशचंद्र सनवाड़,रतनलाल कपासन आदि क्षेत्रीय गणमान्यजनों द्वारा मेले में शिरकत कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।इस दौरान आगंतुक अतिथियों का मुला माता मंदिर ट्रस्ट सदस्यों द्वारा उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुला मातारानी के दरबार में आयोजित नो दिवसीय भव्य चैत्र नवरात्रि मेले में आसपास एवं समीपवर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आगंतुक भक्तों एवं श्रद्धालुओं हेतु मुला माता मंदिर परिसर में विशाल महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है।जिसका भक्तगण मुला माता मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि उक्त विशाल महाभंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु मुला मातारानी के प्रसाद का लाभ ले रहे है।साथ ही 5 अप्रैल मेले के रंगमंच पर एक शाम मुला माता के नाम भजन संध्या,6 अप्रैल यश म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या तथा 7 अप्रैल को रंगारंग कार्यक्रम सहित भव्य आतिशबाज़ी के साथ रावण दहन होगा।इस नो दिवसीय मेले के सफल आयोजन हेतु शंकरलाल




जाट बालारड़ा,नपा कपासन पार्षद प्रतिनिधि ललित टांक,उदयलाल आचार्य,नानालाल आचार्य आदि भक्तो एवं श्रद्धालुओं सहित नगरवासियों द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# श्री रामनवमी महोत्सव पर कल कपासन में विशाल वाहन रैली एवं संतों के सानिध्य में धर्मसभा का आयोजन

## यहां वाहन रैली मार्ग भगवा ध्वज एवं स्वागत द्वारों से सजकर तैयार

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** श्री रामनवमी महोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु शुक्रवार को बजरंगदल द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

बजरंग दल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि श्री रामनवमी महोत्सव 6 अप्रैल रविवार को 4 बजे विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जायेगा।उक्त वाहन रैली का नगर के मुख्य मार्ग स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर पंचायत समिति से शुभारंभ होगा।जिसमे जिसमें बेवाण,विविध धार्मिक-सामाजिक एवं राष्ट्रीय महत्व संबंधित विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की जायेगी।यहां वाहन रैली उपरांत चेतनदास महाराज मुंगाणा धाम,अभयदास महाराज,



त्रिकमदास धाम पाली एवं राष्ट्रीय संत अनुजदास महाराज आदि संतों के सानिध्य में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जायेगा।जिसमे सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर तुलछिया,सह प्रमुख ब्यावर परियोजना पृथ्वी सिंह भोजपुरा,क्षेत्रीय संयोजिका दुर्गा वाहिनी लता पंड्या आदि अतिथि रूप में उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि नगर कपासन में श्री रामनवमी महोत्सव को उत्साह एवं भव्यतापूर्वक मनाने हेतु यहां वाहन रैली मार्ग को स्वागत द्वार एवं भगवा ध्वज लगाकर सजाया गया है।साथ ही कार्यकर्ताओ द्वारा घर-घर जाकर कार्यक्रम की सूचना के साथ भगवा ध्वज, उपरना व दंड वितरित कर श्री रामनवमी महोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है। इस प्रेस वार्ता दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार बारेगामा,प्रखंड अध्यक्ष मुकेश जागेटिया,मंत्री गोपालकृष्ण काबरा,संरक्षक लाला चाष्टा,नगर अध्यक्ष छोटू वैष्णव,भारत विकास परिषद के बादशाह सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नैनवां पालिका के वार्ड तीन में शामिल होने पर जताया राज्य सरकार का आभार

### केवट नगर के वांशिदो ने दिया राज्यपाल के नाम ज्ञापन




बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** राजस्थान नगरपालिका परिसीमांकन एंव पुर्नगठन के वार्ड तीन में शामिल हुए केवट नगर के वांशिदो ने खुशी जताते राज्य सरकार का आभार जताया है। शुक्रवार को केवट नगर के वांशिंदो ने उपखण्ड कार्यालय पर राज्यपाल के नाम का एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को दिया गया है। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान नगरपालिका परिसीमांकन एंव पुर्नगठन के तहत खानपुरा पंचायत के केवट नगर को वार्ड तीन में शामिल किया गया है। जिससे आमजन खुश है। केवट नगर नैनवां द्वितीय मण्डल एंव खानपुरा पटवार मंडल में आधा आधा बसा हुआ है। जिसके चलते यहां के वांशिंदो को आजादी के आज दिन तक आवासीय पट्टे नहीं मिले ओर किसी प्रकार की सरकारी योजनाओ का भी लाभ नहीं मिल पाया। केवट नगर नैनवां के समीप होने एंव भौगौलिक स्थिति के होते हुए राज्य सरकार द्वारा केवट नगर को वार्ड तीन में शामिल किया जाना जनहीत में है। खानपुरा को वापिस पंचायत रखे जाने को लेकर लगातार जारी आन्दोलन का कभी भी केवट नगर के वांशिदो ने समर्थन नहीं किया है। केवट नगर पैराफेरी बेल्ट में होने से उपेक्षित है। नैनवां वार्ड तीन में शामिल किया जाने पर लोगो को लगा था कि वर्षो से उपेक्षित केवट नगर के वांशिदो को भी पालिका द्वारा पट्टे दिये जायेगें। लेकिन कुछ राजनैतिक लोगो के दबाव के चलते केवट नगर की आमजन की राय बगैर अधिसूचना को निरस्त कर मजरा कीरो का झोपड़ा को पुन: ग्रांम पंचायत खानपुरा में मिला दिया गया तो समस्त मजरा के वांशिंदे मजबूरन आन्दोलन करने पर उतारू होना पड़ेगा। ज्ञापन के दौरान दो दर्जन से अधिक ग्रांमीणजन मौजूद रहे।

## मुस्लिम महासभा चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष पद पर कपासन के आबिद हुसैन पठान मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** मुस्लिम महासभा के जिलाध्यक्ष पद पर कपासन निवासी आबिद हुसैन पठान को किये जाने से क्षेत्रीय समाजजनों एवं युवा वर्ग में हर्ष व्याप्त है। जानकारी अनुसार मुस्लिम महासभा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रियाजुद्दीन शेख द्वारा जारी नियुक्ति पत्रनुसार राष्ट्रीय कोर कमेटी की अनुशंसा पर नगर पालिका कपासन निवासी आबिद हुसैन पठान को मुस्लिम महासभा चित्तौड़गढ़ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।साथ ही उक्त जारी नियुक्ति पत्र में समाज एवं जनहित में कार्य करते हुवे मुस्लिम महासभा संगठन को मजबूत प्रदान करने की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। इधर कपासन निवासी आबिद हुसैन पठान का मुस्लिम महासभा के चितौड़गढ़ जिला अध्यक्ष पद पर मनोनयन होने से क्षेत्रीय मुस्लिम समाज एवं युवा वर्ग में हर्ष बना रहा।साथ ही स्नेहीजनों द्वारा शुभकामनाएं देने का क्रम बना रहा।

# साध्वियों ने आगामी महावीर जयंती को कपासन में मनाने का आश्वासन दिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में श्रावक-श्राविकाओं द्वारा नगर के अंबेश भवन में विराजित साध्वियों से आगामी महावीर जयंती तक नगर में प्रवास करने का आग्रह किया गया। जानकारी अनुसार नगर कपासन स्थित अंबेश भवन में विराजित साध्वी विश्व वंदना एवं डॉ. वंदना आदि ठाणा 2 के समक्ष श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के संयोजन में श्रावक-श्राविकाओं द्वारा आगामी 10 अप्रैल महावीर जयंती तक नगर में प्रवास का आग्रह किया गया।जिस पर साध्वियों द्वारा प्रवचन के दौरान महावीर जयंती कपासन नगर में मनाने का श्रावकों को आश्वासन प्रदान किया गया।

इस मौके पर श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,संरक्षक शंकरलाल



लोढ़ा,प्रकाश आंचलिया, हेमंत सिरोया, रूपलाल डांगी,अनिल बाघमार, चंदनबाला महिला मंडल महामंत्री सुनीता सांवला, कोषाध्यक्ष अंगूरबाला सिरोया,मीना पानगडिया,चंदा सांवला आदि स्थानीय श्रावक-श्राविका उपस्थित रहे।

## कपासन में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण 14 अप्रैल को होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के प्रस्तावित स्थल पर निर्माणाधीन विकास कार्य का जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देशानुसार 14 अप्रैल को नगर के चित्तौड़ मार्ग स्थित अंबेडकर भवन में संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कार्य प्रस्तावित है।जिसके तहत शुक्रवार को अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर निर्माणाधीन विकास कार्य का नपाक जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण किया गया।साथ ही सम्बन्धित संवेदक को गुणवत्तायुक्त विकास कार्य पूर्ण करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,नपाक पार्षद अशोक विजयवर्गीय, गोपाल पुर्बिया,किसान मोर्चा अध्यक्ष शम्भुलाल बागड़ा,पुर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष बारेगामा,पार्षद प्रतिनिधि गौरव दाधीच आदि उपस्थित रहे।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों ने ली शपथ




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा की रोकथाम के लिए जिला कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा जैसे पर्वों पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के उद्देश्य से बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने राजकीय नर्सिंग सेंटर, सांवलियाजी राजकीय जिला सामान्य चिकित्सालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में नर्सिंग सेंटर के सभी विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल विवाह की हानियों, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई और बाल विवाह से संबंधित किसी भी घटना की शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के कोऑर्डिनेटर नवीन किशोर काकडदा, काउंसलर करण जीनवाल, टीम सुपरवाइजर राहुल सिंह, टीम मेंबर ईरफान मो. शोरगर एवं पारस पूर्विया उपस्थित रहे। इसके अलावा, राजकीय नर्सिंग सेंटर के प्रिंसिपल राकेश जीनगर, श्रुति शर्मा, एवं गायत्री सेवा संस्थान से अब्दुल वाहिद भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# परिसिमन में विसंगतियों को लेकर कांग्रेस का प्रर्दशन

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन ( नि.स. )।** नगर कांग्रेस कमेटी झालरापाटन के तत्वाधान में नग्र कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं नगर पालिका कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को नगर कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रकाश लाला राठौर के नेतृत्व में ज्ञापन दिया ।

अधिशासी अधिकारी को बताया कि परिसीमन में भारी विसंगतियां एवं जानकारी का अभाव रहा है साथ मापदंड के अनुसार परिसीमन नहीं किया गया कुछ भागों का क्षेत्रफल मतदाताओ का वार्डों में तीन गुना से अधिक है साथ कुछ वार्डों में मतदाताओं की संख्या पांच सौ और कुछ वार्डों में मतदाताओं की संख्या 15 00 इस तरह से परिसीमन किया गया है जो भारी विसंगति को दर्शाता है वार्डों में गलत पट्टी जोड़कर वार्ड बनाया गये है।वार्ड नमबर दस को जिसकी मतदाता संख्या 2021



मै 1074 थी ।उसमें बिना कोई भाग जोड़े छोटे छोटे तीन वार्ड बना दिए नेता प्रतिपक्ष खालिद अहमद ने कहा परिसीमन द्वेषता की भावना एवं कर्मचारियों ने दबाव में आकर काम किया है जो गलत है ।पार्षद नदीम मंसूरी ने बताया परिसीमन में काल्पनिक सीमा मानक उपयोग अधिक किया गया है मालीपुरा,ग्रोथ सेंटर, माधोपुर,को जोड़ने का उद्देश्य व्यतिगत लाभ की भावना को दर्शा रहा है ।इस अवसर पर मौजूद रहे पार्षद अशोक पुष्पद कासिम भट्टी, विल्सन सुमन शंकर रेगर, मुकेश खामोरा, नरेंद्र गौड़,नवीन मेघवाल , रिजवान अहमद, मंगल गुर्जर, कमलेश कंवर, विक्की सक्सैना, इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में टीम चयन की ट्रायल 5 को

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** कोटा में दिनांक 09 से 11 अप्रेल तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अण्डर-20 फ्री स्टाईल (पुरुष/महिला) कुश्ती एवं ग्रीको रोमन प्रतियोगिता हेतु जिले की टीम का चयन करने हेतु ट्रायल शनिवार 05 अप्रेल को रखा गया है। जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ (ओप) चित्तौड़गढ़ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर ने बताया कि जिले की टीम चयन हेतु ट्रायल शनिवार सायं 5 बजे से खाकी जी की कुई पर सत्यनारायण व्यायामशाला परिसर में होगा। इससे पूर्व पहलवानों का वजन लिया जायेगा।

संघ सचिव रतन गुर्जर ने बताया कि फ्री स्टाईल पुरुष वर्ग 57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 व 125 किग्रा भार वर्गों में, महिला वर्ग 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72 व 75 किग्रा भार वर्गों में तथा ग्रीको रोमन प्रतियोगिता 55, 60, 63, 67, 72, 77, 82, 87, 97 व 130 किग्रा भार वर्गों में आयोजित की जाएगी।

कोषाध्यक्ष भंवरसिंह चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में 2005 से 2007 के बीच जन्म लेने वाले पहलवान भाग लेंगे। 2008 में जन्मे पहलवान मेडिकल प्रमाण पत्र के आधार पर भाग ले सकेंगे। ट्रायल में भाग लेने वाले सभी पहलवानों को पासपोर्ट, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आरएसडब्ल्यूए लाईसेंस बुक की मूल प्रति व फोटो कॉपी साथ में लानी होगी।

# न्युवोको विस्टास को वडराज सीमेंट लिमिटेड को अधिग्रहित करने के मिली मंजूरी

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल मुंबई बेंच ने इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 के तहत कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी प्रक्रिया में वडराज सीमेंट लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी ने इस संबंध में एक विशेष आदेश जारी किया है। समाधान योजना में 1,800 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान शामिल है। न्युवोको को अपने कंसोलिडेट डेट स्तरों में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना ट्रांजेक्शन को फंड देने का इरादा रखती है। यह अधिग्रहण न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड की पूर्ण ओनरशिप वाली सहायक कंपनी वान्या कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद समाधान योजना में तय किए गए फॉर्मूले के अनुसार वान्या का वीसीएल में विलय कर दिया जाएगा। विलय के बाद, वीसीएल कंपनी की पूर्ण ओनरशिप वाली सहायक कंपनी बन जाएगी। न्युवोको लगभग एक हजार से 1,200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश एसेट्स को फिर से चालू करने के लिए करेगा, जो पिछले लगभग 7 वर्षों से बंद पड़ा हैं। प्लांट्स को चालू करने और वीसीएल प्लांट्स के ऑपरेशंस में सुधार लाने के लिए कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स द्वारा वास्तविक ट्रांसफर की तारीख से 15-18 महीनों में चरणबद्ध निवेश किया जाएगा। उत्पादन शुरू करने की अनुमानित लक्षित तारीख वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही के आसपास है। जयकुमार कृष्णास्वामी, मैनेजिंग डायरेक्टर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि 卐यह सौदा भारतीय सीमेंट इंडस्ट्री में पांचवीं सबसे बड़ी कंपनी के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करता है। यह लॉजिस्टिक को बेहतर बनाने में मदद करेगा, संचालन को सुव्यवस्थित करेगा और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा, जिससे कंपनी को नए बाजारों में बेहतर पहुंच मिलेगी और प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत सप्लाई चेन मिलेगी और हम प्रतिस्पर्धी और प्रभावशाली बिज़नेस माहौल में अपने ग्राहकों को अधिक वैल्यू और बेहतर सेवा प्रदान करने में सक्षम होंगे।

# दो अवैध केमिकल फैक्ट्रियों पर कड़ी कार्रवाई, प्रशासन का सख्त रुख जारी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. महेंद्र खडगावत के निर्देशानुसार प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित केमिकल फैक्ट्रियों पर सख्त कार्रवाई की है। बलाड़ रोड स्थित केमिकल फैक्ट्री में टैंकर रिसाव की घटना के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाते हुए, उपखंड मजिस्ट्रेट ब्यावर के आदेश पर दो अवैध फैक्ट्रियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

तहसीलदार ब्यावर की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम रामपुरा मेवातियान (खसरा नंबर 194, 196) में संचालित महालक्ष्मी ग्रीन एनर्जी फैक्ट्री के संचालक माणकचंद अग्रवाल और ग्राम ठीकराना मेन्द्रातान (खसरा नंबर 970, 974) में स्थित आईस एन होम प्रोडक्ट्स ईकाई के संचालक चंद्रप्रकाश अलरेजा के विरुद्ध धारा 152 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवासीय क्षेत्रों में अवैध एवं खतरनाक रासायनिक उद्योगों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही, आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी अवैध रासायनिक गतिविधि की सूचना प्रशासन को दें, ताकि जनसुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी उद्योग को बख्शा नहीं जाएगा और नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।टीम तहसीलदार , नायब तहसीलदार राजेंद्र राणा , गिरदावर लोकेश कुरडिया , पटवारी गोपाल गुर्जर, अजय सिंह एवं मनोज भाटी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

बढ़ता राजस्थान


**अजमेर( घनश्याम दास )।** फुलियां कलां थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल हो गया। प्रार्थी हनुमान पिता घीसा गुर्जर निवासी माली खेड़ा (धनोप) ने थाने में रिपोर्ट दी कि मेरा अंकल धन्ना लाल पिता हजारी गुर्जर जो की सुबह घर से धनोप माताजी पैदल दर्शन करने जा रहा था। बीच रास्ते में मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों व्यक्ति घायल हो गए सूचना पर फुलियां कलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को 108 से फुलियां कलां अस्पताल पहुंचाया गया। फुलिया कला थाना अधिकारी माया बैरवा ने बताया कि पैदल चल रहे राहगीर धन्ना लाल गुर्जर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल जोरापुरा (बनेड़ा) निवासी योगेंद्र रावणा राजपूत दुर्घटना में घायल हो गया, जिसे शाहपुरा रेफर किया गया, और वहां से भीलवाड़ा रेफर किया गया जहां उसका इलाज जारी है।

# महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने माँ इच्छापूर्णी दुर्गा मंदिर में किया सत्संग, दुर्गाष्टमी पर होंगे भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर के हरणी महादेव रोड स्थित माँ इच्छापूर्णी दुर्गा माता मंदिर में हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने सत्संग कर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि कलयुग में राम नाम ही सत्य है और यही इस युग से पार पाने का एकमात्र साधन है।

मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि महामंडलेश्वर ने बाबा शेवाराम साहब की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि शास्त्र की रक्षा शस्त्र करता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि घर में शस्त्र, दंड, लट्ठ अथवा भाला अवश्य रखें। सत्संग में राम नाम संकीर्तन किया गया और सारी सार-संगत ने महामंडलेश्वर जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्रह्मचारी इंद्रदेव व सिद्धार्थ द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। मंदिर की पारो बहन ने जानकारी दी कि दुर्गाष्टमी पर्व पर 5 अप्रैल 2025, शनिवार को भव्य आयोजन होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5.15 बजे महाआरती से होगी, इसके बाद प्रातः 6.00 बजे माता की चौकी (गद्दी), सुबह 9.15 बजे हवन, दोपहर 12.00 बजे मध्यान आरती, दोपहर 12.15 बजे भोग एवं 108 कन्या पूजन और 12.30 बजे से माँ का लंगर आम भंडारा आयोजित किया जाएगा। शाम 7.15 बजे सायंकाल आरती और रात्रि 10.00 बजे अष्टमी जागरण होगा। माता की चौकी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा से किया जाएगा। इस सत्संग कार्यक्रम में गंगाराम पेशवानी, पीताम्बर आसनानी, कविता दीदी, भगवती दीदी, मुस्कान जगत्यानी, रूपा, राम आसनानी, राजू लछवानी, ज्योति आसनानी, कन्हैया जगत्यानी, इंद्र कुमार अवतानी, चंद्रप्रकाश आसनानी, दीपक खूबवानी सहित जय माँ परिवार व हँसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।



# गौशाला संचालकों, पालकों व रक्षकों को नवाचार के साथ आत्मनिर्भरता की तरफ अग्रसर होना होगा-उत्तम माहेश्वरी

## प्राकृतिक कृषि, गौ पालन, जल सरंक्षण, गौ संवर्धन, चारागाह विकास, पर्यावरण जागरूकता से होंगे लाभ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** विधायक कार्यालय पर गौशाला संचालकों, पालकों रक्षकों की बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम भारत माता की तस्वीर पर गोवत्स लाल जी महाराज, पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड व अतिथिगणों ने माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, बैठक में मुख्य मार्गदर्शन उत्तम माहेश्वरी मुंबई गौ वैज्ञानिक ने दिया। जिसमें गौशालाओं के संचालन, गौवंश की देखभाल, और गौ-संवर्धन से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन मिला तथा गौवंश के लिए पौष्टिक आहार, उचित आवास की व्यवस्था, गौशालाओं के वित्तीय प्रबंधन, धन जुटाने के तरीकों और गौशालाओं के विकास में नवाचार देते हुए मार्गदर्शन दिया।

सरोज देवी फाउंडेशन (आरसीएम) के संरक्षक तिलोक चन्द छाबड़ा के ग्राम विकास के मिशन के अंतर्गत सत्यम शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक कृषि, गौ पालन एवं गौ संवर्धन, जल संरक्षण, चारागाह विकास एवं पर्यावरण जागरूकता आदि गतिविधियों हेतु दिसंबर 2024 में 600 से अधिक किसानों की दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला आयोजित की गई थी, जिसका अनुभव बहुत ही सकारात्मक एवं लाभदायक रहा। पुनः 29 से 31 अगस्त 2025 में तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला आयोजित करने की योजना है। बैठक को राष्ट्रीय गौ सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल बांगड़, गौ सासंद बहादुर सिंह, श्री गौसेवा मित्र मंडल के अध्यक्ष अमन शर्मा, सुरभि गौशाला के विवेक निमावत, वरिष्ठ समाजसेविका दीदी निरंजना सोनी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अध्यक्ष गोपाल बांगड़ ने कहा कि, पूर्व में सिर्फ 13 गौशालाएं अनुदान के लिए स्वीकृत थी, अभी हमने परिश्रम कर वर्तमान में 38 गौशालाओं को अनुदान की पात्रता में ले लिए गया है तथा भविष्य में अतिशीघ्र 51 गौशालाओं को अनुदान मिलेगा। संचालन बाबूलाल टाक ने किया। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी के निर्देशानुसार गौशाला संचालकों, पालकों व रक्षकों को सेवा करने में आ रही किसी भी प्रकार की परेशानी, कानूनी सलाह, कानूनी कार्य के लिए एडवोकेट विजय सोनी हमेशा अपनी सेवाएं निःशुल्क दें रहे है। वहीं प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्य के लिए



एडवोकेट अर्पित कोठारी भी अपनी सेवाएं निरंतर दें रहे है। बैठक के समापन से पूर्व ससंद के दोनों सदनों में वक्फ संसोधन बिल प्रस्तावित होने पर दुनिया के लोकप्रिय नेता व भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पूरी टीम का आभार धन्यवाद व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मुंह मीठा करवाकर भावों के साथ बधाई शुभकामनाएं देते हुए भीलवाड़ा से आई आवाज मोदी को जय श्री राम के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

इस बैठक में मेघरास से श्री शिव गौ सेवा के रामस्वरूप, रघुनाथपुरा से श्री नीलकंठ महादेव गौशाला के चंद्रप्रकाश, लुहारिया से मनमोहन गौसेवा ट्रस्ट के भैरुलाल पांचाल, बागोर से श्री कृष्ण गोपाल गौशाला के राकेश, लाडपुरा से श्री सांवरिया गौशाला के चांदमल, सिंगोली से चारभुजा नाथ सिंगोली श्याम गौ सेवा संस्थान के हरि शंकर, महुआ से श्री राम गौशाला संस्थान के राजकुमार धाकड़, मांडलगढ़ से श्री माँ भगवती गौशाला के छगनलाल भांड, बिजौलिया से श्री तिलस्वा नाथ गौशाला के छित्तर मल, कामधेनु गौशाला के ओमप्रकाश काबरा, आमली से बजरंग गौशाला के किशन लाल, सुवाणा से श्री मातेश्वरी गौ सेवा के प्रकाश चपलोत, रोंपा से श्री देवनारायण गौशाला के सत्यनारायण, भीलवाड़ा सांगानेरी गेट गोपाल गौशाला के संचालक के साथ ही श्री गौ सेवा मित्र मंडल के सुनील शर्मा, शुभम सोनी, अनिल सोनी, शुभांशु जैन, हीरा कटवाल, लक्ष्मण, महादेव, गौरक्षक नंदलाल गुर्जर, लक्की पांडे, सहित बड़ी संख्या में गौ रक्षक उपस्थित थे।

# आर पी एस कॉलोनी निवासी वृद्ध मां एवं नेत्रहीन अपाहिज बेटे के कच्चे घर की टूटी छत बनवाई

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( संजय जैन )।** नगर की आर पी एस कॉलोनी में कई वर्षों से एक ऐसा परिवार टूटे हुए कच्चे घर में रह रहा है जिनके आगे पीछे न तो कोई कमाने वाला हैं और न ही कोई देखभाल करने वाला।

जानकारी देते हुए पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि मां बेटे की हालत बहुत ही दयनीय है मां वृद्ध होने के साथ ही अपने पैर से परेशान हैं और बेटा नेत्रहीन होने के साथ ही पैरों से भी लाचार है बेटे की आंखों की रोशनी एवम् हथेली पर लकीरें नहीं होने के कारण आधार कार्ड नहीं बन सकता कई बार कोशिश की गई एडीएम, एस डी एम साहब की गाड़ी से कोटा आकाश मॉल स्थित आधार सेंटर भी भिजवाया गया परंतु निराशा ही हाथ लगी दोनों मां बेटा पड़ोसियों एवम् रावतभाटा के मददगारों के भरोसे जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं पार्षद गिरी को इनकी दयनीय स्थिति की खबर प्राप्त होने पर एक महीने का राशन एवम् गैस सिलेंडर की टंकी भरवाने का इंतजाम स्मार्ट किड्स ग्रुप के सदस्यों की मदद से करवाया एवम् उनके कच्चे घर की जर्जर हालत एवम् टूटी हुई टीन शेड की छत को देख कर नई टीन शेड की छत बनवाने का फैसला किया समाज



सेवी गोविंद गुप्ता के साथ मिलकर कुछ मददगारों की मदद से कच्चे घर के दोनों हिस्से की छत पर पाईप पर लोहे का फ्रेम बनवाकर टीन शेड वेल्डिंग वालों की मदद से लगवाई कुछ जगह पर दीवार की भी मरम्मत की गई। छत तैयार होने पर मां बेटे ने खुशी जताई। पार्षद मनीष गिरी एवं गोविंद गुप्ता ने बताया कि यह परिवार स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से तालुक रखता है इनके पास प्रमाण पत्र होने के बावजूद इतने वर्षों से इतनी दयनीय स्थिति ने जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं जिसपर इतने वर्षों में प्रशासन एवम् सरकार का कैसे ध्यान नहीं गया यह भी बहुत चिंता का विषय है।

पार्षद मनीष गिरी एवं समाज सेवी गोविंद गुप्ता ने संयोगकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया एवं प्रशासन एवं सरकार से विनती करते हुए कहा कि गरीब स्वतंत्रता सेनानी के परिवार की छत जन सहयोग से बन गई अब किसी तरह इनका आधार कार्ड एवम् बनवाने एवं सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य योजनाओं का लाभ इन तक पहुंचने में मदद करने की कृपा करे।

# सात साल से फरार एनडीपीएस एक्ट का वांछित आरोपी श्यामलाल भीलवाड़ा पुलिस की गिरफ्त में



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** थाना आसीन्द के प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में वांछित फरार मुख्य आरोपी श्यामलाल पुत्र घेवरराम विश्नोई, निवासी हाणिया, पुलिस थाना ओसियां, जिला जोधपुर ग्रामीण को जिला विशेष टीम भीलवाड़ा द्वारा गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कई वर्षों से फरार था और विभिन्न राज्यों में पहचान छुपाकर लगातार स्थान बदलते हुए रह रहा था। जिला विशेष टीम भीलवाड़ा ने लगातार निगरानी रखते हुए विभिन्न सूचनाओं का विश्लेषण किया और समन्वय स्थापित कर आरोपी का पीछा करते हुए उसे डिटेन किया। आरोपी पिछले सात वर्षों से अपने परिचितों और पारिवारिक जनों से संपर्क तोड़कर फरारी काट रहा था। इस गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा 25,000 का ईनाम घोषित किया गया था।

इस कार्रवाई में पुलिस टीम में शामिल अधिकारी व जवानों में थाना आसीन्द के उप निरीक्षक हंसपाल सिंह, डीएसटी भीलवाड़ा के उप निरीक्षक महेन्द्र मीणा, साइबर सेल के हैड कांस्टेबल सत्यनारायण, डीएसटी प्रभारी हैड कांस्टेबल करण सिंह जिनका विशेष योगदान रहा, डीएसटी के कांस्टेबल धीरज शर्मा, ऋषिकेश, अमृत सिंह, थाना आसीन्द से कांस्टेबल महेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, मूल सिंह, साइबर सेल से कांस्टेबल पिन्टू कुमार शामिल रहे।

इस अभियान में सहयोग देने वाली टीम में डीएसटी बाड़मेर के सीआई सुमेर सिंह अपनी टीम सहित, हैड कांस्टेबल प्रेमाराम तथा थाना कोतवाली बाड़मेर से कांस्टेबल प्रकाश शामिल रहे। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त श्यामलाल पुत्र घेवरराम विश्नोई, निवासी हाणिया, थाना ओसियां, जिला जोधपुर ग्रामीण है, जो पिछले सात वर्षों से फरार था और अब उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।

# घोडी दाने पर दांव लगा जुआं खेलते हुए 22 व्यक्ति गिरफ्तार, जुआ राशि 65720 रूपये व 6 घोडीदाना जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने शहर में जुआं सट्टा के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए कसाई मोहल्ला में एकत्रित होकर घोड़ी दाना पर दांव लगाकर जुआं खेल रहे 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ राशि 65720 रूपये व 6 घोडीदाना जब्त किये हैं।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि निम्बाहेड़ा शहर में जुआ सटटा की धरपकड़ कार्यवाही हेतू एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह के निर्देशन एंव डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपर विजन में गुरुवार को थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहैडा राम सुमेर मीणा पुलिस निरीक्षक व पुलिस जाप्ता एएसआई नवलराम, देवेन्द्र सिंह व सूरज कुमार, हैड कानि. हरविन्दर सिंह, कानि. रामकेश, सुभाष, शिशपाल,



ज्ञानप्रकाश, जगदीश, वीरेन्द्र, हेमन्त कुमार, रणजीत, महिला कानि. राजबाला, इन्द्रा कुमार, स्नेहलता व माधुरी द्वारा लोकल एवम स्पेशल एक्ट की कार्यवाही हेतु थाना कोतवाली निम्बाहेडा से रवाना हुए। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग बडा कसाई मौहल्ला निम्बाहेडा निवासी सद्दीक भाई पुत्र मुनीर खान के मकान के पास घोडी दाना पर दाव लगा जुआ सटटा खेल रहे है। जिस पर रामसुमेर पु नि थानाधिकारी मय जाप्ता द्वारा तुरन्त पहुच कर जुआ सटटा खेलने वाले कुल 22 व्यक्तियो को गिरफतार कर जुआ राशि 65720 रूपये व 6 घोडी दाना को जब्त किया जाकर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

# श्रीगणेश चौकी मंडल कादेड़ा की कार्यकारिणी घोषित



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के कादेड़ा भारतीय जनता पार्टी श्रीगणेश चौकी मंडल कादेड़ा की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। भाजपा श्रीगणेश चौकी मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष गजराज कीर ने यह घोषणा पार्टी के अजमेर देहात जिलाध्यक्ष एडवोकेट जीतमल प्रजापत की अनुमति एवं क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम की अनुशंसा से की। गजराज कीर ने बताया कि यह कार्यकारिणी संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करेगी और जनसेवा के। साथ-साथ आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी।उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए टीम भावना से कार्य करने का आह्वान किया।

## घोषित पदाधिकारी इस प्रकार हैं

गजराज कीर अध्यक्ष, हेमन्त छीपा, धर्मीचंद रेगर, स्वाति जैन, इन्द्रा गुर्जर, पाबूदान नायक, नरसिंह मीणा, उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। महामंत्री पद पर दीपक कुमार मून्दडा और विनोद कुमार छीपा को दायित्व मिला है। मंत्री पद पर सीमा देवी खटीक, इन्द्रा देवी दरोगा, प्रियंका शर्मा, बनवारी जाट, हरिराम गुर्जर, ओमप्रकाश योगी को नियुक्त किया गया है। कैलाशचंद मेघवंशी कोषाध्यक्ष, सूरज वैष्णव आईटी संयोजक, शिवराज गुर्जर मीडिया संयोजक, प्रभुलाल कुम्हार कार्यालय मंत्री एवं महेंद्र कुमार जैन प्रचार मंत्री नियुक्त किए गए हैं।

# जाल का खेडा ग्राम पंचायत का होगा गठन,विधायक गोपाल लाल शर्मा ने ग्रामवासियों की मौजूदगी में भगवान श्री देवनारायण मंदिर प्रांगण में की आधिकारिक घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** दास काछोला के राजगढ़ ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम जाल का खेडा को पंचायत बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार को मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा ग्रामवासियों के आग्रह पर जाल का खेडा देव नारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित ग्राम सभा में पहुंचे। ग्राम जाल का खेडा मे विधायक के आने की सूचना से ग्रामवासियों सहित आसपास के गावों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

जाल का खेडा मे विधायक गोपाल लाल शर्मा का रेगर समाज और गुर्जर समाज सहित सर्व समाज ने भव्य पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत सत्कार किया और साफा बंधवा कर अभिनन्दन किया। ग्रामवासियों की पंचायत बनाने की मांग को जनभावनाओं से जुड़ा होने के कारण विधायक गोपाल लाल शर्मा ने कहा कि आने वाले सीआर,डीआर, विधानसभा लोकसभा चुनावो में सभी पूर्ण समर्थन से भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करेंगे। इस पर सभी ग्रामवासियों ने एक स्वर में हाथ खड़े करके आश्वस्त किया कि जाल का खेडा ग्राम पंचायत गठन होते ही भव्य स्वागत और धन्यवाद समारोह ग्राम जाल का खेड़ा मे आयोजित किया जाएगा।और विधायक साहब के आदेशों को शत प्रतिशत अमल लिया जाएगा इस दौरान एक स्वर में पार्टी को समर्थन किया जाएगा।

सीआर प्रतिनिधि भैरूलाल गुर्जर और राजगढ़ सरपंच शिव कुमार गुर्जर के नेतृत्व में मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा को एक स्वर में आश्वस्त किया कि जाल का खेडा पंचायत गठन होते ही हम सभी जनप्रतिनिधि विधायक साहब को आगामी चुनावो में तन मन धन से मजबूत करेंगे और भगवान श्री देव नारायण का संकल्प लेकर आश्वस्त करते हैं कि हम हमारी सहमति पर पूर्ण रूप से अटल रहेंगे और साथ ही आग्रह किया कि आप भी किसी परिस्थितियों में जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ नही करेंगे और जालकाखेड़ा गांव को ग्राम पंचायत का सुनहरा तोहफा देंगे।

ग्राम सभा के दौरान राजगढ़ सरपंच शिवकुमार गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भैरूलाल गुर्जर, विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी,पूर्व सरपंच



लादूलाल गुर्जर,भाजपा नेता बजरंग लाल मंत्री,गोवर्धन वैष्णव, पुजारी रावता गुर्जर,भोजालाल गुर्जर, वार्डपंच सोजीराम गुर्जर,अध्यापक राजमल रेगर,घीसुलाल गुर्जर, नंदलाल गुर्जर,सोजीराम गुर्जर,चांदमल रेगर, लादूलाल धाकड़,भगवान लाल रेगर, अमरालाल रेगर,गोदु लाल रेगर, शिवराज रेगर,रमेश गुर्जर,रामलाल गुर्जर,मोरपाल गुर्जर,परमेश्वर धाकड़, कजोड़मल बलाई सहित सैकड़ो ग्रामवासियों की मौजूदगी में जाल का खेडा को ग्राम पंचायत बनाने की मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा ने भगवान श्री देवनारायण मंदिर प्रांगण जालकाखेड़ा में घोषणा की और आगामी दो दिनों में विभागीय स्तर पर प्रस्ताव बनाकर भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को भेज दिया जाएगा।

# एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का 87 की उम्र में निधन...



## लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर उपकार बनाई, इसी से मिला भारत कुमार नाम

एक्टर मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। वे 87 साल के थे। वे विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान उनकी बेहद कामयाब फिल्में रहीं। मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने एएनआई को बताया, उन्हें लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थीं। यह भगवान की कृपा है कि उन्हें आखिरी समय में ज्यादा परेशानी नहीं हुई, शांतिपूर्वक उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे मुंबई के पवनहंस श्मशान घाट पर होगा। मनोज कुमार काफी समय से लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मनोज कुमार को 7 फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे। पहला फिल्म फेयर 1968 में फिल्म उपकार के लिए मिला था। उपकार ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्म फेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया।

### मोदी ने लिखा- मनोज जी ने राष्ट्रीय गौरव को उभारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी है। पीएम ने एक्स पर लिखा- महान अभिनेता और फिल्म निर्माता श्री मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुख हुआ। वह भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें विशेष रूप से उनकी देशभक्ति के उत्साह के लिए याद किया जाता था, जो उनकी फिल्मों में भी झलकता था। मनोज जी के कार्यों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रज्ज्वलित किया और यह पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

## मां को इलाज नहीं मिला तो 10 साल की उम्र में डॉक्टरों की पिटाई की

मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। 24 जुलाई 1937 को एबटाबाद, ब्रिटिश इंडिया (अब खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान) में उनका जन्म हुआ। एबटाबाद वही जगह है, जहां 2 मई 2011 को अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को मारा था। मनोज कुमार जब 10 साल के थे तब 1947 में उनके छोटे भाई कुक्कू का जन्म हुआ। तबीयत बिगड़ने पर 2 माह के भाई और मां को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था कि तभी दंगे भड़क गए। हर तरफ अफरा-तफरी मची और अस्पताल का स्टाफ जान बचाकर भागने लगा।

जैसे ही सायरन बजता था तो जो डॉक्टर और नर्स बचे हुए थे वो अंडरग्राउंड हो जाया करते थे। ऐसे में सही इलाज ना मिल पाने के चलते मनोज कुमार के 2 माह के भाई ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। मां की हालत भी उस समय गंभीर थी। वो तकलीफ में चिल्लाती रहती थीं, लेकिन कोई डॉक्टर या नर्स उनका इलाज नहीं करता था। एक दिन ये सब देखकर मनोज इस कदर नाराज हुए कि उन्होंने लाठी उठाई और अंडरग्राउंड जाकर डॉक्टर्स और नर्स को पीटना शुरू कर दिया। मनोज तब सिर्फ 10 साल के थे, लेकिन उनसे मां की तकलीफ देखी नहीं जा रही थी। पिता ने उन पर काबू पाया और परिवार ने जान बचाने के लिए पाकिस्तान छोड़ने का फैसला कर लिया।



उनका परिवार जंडियाला शेर खान से पलायन कर दिल्ली पहुंचा। यहां उन्होंने 2 महीने रिफ्यूजी कैंप में बिताए। समय बीता और दंगे कम होने लगे। पूरा परिवार जैसे-तैसे दिल्ली में बस गया, जहां मनोज की पढ़ाई हो सकी। उन्होंने स्कूल के बाद हिंदू कॉलेज से ग्रेजुएशन पूरा किया और नौकरी की तलाश शुरू कर दी। लाइट टेस्टिंग के लिए कैमरे के सामने खड़े किए गए, यहीं से रोल मिला एक दिन मनोज कुमार काम की तलाश में फिल्म स्टूडियो में टहल रहे थे कि उन्हें एक व्यक्ति दिखा। मनोज ने बताया कि वो काम की तलाश कर रहे हैं, तो वो आदमी उन्हें साथ ले गया। उन्हें लाइट और फिल्म शूटिंग में लगने वाले दूसरे सामानों को ढोने का काम मिला। धीरे-धीरे मनोज के काम से खुश होकर उन्हें फिल्मों में सहायक के रूप में काम दिया जाने लगा।

फिल्मों के सेट पर बड़े-बड़े कलाकार अपना शॉट शुरू होने से बस चंद मिनट पहले पहुंचते थे। ऐसे में सेट में हीरो पर पड़ने वाली लाइट चेक करने के लिए मनोज कुमार को हीरो की जगह खड़ा कर दिया जाता था। एक दिन जब लाइट टेस्टिंग के लिए मनोज कुमार हीरो की जगह खड़े हुए थे। लाइट पड़ने पर उनका चेहरा कैमरे में इतना आकर्षक लग रहा था कि एक डायरेक्टर ने उन्हें 1957 में आई फिल्म फैशन में एक छोटा सा रोल दे दिया। रोल छोटा जरूर था, लेकिन मनोज कुछ मिनट की एक्टिंग में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। उसी रोल की बदौलत मनोज कुमार को फिल्म कांच की गुड़िया (1960) में लीड रोल दिया गया। पहली कामयाब फिल्म देने के बाद मनोज ने बैक-टु-बैक रेशमी रुमाल, चांद, बनारसी ठग, गृहस्थी, अपने हुए पराए, वो कौन थी जैसी कई फिल्में दीं। दिलीप कुमार के चलते रखा मनोज नाम बचपन से ही मनोज कुमार, दिलीप कुमार के बड़े प्रशंसक थे। दिलीप साहब की फिल्म शबनम (1949) मनोज कुमार को इतनी पसंद आई थी कि उन्होंने उसे कई बार देखा। फिल्म में दिलीप कुमार का नाम मनोज था। जब मनोज कुमार फिल्मों में आए तो उन्होंने दिलीप कुमार के नाम पर ही अपना नाम भी मनोज कुमार कर लिया।



लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर बनाई थी उपकार 1965 में मनोज कुमार देशभक्ति पर बनी फिल्म शहीद में स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के रोल में नजर आए थे। फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने ऐ वतन, ऐ वतन हमको तेरी कसम, सरफरोशी की तमन्ना और मेरा रंग दे बसंती चोला काफी पसंद किए गए थे।

## मनोज ने विलेन बनने वाले प्राण की इमेज बदल दी

1966 की फिल्म दो बदन में मनोज कुमार ने पहली बार प्राण के साथ काम किया और दोनों दोस्त बन गए। प्राण को तब फिल्मों में निगेटिव रोल मिला करते थे। ऐसे में उनकी छवि बदलने के लिए मनोज कुमार ने उन्हें अपनी फिल्म आह में पॉजिटिव रोल दिया। ये फिल्म फ्लॉप रही और लोगों ने प्राण को नापसंद किया।

मनोज कुमार ने हार नहीं मानी। उसी समय मनोज उपकार फिल्म पर काम कर रहे थे। मनोज ने इस फिल्म में उन्हें मलंग बाबा का रोल देने का फैसला किया। इस सिलसिले में दोनों की मुलाकात हुई।

मनोज कुमार ने प्राण ने कहा- क्या आप मेरी फिल्म में मलंग बाबा का रोल करेंगे? प्राण ने कहा- पंडित जी, लाइए स्क्रिप्ट पढ़ लूं। प्राण, मनोज को पंडितजी कहते थे।

स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद प्राण ने कहा- पंडित, फिल्म की स्क्रिप्ट और मलंग का किरदार दोनों बहुत खूबसूरत हैं, लेकिन एक बार सोच लो, क्योंकि मेरी छवि खूंखार, शराबी, जुआरी और बलात्कारी की है। क्या दर्शक मुझे किसी साधु के रोल में अपना सकेंगे।

इरादों के पक्के मनोज कुमार ने उन्हें वो रोल दिया और शूटिंग शुरू कर दी। प्राण साहब समय के बेहद पाबंद थे। एक दिन वो सेट पर पहुंचे तो मनोज कुमार को लगा कि वे बीमार हैं। उन्होंने पास जाकर पूछा- आपकी तबीयत तो ठीक है ना? जवाब मिला- हां, मैं एकदम फिट हूं। उस दिन दोनों ने एक्शन सीन शूट किए। जब पैकअप हुआ तो फिर मनोज ने गौर किया कि प्राण साहब कुछ ठीक नहीं लग रहे। वो तुरंत मेकअप रूम में पहुंचे और कहा- आप कुछ छिपा रहे हैं। आप आज मुझे ठीक नहीं लग रहे। अगर कुछ बात है तो बताइए।

जवाब में प्राण साहब ने कहा- नहीं कुछ नहीं, दरअसल कल शाम को मेरी बड़ी बहन की अचानक मौत हो गई। उस चक्कर में मैं रातभर सो नहीं पाया। ये सुनकर मनोज कुमार दंग रहे है कि अपनी बड़ी बहन को खोने पर भी वे सेट पर पहुंच गए थे। मनोज ने फिर कहा- अगर ऐसा कुछ था तो आपने मुझे फोन करके बताया क्यों नहीं, मैं आज की शूटिंग कैंसिल कर देता। प्राण ने कहा- अगर मैं बता देता तो तुम शूटिंग कैंसिल कर देते और नुकसान होता।

मनोज ने राज कपूर से कहा था- मेरा नाम जोकर की स्क्रिप्ट कमजोर थी मनोज कुमार और राज कपूर अच्छे दोस्त थे। एक बार जब राज कपूर ने मनोज कुमार के घर कॉल किया तो नौकर ने फोन उठाकर कह दिया कि ये रॉन्ग नंबर है। दरअसल उस समय वो घर पर नहीं थे। राज कपूर इससे नाराज तो हुए, लेकिन कुछ समय बाद दोनों ने बात कर ये गलतफहमी दूर कर ली। जब मनोज कुमार ने अनाउंस किया कि वो उपकार फिल्म से डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे हैं, तो राज कपूर ने उन्हें तीखे शब्दों में सलाह दी। या तो एक्टिंग कर लो या डायरेक्शन, क्योंकि हर कोई राज कपूर नहीं है, जो हर काम एक साथ कर ले। जब उपकार फिल्म जबर्दस्त हिट रही तो राज कपूर ने अपनी बात पर पछतावा करते हुए मनोज कुमार से कहा था, मुझे लगता था कि सिर्फ खुद से कॉम्पिटीशन है, लेकिन अब मुझसे मुकाबला करने के लिए तुम आ गए हो।

# केसरी-2 के टीजर में अक्षय कुमार ने कहे अपशब्द

## सफाई में कहा- गुलाम होना उससे बड़ी गाली, 5 फ्लॉप के बाद हिट कराने की स्ट्रेटजी!

अक्षय कुमार गुरुवार को दिल्ली में केसरी चैप्टर 2 द जलियांवाला बाग हत्याकांड के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ अनन्या पांडे, आर माधवन और करण जौहर नजर आए। इवेंट में अक्षय ने टीजर में अपशब्द बोलने पर बात की।




### अक्षय ने कहा- मैंने कुछ गलत नहीं कहा

अक्षय ने कहा, 'हां मैंने वो शब्द इस्तेमाल किया। लेकिन कमाल की बात यह है कि आपने इसमें केवल शब्द को देखा, यह नहीं देखा कि आप अभी भी गुलाम हैं, वो आपके लिए कोई बड़ी गाली नहीं थी? मुझे लगता है उससे बड़ी गाली नहीं हो सकती। मुझे खुशी होती अगर आपने कहा होता कि उन्होंने उस अपशब्द के बारे में बात करने की जगह गुलाम शब्द का यूज किया। क्योंकि मेरे हिसाब से उस समय अगर उन्होंने बंदूक से गोली भी चलाई होती तो उसका कोई मतलब नहीं था।'

### टीजर में गलत शब्दों का यूज किया

फिल्म के केसरी चैप्टर 2 में जलियांवाला बाग हत्याकांड की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में अक्षय एक वकील की भूमिका में हैं, जो एक ब्रिटिश जज की अध्यक्षता वाली अदालत में हैं। टीजर में जज उन्हें अदालत के अंदर कहते हुए दिखाई देते हैं, 'मत भूलो कि तुम अभी भी ब्रिटिश साम्राज्य के गुलाम हो।' इस पर अक्षय जवाब देते हुए अपशब्द का यूज करते नजर आ रहे हैं। उन शब्दों का इस्तेमाल हम इस खबर में नहीं कर सकते।

### फिल्म को हिट कराने के लिए यूज किए ऐसे शब्द

केसरी चैप्टर 2 द जलियांवाला बाग हत्याकांड का टीजर 24 मार्च को रिलीज हुआ था। टीजर रिलीज होने के बाद से ही कई सवाल उठ रहे थे। कुछ लोगों का कहना है कि फिल्म को हिट कराने के लिए अक्षय को इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल और प्रमोशन करना पड़ रहा है। अक्षय कुमार की हाल ही में आई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं की। एक्टर की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई।

### फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

बता दें, करण सिंह त्यागी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2019 की फिल्म केसरी का सीक्वल है। जिसमें सारागढ़ी की लड़ाई की घटनाओं को दिखाया गया था। करण जौहर, हीरू यश जौहर, अरुणा भाटिया और अदार पूनावाला द्वारा निर्मित इस फिल्म में अक्षय कुमार- सी. शंकरन नायर, आर. माधवन- नेविल मैककिनले और अनन्या पांडे- दिलरीत गिल की मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### सिकंदर में सलमान और रश्मिका की उम्र में 31 साल के अंतर पर बोलीं अमीषा पटेल- फिल्म चल जाती है तो सब माफ

सलमान खान की हालिया फिल्म सिकंदर में भाईजान और रश्मिका मंदाना की उम्र के फर्क को संभवत: हर किसी ने नोटिस किया है। अब अमीषा पटेल ने भी सिकंदर में सलमान खान और रश्मिका मंदाना के बीच उम्र के बड़े अंतर पर अपनी बातें रखी हैं। आईएएनएस से बातचीत के दौरान अमीषा ने दोनों के उम्र की फर्क पर बातें करते हुए खुद की और सनी देओल के उम्र के फर्क का उदाहरण दिया। अमीषा पटेल ने कहा, मेरी और सनी जी (सनी देओल) की उम्र में भी काफी अंतर है... 20 साल से ज्यादा, लेकिन जब फिल्म चल जाती है, तो सब कुछ माफ हो जाता है।

### अमीषा और सनी की उम्र में 18 साल का अंतर

याद दिला दें कि अमीषा ने सनी देओल के साथ दो बार गदर: एक प्रेम कथा और गदर 2 में काम किया है। ये दोनों ही फिल्में टिकट काउंटर पर खूब सफल रहीं। यहां यह बात ध्यान देने वाली ये है कि अमीषा और सनी की उम्र में 18 साल का अंतर है।

### रश्मिका से अपनी उम्र के फर्क पर बोले थे सलमान

इस बीच, सिकंदर के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बात करते हुए सलमान ने उनसे छोटी एक्ट्रेसेस के बीच उम्र के बड़े अंतर के बारे में बातें की थी। फिल्म इंडस्ट्री में हो रहे बदलावों पर अपने विचार रखते हुए सलमान ने अपने खास अंदाज में कहा था कि मेरे और हिरोइन के बीच 31 साल का अंतर है। हिरोइन को इससे समस्या नहीं है, हिरोइन के पिता को इससे समस्या नहीं है। इसके बाद, उन्होंने रश्मिका की ओर मुड़कर पूछा था कि आपको ये समस्या नहीं है, है ना?

### सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर जादू चलाने में नाकाम

बॉलीवुड में बड़ी उम्र के हीरो का अपनी उम्र से कम उम्र की हिरोइनों के साथ रोमांस करना कोई असामान्य बात नहीं है। एआर मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी सिकंदर की बात करें तो यह एक्शन थ्रिलर 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। इतनी चर्चा के बावजूद सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर असर नहीं छोड़ पाई।

# बिग बॉस के बाद पहली बार साथ नजर आए ईशा-अविनाश

## सॉन्ग काला शा काला में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री, बोले- सिंगल टेक में शूट हुआ गाना

बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट्स अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह की दोस्ती तो फैंस के बीच काफी चर्चित रही है, लेकिन अब दोनों का साथ में पहला गाना काला शा काला रिलीज हो चुका है। इस गाने में दोनों की जबरदस्त परफॉर्मेंस और शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।

**आपने अपने नए गाने में ईशा और अविनाश को क्यों कास्ट किया और जब उन्हें इसके बारे में पता चला, तो रिएक्शन कैसा था?**

जवाब/रामजी- मैं भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं कि इस गाने में ईशा और अविनाश हैं। मेरे ख्याल से इनसे बेहतर इस गाने को कोई और नहीं कर सकता था। इनके फैंस इन्हें साथ में काफी पसंद करते हैं और यह उनका पहला प्रोजेक्ट है। इनके साथ काम करके मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं खुद इनके साथ काम करने के लिए काफी एक्साइटेड था। खास बात यह है कि मुझे हर शॉट एक ही टेक में मिल गया। इन दोनों से मुझे पूरी तरह से फैमिली जैसा एहसास होता है।

**बिग बॉस के बाद आपने पहली बार साथ में काम किया। क्या कोई मुश्किलें आईं या सब कुछ आसान था?**


अविनाश- सच कहूं तो, यह इतना आसान नहीं था। हां, पाजी (रामजी) के साथ काम करना आसान था, लेकिन ईशा के साथ थोड़ी मुश्किलें आईं। जब आप किसी को-स्टार के साथ काम करते हैं, तो एक फॉर्मलिटी होती है। लेकिन बिग बॉस के बाद हमारा कनेक्शन इतना गहरा हो गया है कि ईशा मुझे तंग करती रहती हैं, 'ऐसा करो, वैसा करो!। हम को-एक्टर के तौर पर नहीं बल्कि एक-दूसरे को तंग करते हुए काम करते हैं, जिससे साथ में काम करने में बहुत मजा आता है।



**दुबई आपकी लकी डेस्टिनेशन रही है, जहां आपने अधिकतर गाने शूट किए हैं। लेकिन इस बार लोकेशन बदलने की कोई खास वजह?**

रामजी- पहले हम इस गाने की शूटिंग आर्मेनिया में करना चाहते थे, लेकिन मौसम की वजह से ऐसा नहीं हो सका। मैं चाहता था कि यह वीडियो बिल्कुल फ्रेश लगे और हम ऐसी लोकेशन पर शूट करें, जहां पहले कभी शूटिंग न हुई हो। इस बारे में मैंने यश जी से भी बात की थी कि मैं काफी समय बाद कोई गाना कर रहा हूं और जोड़ी भी नई है, तो मैं इसे एक नए और हट के तरीके से करना चाहता था। उसी सोच को ध्यान में रखते हुए फिर हमने इस गाने की शूटिंग थाईलैंड में की। इस दौरान हमें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, क्योंकि वहां बहुत गर्मी थी। कुछ गाने की शूटिंग बैंकॉक और पटाया में भी हुई।

यदि आप धीरे चलकर नहीं रुक रहे हैं तो यकीन मानिए आप सबसे तेज चल रहे हैं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# जयपुर सीरियल ब्लास्ट में जिंदा बम मामले में 4-आतंकी दोषी

## 8 अप्रैल को सजा सुनाई जाएगी; 8 मामलों में हाईकोर्ट से हो चुके बरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में करीब 17 साल पहले हुए सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान चांदपोल के रामचंद्र मंदिर के पास मिले जिंदा बम मामले में अदालत ने चार आतंकियों को दोषी ठहराया है। जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत में जज रमेश कुमार जोशी जिंदा बम प्लांट करने के मामले में चारों आतंकियों को लेकर फैसला मंगलवार, 8 अप्रैल को सुनाएंगे। अदालत ने जिंदा बम केस में सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को दोषी ठहराया है।

इनमें शाहबाज को छोड़कर अन्य को सीरियल ब्लास्ट के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इन्हें बरी कर दिया था। फांसी की सजा के मामले में राज्य सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। 13 मई को 2008 को जयपुर में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, नौंवा बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे डिफ्यूज कर दिया गया था। चारों आतंकियों को इंडियन पेनल कोड की 4 धाराओं, अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) की दो, विस्फोटक पदार्थ कानून की 3 धाराओं में दोषी ठहराया गया है। इन धाराओं में अधिकतम आजीवन कारावास का प्रावधान है। एटीएस ने जिंदा बम मामले में इन सभी आरोपियों को 25 दिसंबर 2019 को जेल से गिरफ्तार कर लिया था। एटीएस ने जिंदा बम मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की थी। इसमें एटीएस ने तीन नए गवाह शामिल किए थे। सुनवाई के दौरान एटीएस ने पत्रकार प्रशांत टंडन, पूर्व एडीजी अरविंद कुमार और साइकिल कसने वाले दिनेश महावर सहित कुल 112 गवाहों के बयान दर्ज करवाए थे।



### आरोपियों ने कहा था- पुलिस तय नहीं कर पाई कि मंदिर के सामने साइकिल किसने रखी

आरोपियों की ओर से वकील मिन्हाजुल हक ने बताया- बचाव पक्ष की ओर से किसी भी गवाह के बयान दर्ज नहीं करवाए गए। उन्होंने कहा- इस मामले और पूर्व में ब्लास्ट के 8 मामलों के तथ्य समान हैं। इन्हीं समान तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट आरोपियों को बरी कर चुका है। इस मामले में भी अभियोजन पक्ष यह पता नहीं कर पाया कि मंदिर के सामने साइकिल किसने रखी थी।

### दो आरोपी जमानत पर थे, दो जेल में

जिंदा बम मामले में जिन चार आरोपियों को दोषी ठहराया गया है, उनमें से दो आरोपी सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ जयपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। वहीं, मोहम्मद सरवर आजमी और आरोपी शाहबाज अहमद जमानत पर बाहर थे, जिनको कोर्ट के फैसले के बाद पुलिस ने कस्टडी में ले लिया।

मुख्यमंत्री ने ली भर्ती परीक्षाओं की समीक्षा बैठक

# युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी भर्तियों को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से नियत समय में पूरा कराने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सवा साल के अल्प कार्यकाल में ही 5 रोजगार मेलों का आयोजन कर अब तक 67 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दे चुकी है। भविष्य में हर तीन माह में ऐसे मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति का तोहफा दिया जाएगा।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर लंबित एवं प्रक्रियाधीन भर्तियों की स्थिति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में 1 लाख 88 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती विज्ञापन जारी करने, परीक्षा आयोजित करने, परिणाम घोषित करने तथा दस्तावेजों की जांच करने संबंधी सभी प्रक्रियाओं को निर्बाध गति से पूरा करने के लिए अतिरिक्त संसाधन और कार्मिक लगाकर शीघ्र से शीघ्र नियुक्तियां प्रदान की जाए।

न्यायालय में लंबित लगभग 9 हजार 800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ी

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने लंबे समय से न्यायालय में लंबित लगभग 9 हजार 800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को प्रभावी पैरवी करवाकर आगे बढ़ाया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित अन्य भर्ती प्रकरणों का भी विधिवत परीक्षण करवाकर उनका शीघ्र निस्तारण करवाया जाए, जिससे राज्य के युवाओं के रोजगार का इंतजार जल्द से जल्द खत्म हो सके।

### आगामी वर्षों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर करें भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। मानव संसाधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि सभी विभाग आगामी वर्षों की आवश्यकता तथा भविष्य में खाली होने वाले पदों को ध्यान में रखकर भर्तियां आयोजित करें। उन्होंने इन भर्तियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए सभी विभागों को मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए।

### समयबद्ध रूप से आयोजित हो भर्ती परीक्षाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में यह आवश्यक है कि जनता का अपने जनप्रतिनिधियों पर विश्वास मजबूत हो। हमारे संकल्प पत्र में की गई सभी घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने यहां रिक्त पदों पर समयबद्ध रूप से भर्ती करें। श्री शर्मा ने कहा कि एक जैसे पदों के लिए अलग-अलग विभागों में अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं का आयोजन होने से अतिरिक्त समय, संसाधन और श्रम लगता है। इसे देखते हुए समान पदों के लिए समान पात्रता लागू करने के लिए नियमों में एकरूपता लायी जाए।

श्री शर्मा ने नवगठित जिलों में भी पद सृजित कर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़ी भर्ती परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों की कमी की समस्या को दूर करने के लिए अनुपयोगी कॉलेज भवनों को परीक्षा केन्द्र में परिवर्तित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन श्री अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त श्री अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन श्रीमती अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) श्री शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता श्री कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह श्री आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग श्री प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी श्री भास्कर ए सावंत, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) श्री आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, आरपीएससी एवं आरएसएसबी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर बच्चों के बैन की याचिका खारिज

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मामला हमारे दायरे से बाहर, संसद से कानून बनाने को कहें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर काननी प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा- यह नीतिगत मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। यह हमारे दायरे से बाहर है। हालांकि कोर्ट ने अन्य अथॉरिटी के सामने अपील करने की छूट दी है। पीठ ने कहा कि आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार अपील की जा सकती है।

बायोमेट्रिक वैरिफिकेशन सिस्टम बनाने की मांग जेप फाउंडेशन की याचिका में केंद्र सरकार और अन्य अथॉरिटी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुंच को रेगुलेट करने के लिए बायोमेट्रिक वैरिफिकेशन जैसा एज वैरिफिकेशन सिस्टम शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके अलावा बाल संरक्षण नियमों का पालन करने में असफल रहने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई थी।



### डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियमों का ड्राफ्ट तैयार

अब 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया पर अकाउंट खोलने के लिए अपने पेरेंट्स की सहमति लेना जरूरी होगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट , 2023 के तहत नियमों का ड्राफ्ट तैयार किया है। इस ड्राफ्ट को लोगों के लिए 3 जनवरी को जारी किया गया था। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने नोटिफिकेशन में कहा कि लोग Mygov.in पर जाकर इस ड्राफ्ट को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

# राजस्थान में आंधी-बारिश, अलवर-जयपुर में बदला मौसम

## गर्मी के तेवर शुरू, अब पश्चिमी राजस्थान में लू चलने की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से पूर्वी राजस्थान के जिलों में मौसम बदल गया। जयपुर, अलवर, भरतपुर, झुंझुनूं के एरिया में देर शाम आसमान में बादल छाए और कई जगह तेज हवा चली। अलवर, झुंझुनूं के एरिया में कुल स्थानों पर हल्की बारिश हुई। दूसरी पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर के एरिया में कल गर्मी तेज हो गई। इन शहरों में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में आज से फिर मौसम साफ होने और 6 अप्रैल से हीटवेव की आशंका जताई है। पिछले 24 घंटे का मौसम देखे तो राज्य में दोपहर तक आसमान साफ रहा और धूप तेज रही। पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर में पारा क्रमशः 42.4 और 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में दिन में तेज धूप के कारण गर्मी तेज रही। यहां कल अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। लेकिन दोपहर बाद जयपुर के मौसम में बदलाव हुआ। यहां शाम को आसमान में बादल छा गए और रात होने के साथ ही हल्की ठंडी हवा चली।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# अमेरिका में ईमेल भेज सैकड़ों विदेशी छात्रों का वीजा रद्द

## एआई से कैंपस एक्टिविस्ट्स की पहचान कर रही सरकार, देश छोड़ने के आदेश

बढ़ता राजस्थान

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका में पढ़ने वाले सैकड़ों विदेशी छात्रों को उनका एफ-1 वीजा यानी स्टूडेंट वीजा रद्द होने का अचानक ईमेल मिला है। यह मेल अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से मार्च के आखिरी हफ्ते में भेजा गया है। यह ई-मेल उन छात्रों को भेजा गया है, जो कैंपस एक्टिविज्म यानी कैंपस में होने वाले प्रदर्शनों में शामिल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक उन छात्रों को भी ऐसे मेल भेजे गए हैं, जो भले ही कैंपस एक्टिविज्म में शामिल नहीं थे, लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर 'इजराइल विरोधी' पोस्ट को शेयर, लाइक या फिर कमेंट किया। मेल में कहा गया है कि छात्रों के एफ-1 वीजा रद्द कर दिए गए हैं। छात्रों से खुद को डिपोर्ट करने यानी अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया है।

ऐसा न करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी भी दी गई है। अमेरिकी सरकार 'कैच एंड रिवोक' ऐप की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं।




### ई-मेल में चेतावनी- देश छोड़ दें, वरना हिरासत में लिया जाएगा

यह मेल कई यूनिवर्सिटी के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हार्वर्ड, कोलंबिया, येल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं। हालांकि, कितनी यूनिवर्सिटीज के कितने छात्रों को यह मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईमेल में छात्रों से कहा गया कि उनका एफ-1 वीजा अमेरिका के इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट की धारा 221 के तहत रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमेरिका में रहते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है। ईमेल में यह भी बताया गया है कि छात्रों को उनके गृह देशों के अलावा दूसरे देशों में भी भेजा जा सकता है। इसलिए बेहतर है कि छात्र खुद से अमेरिका छोड़ दें।

### छात्रों को वीजा का इस्तेमाल न करने की चेतावनी मिली

ईमेल में कहा गया है कि अगर आप भविष्य में अमेरिका की यात्रा करने का इरादा रखते हैं तो आपको दूसरे अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद आपके आवेदन पर फैसला किया जाएगा। इसमें छात्रों को रद्द कर दिए गए वीजा का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि उन्हें अमेरिका छोड़ते वक्त दूतावास में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। अब तक कितने छात्रों ने अमेरिका छोड़ा है, इसकी जानकारी नहीं है। कई छात्र बिना औपचारिक डिपोर्टेशन के खुद से देश छोड़ रहे हैं तो कुछ ने कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ भारतीय छात्रों को भी मेल भेजे गए हैं। इंडिया टुडे के मुताबिक भारतीय छात्रों को हमास के समर्थन वाले कुछ सोशल मीडिया पोस्ट लाइक करने की वजह से ई-मेल मिले हैं। हालांकि, इनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।

**अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- यूनिवर्सिटी में हंगामा मचाने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे-** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एफ-1 वीजा रद्द करने वाले ईमेल को लेकर कहा कि 300 से ज्यादा छात्रों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं। यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। हम हर दिन ऐसा कर रहे हैं। हर बार जब मुझे कोई 'सिरफिरा' मिलता है, मैं उसका वीजा रद्द कर देता हूं। रुबियो ने कहा कि इन छात्रों को अमेरिका पढ़ने के लिए आने दिया गया है, न कि कैंपस एक्टिविज्म में शामिल होकर हमारी यूनिवर्सिटीज को बर्बाद करने। अगर आप वीजा लेकर यहां आते हैं और ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं तो आपका वीजा छीन लिया जाएगा। रुबियो ने कहा कि वीजा कोई जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है। अगर कोई हमारे देश आता है और अराजकता फैलाता है तो उसे यहां से जाना होगा। हम ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं करेंगे, जो हमारी यूनिवर्सिटीज में उत्पात मचाते हैं।